नई दिल्ली, बुधवार 21 जनवरी 2026 ■ माघ मास शुक्ल पक्ष-03 ■ वर्ष : 29, अंक : 279 ■ पृष्ठ : 12 मूल्य : 2.00 मौसम अधि. 19 न्यून. 10 haribhoomi.com



# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## भाजपा के 12वें राष्ट्रीय अध्यक्ष नबीन को जेपी नड्डा ने सौंपा पदभार, मोदी ने कुर्सी पर बैठाया

# नितिन नबीन ने संभाली भाजपा की बागडोर प्रधानमंत्री मोदी ने बताया अपना 'बॉस'

*राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में मेरा निर्वाचन एक साधारण कार्यकर्ता की असाधारण यात्रा को मिला सम्मान है: नबीन*



आनंद राणा ⏭ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने मंगलवार को अपना पदभार संभाल लिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में नबीन को अध्यक्ष की कुर्सी पर बैठाया। इस मौके पर आयोजित समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुद को पार्टी कार्यकर्ता बताते हुए नए अध्यक्ष नितिन नबीन को अपना भी बॉस बताया। पार्टी के 12वें राष्ट्रीय अध्यक्ष बने नबीन ने अपने संबोधन में कहा 'भाजपा के विस्तार में योगदान देने वाले हमारे शीर्ष नेतृत्व ने मुझ जैसे साधारण कार्यकर्ता को पार्टी के सर्वोच्च पद तक पहुंचाने का अवसर दिया है, इसके लिए मैं आप सभी को प्रणाम करता हूं। राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में मेरा निर्वाचन एक साधारण कार्यकर्ता की असाधारण यात्रा को मिला सम्मान है।' इस अवसर पर निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह सहित कई केंद्रीय मंत्री, भाजपा के राष्ट्रीय पदाधिकारी, भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और भाजपा के प्रदेश अध्यक्षों सहित बड़ी तादाद में पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद थे।

### राजनीति भोग नहीं, त्याग और तपस्या है : नबीन

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने कहा कि मैं आज इस अवसर पर पार्टी के पूर्व के राष्ट्रीय अध्यक्षों का स्मरण करता हूं और उनका अभिवादन करता हूं। आज का क्षण मेरे लिए संकल्प का क्षण है। आज मैं केवल पद ग्रहण नहीं कर रहा हूँ। मैं इस पार्टी की विचारधारा, परंपराओं और राष्ट्रवादी आंदोलन की जिम्मेदारी को स्वीकार कर रहा हूँ, आज 140 करोड़ भारतीय विकसित भारत के सपने से जुड़ रहे हैं और देश को आगे ले जाने के लिए काम कर रहे हैं। नबीन ने कहा, भाजपा के कार्यकर्ता कुछ नारों को जनसंघ के समय से गढ़ते थे- 'राम लला हम आएंगे मंदिर वहीं बनाएंगे,' 'जहां हुए बलिदान मुखर्जी वह कश्मीर हमारा है', 'एक देश में दो विधान, दो निशान, दो प्रधान नहीं चलेगा।' भाजपा के ⏩ शेष पेज 5 पर

### नितिन नबीन पार्टी को तेज गति से आगे ले जाएंगे: नड्डा

जेपी नड्डा ने कहा, 'मैं नितिन जी को शुभकामनाएं देता हूं। अटल जी, कुशाभाऊ की परंपरा को आगे बढ़ाने उन्हें 12वां अध्यक्ष बनाया गया है। नितिन जी बहुत ही छोटी उम्र में 5 बार विधायक रह चुके हैं। आपने सारे देश को समझा है। ऐसे नौजवान अध्यक्ष के रूप में आपने कार्यभार संभाला है। आपको बधाई। आप पार्टी को तेज गति से आगे ले जाएंगे। इसके लिए शुभकामनाएं देता हूं। मैं सभी को धन्यवाद देता हूं क्योंकि आप सभी ने पार्टी को चलाने के लिए मेरे साथ मिलकर काम किया। मुझे ताकत दी। जमीनी स्तर पर जो सहयोग उसका धन्यवाद।'

### लक्ष्मण ने संगठनात्मक चुनावों के परिणाम घोषित किए

इससे पहले भाजपा के संगठनात्मक चुनावों के रिटर्निंग ऑफिसर के. लक्ष्मण ने संगठनात्मक चुनावों के परिणाम घोषित किए और 45 वर्षीय नबीन को चुनाव प्रमाण पत्र सौंपा। वे पार्टी के शीर्ष पद पर आसीन होने वाले अब तक के सबसे युवा अध्यक्ष हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, नड्डा, वरिष्ठ मंत्री राजनाथ सिंह, अमित शाह, नितिन गडकरी और अन्य कई लोग नेतृत्व परिवर्तन के साक्षी बनने के लिए भाजपा मुख्यालय ⏩ शेष पेज 5 पर

## नितिन मेरे भी बॉस हैं, मेरे काम का भी आंकलन करेंगे : मोदी

इस अवसर पर समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नवीन को बधाई देते हुए कहा, मैं नितिन नबीन को दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी का अध्यक्ष बनने पर बधाई देता हूं। जब पार्टी की बात आती है, तो नितिन नबीन मेरे बॉस हैं और मैं एक पार्टी कार्यकर्ता हूं। पीएम मोदी ने कहा, लोग सोच सकते हैं कि नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री हैं, तीसरी बार पीएम बने, 50 साल की उम्र में मुख्यमंत्री बने और सरकार के प्रमुख के रूप में 25 साल बिताए हैं। यह सब सच है, लेकिन मेरे जीवन का सबसे बड़ा गर्व यह है कि मैं एक बीजेपी कार्यकर्ता हूँ। नितिन नबीन जी मेरे बॉस हैं और मैं एक पार्टी कार्यकर्ता हूँ। अब वे मेरे काम का आंकलन करेंगे। नितिन नबीन जी हम सभी के अध्यक्ष हैं। उनकी ज़िम्मेदारी सिर्फ़ बीजेपी का नेतृत्व करना नहीं है, बल्कि एनडीए सहयोगियों के साथ तालमेल बनाए रखना भी है। जब भी नितिन जी को कोई ज़िम्मेदारी मिली, उन्होंने खुद को साबित किया। इस साल जनसंघ के 75 साल पूरे हो रहे हैं। मैं जनसंघ से जुड़े सभी कार्यकर्ताओं को उनके बलिदानों के लिए नमन करता हूँ। पीएम मोदी ने देश भर में कई महीनों से चल रही व्यापक आंतरिक चुनाव प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने इस प्रक्रिया में शामिल लाखों पार्टी कार्यकर्ताओं के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा,यह भव्य संगठनात्मक चुनाव प्रक्रिया भारतीय जनता पार्टी की लोकतांत्रिक आस्था, संगठनात्मक अनुशासन और कार्यकर्ता-केंद्रित दृष्टिकोण का प्रतीक है। मोदी ने आगे इस बात पर ज़ोर दिया कि भारतीय जनता पार्टी का नेतृत्व मॉडल अपनी विरासत और जनसेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता से ताकत हासिल करता है। पीएम मोदी ने कहा कि हमारा नेतृत्व परंपरा के साथ आगे बढ़ता है, अनुभव से शक्ति प्राप्त करता है और जनसेवा की भावना से संगठन को आगे बढ़ाता है। मैं बीजेपी के सभी पूर्व अध्यक्षों को बधाई देता हूँ। आप जानते हैं कि बीजेपी संगठन के विस्तार पर उतना ही ध्यान देती है जितना कार्यकर्ताओं को बनाने पर। प्रधानमंत्री ने पार्टी के ऐतिहासिक उदय को याद किया। उन्होंने कहा, अटल जी, आडवाणी जी और मुरली मनोहर जोशी जी के नेतृत्व में, बीजेपी ने शून्य से शिखर तक का सफर देखा। इस सफर में, वेंकैया नायडू जी और नितिन गडकरी जी सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने संगठन का विस्तार किया। राजनाथ जी के नेतृत्व में, बीजेपी को पहली बार अपने दम पर पूर्ण ⏩ शेष पेज 5 पर

## खबर संक्षेप

### मथुरा में 70 करोड़ की चांदी ले उड़े व्यापारी

**मथुरा।** मथुरा सराफा बाजार में अभी तक 2300 किलो चांदी जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 70 करोड़ रुपए है, गायब होने की



जानकारी मिली है। उधर, पुलिस भी गायब व्यापारियों की तलाश में जुट गई है। सन्नाटा पसरा हुआ है। चांदी की कीमत में बेतहाशा बढ़ोतरी से जूझ रहे कारोबार को चांदी लेकर गायब होने वाले व्यापारियों ने बड़ा झटका लगाया है। बाजार में भरोसे का संकट पैदा होने के कारण लेनदेन बहुत सीमित रह गया है। गायब कारोबारियों के मोबाइल सर्विलांस पर लगाए गए हैं। हालांकि मामले में प्राथमिकी दर्ज नहीं की है।

### कर्नाटक के डीजीपी राव को केंद्र ने किया सस्पेंड

**नई दिल्ली।** कर्नाटक के डीजीपी के रामचंद्र राव पर सख्त एक्शन लेते हुए उन्हें सस्पेंड कर दिया गया है। उनके कई अश्लील वीडियो



सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं, जिसमें वो महिला के साथ आपत्तिजनक स्थिति में नजर आ रहे थे। रामचंद्र ने इन सभी आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया। उनका कहना है कि उन्हें फंसाया जा रहा है। ये पूरी तरह से मनगढ़ंत है और ये वीडियो पूरी तरह से फेक है। वीडियो कांड के बाद रामचंद्र कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर से भी मिलने पहुंचे थे, मगर दोनों की मुलाकात नहीं हो सकी।

### भोजशाला में हिंदू पक्ष की पूरे दिन पूजा की मांग

**धार।** धार स्थित भोजशाला विवाद पर हिंदू पक्ष के वकील विष्णु शंकर जैन ने बसंत पंचमी पूजा को लेकर सुप्रीम कोर्ट से जल्द सुनवाई की



गुहार लगाई। सुप्रीम कोर्ट बसंत पंचमी से एक दिन पहले गुरुवार को सुनवाई करेगा। 23 जनवरी को बसंत पंचमी और शुक्रवार दोनों ही है। लिहाजा याचिका में उस दिन मुस्लिमों की नमाज-ए-जुमा पर रोक लगाने की मांग की गई है। बसंत पंचमी पर सिर्फ हिंदुओं को दिन भर सरस्वती पूजा करने देने की इजाजत मांगी गई है। साथ ही इस दिन एएसआई और सरकार को कड़ी सुरक्षा के इंतजाम करने के निर्देश देने का भी आग्रह किया है।

## राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश एआई के प्रभावी उपयोग हेतु समन्वय स्थापित करने का किया आह्वान



हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

राज्य सभा के माननीय उपसभापति, हरिवंश ने मंगलवार को लखनऊ में 86वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन (एआईपीओसी) के पूर्ण अधिवेशन में भाषण दिया। विभिन्न राज्यों से आए पीठासीन अधिकारियों को संबोधित करते हुए, उन्होंने विधान मंडलों की कार्यकुशलता में वृद्धि करने में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की भूमिका पर बल दिया, साथ ही इस तकनीक को उपयुक्त एवं विश्वसनीय बनाने के लिए अपेक्षित विभिन्न कदमों का भी उल्लेख किया। संसद में एआई के व्यावहारिक उपयोग एवं इसके क्रियान्वयन के विभिन्न तरीकों को रेखांकित करते हुए, उन्होंने संसद और राज्य विधान मंडलों के बीच अधिक समन्वय किये जाने की आवश्यकता पर बल दिया, जिससे विधान मंडलों के संस्थागत ज्ञान का उपयोग संसद तथा राज्य विधान सभाओं-दोनों के द्वारा प्रभावी रूप से किया जा सके।

नीतियों से संबंधित सूचनाओं तक पहुँच एवं सामंजस्यपूर्ण समन्वय ⏩ शेष पेज 5 पर

## हरियाणा भाजपा की बैठक में संगठनात्मक और आगामी कार्यक्रमों पर हुआ मंथन

*दिल्ली स्थित हरियाणा भवन में हुई बैठक में मुख्यमंत्री सैनी, प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली, प्रदेश प्रभारी सतीश पूनिया, प्रदेश सह प्रभारी सुरेंद्र नागर तथा संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा रहे मौजूद*

*विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई तथा आगामी कार्यक्रमों की बनाई गई रूपरेखा*



हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

हरियाणा भाजपा की संगठनात्मक विषयों एवं आगामी कार्यक्रमों को लेकर मंगलवार को दिल्ली स्थित हरियाणा में महत्वपूर्ण बैठक हुई। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली, प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया, प्रदेश सह प्रभारी सुरेंद्र नागर, संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा बैठक में मौजूद रहे। बैठक में संगठनात्मक मजबूती और सरकार के कामकाज को लेकर गहन चर्चा ⏩ शेष पेज 5 पर

### असम की बागुरुम्बा ध्वू नृत्य को प्रधानमंत्री ने ऐसे दिलाई वैश्विक पहचान

## डिजिटल युग में लोक संस्कृति की ऐतिहासिक छलांग

हरिभूमि ऑफबीट

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

असम की पारंपरिक जनजातीय पहचान से जुड़ा 'बागुरुम्बा ध्वू नृत्य' आज वैश्विक मंच पर पूरी धमक के साथ अपनी मौजूदगी दर्ज करा चुका है। इस सांस्कृतिक पुनर्जागरण के केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वह पहल है, जिसने स्थानीय लोकनृत्य को डिजिटल माध्यमों के ज़रिये अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाई। पीएम मोदी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल के जरिये इस नृत्य को जैसे ही साझा किया नेटीजन ने हाथों हाथ ⏩ शेष पेज 5 पर

### प्रधानमंत्री के सोशल मीडिया से 200 मिलियन से अधिक व्यूज़

प्रधानमंत्री मोदी द्वारा अपने विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर बागुरुम्बा ध्वू नृत्य से जुड़े वीडियो साझा किए जाने के बाद यह नृत्य अचानक वैश्विक दर्शकों के केंद्र में आ गया। पीएम मोदी के सोशल मीडिया हैंडल्स पर ही इस नृत्य को 200 मिलियन (20 करोड़) से अधिक बार देखा जा चुका है, जो किसी भी पारंपरिक लोकनृत्य के लिए एक अभूतपूर्व उपलब्धि मानी जा रही है।

### गूगल सर्च में 20 वर्षों का रिकॉर्ड

डिजिटल आंकड़े इस बदलाव की कहानी खुद बयां करते हैं। गूगल पर 'बागुरुम्बा डांस' के लिए वैश्विक खोज रुचि पिछले 20 वर्षों में अपने सर्वोच्च स्तर पर पहुंच गई है। यह संकेत है कि दुनिया भर के लोग अब असम की इस अनूठी सांस्कृतिक विरासत को जानने-समझने में दिलचस्पी ले रहे हैं।

### क्या है बागुरुम्बा ध्वू नृत्य

बागुरुम्बा ध्वू नृत्य असम के बोड़ो समुदाय की पहचान है। इसे आमतौर पर बागुरुम्बा उत्सव के दौरान प्रस्तुत किया जाता है। पारंपरिक पोशाक, कोमल शारीरिक मुद्राएं, और प्रकृति से जुड़ी भाव-भंगिमाएं इस नृत्य को विशिष्ट बनाती हैं। यह नृत्य स्त्री शक्ति, सामुदायिक एकता और प्रकृति के साथ सहअस्तित्व का प्रतीक है।



## साजिशकर्ता किराये के दो शूटरों के साथ गिरफ्तार

# शालीमार बाग का सनसनीखेज ब्लाइंड मर्डर केस सुलझा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



उत्तर-पश्चिम जिले के शालीमार बाग में रचना यादव की सनसनीखेज हत्या के मामले को सुलझा लिया है। इस संबंध में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें दोनों शूटर और मास्टरमाइंड साजिशकर्ता शामिल है। मुख्य आरोपी भरत यादव ने सुपारी देकर भाड़े के शूटरों निखिल और सुमित से हत्या करवाई थी। भरत मृतक के पति बिजेंद्र यादव से जुड़े पहले के एक मर्डर केस में घोषित अपराधी था। छह राज्यों में 10 दिन तक चले ऑपरेशन में कई टीमें शामिल थी। अपराध में इस्तेमाल की गई एक यामाहा एफजेड मोटरसाइकिल और एक आई10 कार भी बरामद हुई है।

स्पेशल सीपी लॉ एंड ऑर्डर रविंद्र यादव ने मंगलवार को पुलिस मुख्यायल में हुई प्रैसवार्ता में बताया कि 10 जनवरी को सुबह लगभग 10:30 बजे शालीमार बाग थाने में एक पीसीआर कॉल आई थी, जिसमें बताया गया कि गेट नंबर 4, बीसी ब्लॉक, ईस्ट के पास एक अज्ञात हमलावर ने एक महिला को गोली मार दी है। कॉल करने वाले ने बताया कि पीड़िता को बहुत ज्यादा खून बह रहा था। कॉल एसआई अभय कुमार सिंह को सौंपी गई, जो कांस्टेबल सोनू कुमार के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे। पार्क में पुलिस को एक महिला का शव उल्टा पड़ा मिला, जिसका सिर पश्चिम की ओर और पैर पूर्व की ओर थे। सिर से बहुत ज्यादा खून बह रहा था। उसके माथे पर गोली लगने का निशान साफ दिख रहा था, जिससे पता चलता है कि बहुत करीब से गोली चलाई गई थी। शव के पास जमीन पर एक खाली कारतूस का खोल और एक गोली का टुकड़ा भी मिला। मृत की पहचान रचना यादव पत्नी स्वर्गीय बिजेंद्र यादव निवासी शालीमार बाग के रूप में हुई। क्राइम और एफएसएल टीम को तुरंत मौके पर बुलाया गया। घटनास्थल की अच्छी तरह से जांच की गई, तस्वीरें ली गई और वीडियोग्राफी करवाई गई। सभी संबंधित सबूतों को सावधानीपूर्वक उठाया गया।मामले के तथ्यों और परिस्थितियों के आधार पर शालीमार बाग थाने में एफआईआर दर्ज की गई।

### आरडब्ल्यूए अध्यक्ष थी रचना यादव, प्लॉट के झगड़े में हुई थी पति की हत्या

जांच में पता चला कि मृतका स्थानीय रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन की अध्यक्ष थी। घटना के समय वह एक पड़ोसी के अंतिम संस्कार में शामिल होने के बाद अपने घर लौट रही थी। जांच में पता चला कि भरत यादव जो बिजेंद्र यादव (मृतक के पति) के मर्डर केस में घोषित अपराधी है ने रचना यादव को खत्म करने की साजिश रची क्योंकि वह एक प्रमुख अभियोजन गवाह थीं और उनके खिलाफ चल रहे मुकदमे को सक्रिय रूप से आगे बढ़ा रही थी। उन्हें जल्द ही कोर्ट में गवाही देनी थी और उनकी गवाही से पहले के मर्डर केस में भरत यादव का भविष्य तय होने की संभावना थी। जांच में पता चला कि स्वर्गीय बिजेंद्र यादव और भरत यादव के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। यह विवाद स्वरूप नगर से बुराड़ी जाने वाली सड़क पर काठे वाला मंदिर के सामने और लाल बिल्डिंग के पास सरकारी स्कूल से सटे 250 गज के प्लॉट को लेकर था। इस संपत्ति विवाद के कारण दोनों पक्षों ने लंबे समय तक एक-दूसरे को बार-बार धमकियां दी थी। 2023 में बिजेंद्र यादव की हत्या के बाद रचना ने सक्रिय रूप से मामले को आगे बढ़ाया। भरत यादव को डर था कि उसकी गवाही से उसे सजा हो जाएगी और इसलिए उसने रचना की हत्या की साजिश रची। जांच टीमों ने एक संदिग्ध जिसकी पहचान निखिल पुत्र सतबीर निवासी गांव खंडरा, जिला पानीपत, हरियाणा के रूप में की। तकनीकी निगरानी और विश्वसनीय गुप्त सूचनाओं के आधार पर पंजाब, हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, पूर्वी उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और बिहार में कई छापे मारे गए। आखिरकार आरोपी की लोकेशन बिहार के भागलपुर क्षेत्र में ट्रेस की गई। पुलिस टीमों को तुरंत नवाबगंज (पूर्वी यू.पी.) और कटिहार जिले, बिहार भेजा गया। आरोपी भरत यादव और निखिल को आखिरकार बिहार के कटिहार जिले के एक जंगली इलाके में स्थित एक झोपड़ी से गिरफ्तार किया गया। उनके खुलासे पर एक अन्य आरोपी सुमित जिसने अपराध के दौरान मोटरसाइकिल चलाई थी को गांव बलजट्टन, जिला पानीपत से गिरफ्तार किया गया। कुछ अन्य लोगों को भी हिरासत में लिया गया है और पूरे मामले में उनकी भूमिका के लिए उनसे गहन पूछताछ की जा रही है।

## एनएच-44 पर लापरवाही से गाड़ी चलाने का आरोपी गिरफ्तार, गाड़ी जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

एनएच-44 पर लापरवाही से गाड़ी चलाने का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने संज्ञान लेते हुये मंगलवार को एफआईआर दर्ज कर ली। समयपुर बादली थाने की टीम ने आरोपी एसयूवी चालक को भी गिरफ्तार कर लिया है। वह गाड़ी भी जब्त की गई जिससे स्टंटबाजी की गई थी।

बाहरी उत्तरी जिले के डीसीपी हरेश्वर स्वामी ने बताया कि 18 जनवरी को पुलिस अधिकारियों को पता चला कि एक काले रंग की स्कॉर्पियो एन गाड़ी, जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर डीएल-3सीडीडी-5516 है, जिस पर टिंटेड ग्लास लगे थे और जिस पर दाऊद नाम लिखा था, उसे बहुत ही लापरवाही और तेजी से चलाया जा रहा था। गाड़ी एनएच-44 जीटी करनाल बाईपास रोड पर नरेला की तरफ जिग-जैग तरीके से चलती हुई देखी गई, जिससे आम लोगों की सुरक्षा खतरे में पड़ रही थी। मामले की गंभीरता और इंसानी जान को संभावित खतरे को देखते हुए जानकारी पर तुरंत कार्रवाई की गई। आउटर नॉर्थ जिले के पुलिस स्टाफ ने तुरंत उस गाड़ी को रोका और उसके चालक को हिरासत में ले लिया। जांच के दौरान ड्राइवर की पहचान दाऊद अंसारी (21) पुत्र मुसाफिर अंसारी, निवासी जाबिर नगर, ओखला, दिल्ली के रूप में हुई। यह भी पता चला कि दोषी गाड़ी का मालिकाना हक उसके पिता मुसाफिर अंसारी के नाम पर है। आरोपी का ड्राइविंग लाइसेंस भी चेक किया गया और रिकॉर्ड में लिया गया। वीडियो फुटेज और सबूतों की जांच के बाद समयपुर बादली थाने में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), 2023 की धारा 281 और मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 184 के तहत केस मंगलवार 20 जनवरी को केस दर्ज किया गया है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। यह घटना 18 जनवरी को दोपहर 3 बजे से 4 बजे के बीच की थी। स्कॉर्पियो एन गाड़ी को कानून के अनुसार जब्त कर लिया गया है। आगे की जांच जारी है। दिल्ली पुलिस ने नागरिकों से अनुरोध किया कि वे सड़कों पर सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए ट्रैफिक नियमों और सड़क सुरक्षा दिशानिर्देशों का पालन करें। किसी भी उल्लंघन पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**सेतु की सुरक्षा कार्य**

**ई-निविदा सूचना संख्या. 95-Engg-RNY-2025-26 तारीख: 09-01-2026**। नीचे उल्लेखित कार्यों के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदा आमंत्रित किया गया हैं। **निविदा संख्या. 1। आईटम का संक्षिप्त विवरण:** एडीईएन/रंगापारा नॉर्थ के अधीन रंगिया-बालिपारा के बीच सेतु संख्या. 10, 11, 89, 138, 179, 198, 217, 219, 221, 248, 251, 287, 289, 297, 308, 316 एवं 332, बालिपारा-भालुकपुंग के बीच सेतु संख्या. 8, 9, 42, 46, 47 एवं 48 और रंगापारा नॉर्थ-डेकारगॉव के बीच सेतु संख्या. 10 के साथ (24 संख्यक) बांध की सुरक्षा कार्य। **निविदा राशि:** ₹3,18,48,270.30/-। **धरोहर राशि:** ₹3,09,300/-। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 02-02-2026 तारीख के 15.00 बजे में **एवं खुलेगी:** 15.30 बजे में मंडल रेलवे प्रबंधक (डब्ल्यू), रंगिया कार्यालय में। उपरोक्त ई-निविदा की संपूर्ण जानकारी **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर उपलब्ध होगी।

**टिप्पणी:** निविदा में किसी भी अंतिम समय का बदलाव के लिए कृपया मूल निविदा सूचना में उल्लिखित संबंधित कार्यालयों पर इंटरनेट/समाचार पत्र/ संशोधनी पर जांच करें।

डीआरएम (डब्ल्यू), रंगिया

**पूर्वोत्तर सीमा रेलवे**

मुस्कान के साथ ग्राहकों की सेवा में

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.

**VEHICLES FOR SALE**

1) TATA MOTORS TACEGOLCNG REG. NO. DL1LAN4280-YOM- 2024
2) TATA MOTORS SIGN5530FB ENG. NO. RJ09GD7383-YOM-2023
3) TATA MOTORS T1512G REG. NO. DL01GE1590-YOM-2022
4) TATA MOTORS LPT1109T REG. NO. HR61E0338-YOM- NA
5) MAH BLAZO49GCB REG. NO. RJ09GD8778-YOM- 2023
6) TATA TATA_1412 REG.NO. DL1GC8188-YOM -2019
7) TATA MOTORS TLPT1109FB REG. NO. HR73B9418-YOM-2024
8) TATA MOTORS T_LPT_1612 REG. NO. DL1GE2753-YOM -2023
9) TATA MOTORS T_LPT2518G REG. NO. UP12AT0595-YOM-2015
10) ASHOK_LEY AL2820CC REG. NO. RJ14GR8902-YOM-2024
11) ASHOK_LEY AL2820CC REG. NO. RJ14GR8903-YOM-2024
12) TATA MOTORS T_INTRAV20 REG. NO. DL1LAM7587-YOM-2024
13) EICHR_VECV PRO_3019 REG. NO. HR38AH3332-YOM-2024
14) TATA MOTORS SIGN5530FB REG. NO. HR38AG7226-YOM-2024
15) MAH MHMAXXCITY REG. NO. UP15HT2944-YOM- NA
16) PIAGGIO_GR APE_E_XT REG. NO. DL51GD1699 -YOM-2022
17) TATA MOTORS T1512G REG. NO. DL1GE1596-YOM-2022
18) MAH MHMAXXCITY REG. NO. HR38AJ6908-YOM - NA

UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS WITH IN 7 DAYS AT BRANCH ADDRESS: KOTAK MAHINDRA BANK 3RD FLOOR, PLOT NO 7, SECTOR 125, NOIDA-201313 OR CONTACT : RAMAN AHUJA KOTAK MAHINDRA BANK LTD. CONTACT NO. 8377988238 EMAIL–raman.ahuja@kotak.com

# जामिया मिलिया के प्रोफेसर पर धर्म परिवर्तन करवाने की कोशिश का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ पुलिस ने धर्मांतरण का एंगल खारिज किया

जामिया मिलिया के प्रोफेसर पर धर्म परिवर्तन करवाने की कोशिश का आरोप लगा है। यह आरोप जामिया के ही कर्मचारी रामफूल मीणा ने लगाया है। मीणा यूनिवर्सिटी के पॉलिटेक्निक विभाग में अपर डिवीजन क्लर्क के पद पर तैनात हैं। उनका आरोप है कि प्रोफेसर डॉ. रियाजुद्दीन ने उनके चेहरे पर कई मुक्के मारे, जिससे उनके होंठ फट गए और आंख के नीचे सूजन आ गई। जातिसूचक गालियां दी, काफिर कहा। पुलिस एफआईआर दर्ज कर जांच में जुटी है। पुलिस ने फिलहाल धर्मांतरण के एंगल को खारिज किया है।

मिली सूचना के अनुसार राम फूल मीणा ने एसीपी सरिता विहार को दी गई अपनी लिखित शिकायत में विस्तार से आपबीती बताई। मीणा का आरोप है कि सिविल इंजीनियरिंग विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. रियाजुद्दीन ने उनके साथ ऑफिस के भीतर हिंसक व्यवहार किया। शिकायत के मुताबिक यह विवाद तब शुरू हुआ, जब डॉ. रियाजुद्दीन के खिलाफ छात्रों के साथ दुर्व्यवहार से जुड़ा एक वीडियो वायरल हुआ। हालांकि मीणा का उस शिकायत से सीधा संबंध नहीं था, लेकिन उन्हें शक के आधार पर निशाना बनाया गया। रामफूल मीणा ने आरोप लगाया कि 13 जनवरी 2026 को डॉ. रियाजुद्दीन उनके डेस्क पर आए और उन्हें आपत्तिजनक शब्द कहे। जब मीणा ने इसका विरोध किया, तो प्रोफेसर ने अभद्र भाषा का प्रयोग किया। मामला तब और गंभीर हो गया जब 16 जनवरी को कथित तौर पर डॉ. रियाजुद्दीन ने फिर से मीणा के ऑफिस में आकर उन पर हमला किया। मीणा ने एक और गंभीर आरोप लगाया कि उन पर लंबे समय से इस्लाम अपनाने के लिए प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से दबाव डाला जा रहा था। उधर पुलिस का कहना है कि 19 जनवरी को जामिया मिलिया इस्लामिया पॉलिटेक्निक में हुई एक घटना के संबंध में शिकायत मिली थी। पॉलिटेक्निक के एक कर्मचारी ने सिविल इंजीनियरिंग विभाग के एक एसोसिएट प्रोफेसर के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। आरोपों में शारीरिक दुर्व्यवहार, मारपीट, जाति-आधारित गालियों और अपशब्दों के इस्तेमाल का आरोप है। पुलिस ने मामले का संज्ञान लिया है और कानून के अनुसार कानूनी कार्यवाही चल रही है। हम बयान दर्ज करने और सबूत इकट्ठा करने की प्रक्रिया में हैं। पुलिस की तरफ से यह भी साफ किया गया कि शिकायतकर्ता ने जबरन धर्मांतरण के किसी भी प्रयास के संबंध में कोई आरोप नहीं लगाया है। कोई भी रिपोर्ट या सोशल मीडिया पोस्ट जिसमें धर्मांतरण का एंगल बताया गया है, वह तथ्यात्मक रूप से गलत और निराधार है। पुलिस ने मीडिया और जनता से अपील की है कि वे ऐसी अप्रमाणित जानकारी या अफवाहें न फैलाएं जो सांप्रदायिक सद्भाव को बिगाड़ सकती हैं या चल रही जांच को प्रभावित कर सकती हैं।

## स्कूल में छात्र से कट्टा और 10 कारतूस बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

अमन विहार के एक प्राइवेट स्कूल में 18 वर्षीय छात्र के पास से अवैध हथियार बरामद हुआ है। यह घटना सोमवार को सामने आई। आरोपी छात्र को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसके पास से देशी कट्टा और 10 कारतूस बरामद हुये। पुलिस आरोपी छात्र को दो दिन के रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है। अमन विहार पुलिस को सोमवार को एक पीसीआर कॉल आई कि एक छात्र एक जाने-माने पब्लिक स्कूल के अंदर हथियार लेकर घूम रहा है। मामले की संवेदनशीलता और छात्रों की सुरक्षा को देखते हुए स्थानीय पुलिस तुरंत घटना स्थल पर पहुंची। स्कूल अधिकारियों ने 18 साल के एक छात्र राज कुमार को एक देसी पिस्तौल और 10 जिंदा कारतूस के साथ पेश किया। इसके बाद अमन विहार थाने में आर्म्स एक्ट की धारा 25 के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। आरोपी लड़के को इस मामले में गिरफ्तार कर लिया गया। जांच के दौरान पता चला कि स्कूल के एस्टेट ऑफिसर ने देखा कि राज कुमार दूसरी मंजिल पर टॉयलेट में एक चीज छिपाने की कोशिश कर रहा था। देखे जाने पर वह टॉयलेट से बाहर निकला और बाद में एस्टेट ऑफिसर ने उसे स्टेज के पास पकड़ लिया। उसके पास से हथियार और जिंदा कारतूस बरामद किए गए। राज कुमार को प्रिंसिपल के सामने पेश किया गया, जिन्होंने पुलिस को सूचना दी। पूछताछ करने पर छात्र ने बताया कि दूसरे छात्र से निजी दुश्मनी के कारण वह हथियार ले जा रहा था। जांच के दौरान आरोपी राज कुमार को रोहिणी कोर्ट के जेएमएफसी के सामने पेश किया गया और संबंधित कोर्ट ने उसे दो दिन की पुलिस हिरासत में भेजा है। पुलिस रिमांड के दौरान हथियार के सोर्स का पता लगाने की कोशिश करेगी।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr. P.C. & 84 BNSS देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त आरोपी **शुभम बेनीवाल, पुत्रः** श्री रविंदर कुमार, **पताः** मकान नंबर 223, पीतमपुरा गांव, **दिल्ली FIR No: 333/25, Dt. 12.11.2025, U/S: 109(1)/238(b)/61(2)/ 3(5) भारतीय न्याय संहिता–2023, & 25/27 Arms ACt, पुलिस थानाः रानी बाग, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **शुभम बेनीवाल,** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **शुभम बेनीवाल,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **शुभम बेनीवाल, FIR No: 333/25, Dt. 12.11.2025, U/S: 109(1)/238(b)/61(2)/ 3(5) भारतीय न्याय संहिता–2023, & 25/27 Arms ACt, पुलिस थानाः रानी बाग, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **25.02.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
अनुराधा जिंदल
अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी
उत्तर पश्चिम कोर्ट नंबर 101
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/786/OD/2026
(Court Matter)

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा **82 Cr.PC. / 84 BNSS** देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त, **चौखे लाल,** पुत्रः श्री सुख लाल, **पताः** मकान न.: झुग्गी न. डी–335, संजय कॉलोनी, ओखला, फेस–2, नई दिल्ली, ने **FIR No.: 562/2020, U/s: 354/509 IPC, थानाः ओखला इंडस्ट्रियल एरिया, नई दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **चौखे लाल,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **चौखे लाल,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No.: 562/2020, U/s: 354/509 IPC, थानाः ओखला इंडस्ट्रियल एरिया, नई दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त, **चौखे लाल,** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **18.03.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
डा. नेहा सैनी
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–02
महिला कोर्ट, कमरा न.–507, जिला कोर्ट
साकेत कोर्ट परिसर, नई दिल्ली

DP/104/SE/2026
(Court Matter)

## पेंशनधारियों को नहीं मिली दिसंबर महीने की पेंशन डीटीसी के पूर्व कर्मचारियों की सुप्रीम कोर्ट से गुहार

**नई दिल्ली।** दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) के सेवानिवृत्त कर्मचारियों को अभी तक दिसंबर 2025 महीने की पेंशन का भुगतान नहीं हुआ है। तुरंत पेंशन जारी करने के लिए पूर्व कर्मचारियों ने कोर्ट, पीएम नरेंद्र मोदी व दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से गुहार लगाई है। इस मुद्दे पर पूर्व कर्मचारियों के लिए कार्य करने वाले संगठन डीटीसी सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ के महासचिव बाला दत्त ने बताया कि डीटीसी के 18000 पेंशनधारियों को दिसंबर 2025 महीने की पेंशन अभी तक जारी नहीं की गई है। वैसे भी हर महीने समय पर पेंशन नहीं मिलती। ऐसे में संगठन ने सुप्रीम कोर्ट, पीएम मोदी व सीएम रेखा से गुहार लगाई है कि रुकी हुई पेंशन का भुगतान तुरंत किया जाए। बाला दत्त ने बताया दिसंबर 2025 की पेंशन का भुगतान नहीं होने से हजारों परिवारों के सामने रोटी के लाले पड़ रहे है। वहीं हजारों पूर्व कर्मचारी व उनके परिजन विभिन्न प्रकार के रोगों से ग्रस्त होने के चलते ईलाज तक नहीं करवा पा रहे है। दत्त ने बताया कि डीटीसी पेंशनधारियों के लिए कोई चिकित्सा योजना भी नहीं है, जिस कारण से चिकित्सा का खर्च स्वयं उठाना और भी मुश्किल हो रहा है। बाला दत्त ने गुहार लगाते हुए कहा कि इस मामले में प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, माननीय सुप्रीम कोर्ट तथा दिल्ली के सभी कैबिनेट मंत्रियों को पत्र लिखकर पेंशन भुगतान को नियमित करने की मांग की है। संगठन लंबे समय से पेंशन राशि का डीटीसी के वार्षिक बजट में आवंटन करने की मांग दिल्ली सरकार से करता आ रहा है, लेकिन हुआ कुछ नहीं। अब यदि अगले वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए वार्षिक बजट में राशि आवंटित नहीं की गई तो पेंशनधारी और भी परेशान हो जाएंगे जिससे पेंशनधारियों में और अधिक असंतोष बढ़ेगा। वहीं संघ के अध्यक्ष सुखबीर सैनी ने बताया कि वर्तमान सरकार को दिल्ली में स्थापित करने के लिए डीटीसी के हजारों पेंशन धारी एवं कर्मचारियों ने चुनाव में भरपूर समर्थन दिया। क्योंकि पूर्व में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद रमेश बिधूड़ी, तथा वर्तमान उपमुख्यमंत्री प्रवेश वर्मा ने हमारी मांगों का तब समर्थन किया था, अब जबकि सरकार को एक वर्ष होने को है किंतु हमारी पेंशन की समस्या जस की तस बनी हुई है।

## हरिश्चंद्र अस्पताल : डॉ. दिव्या खुराना ने हासिल किया प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



■ श्रेष्ठ मौखिक शोध पत्र प्रस्तुति में किया शानदार प्रदर्शन

दिल्ली देहात के नरेला स्थित सत्यवादी राजा हरिश्चंद्र अस्पताल के स्त्री रोग (गायनी) विभाग ने एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी उत्कृष्टता का लोहा मनवाया है। दिल्ली में आयोजित 'एआईसीओजी (अखिल भारतीय प्रसूति एवं स्त्री-रोग विशेषज्ञ राष्ट्रीय सम्मेलन)' में गायनी विभाग की सीनियर रेजिडेंट डॉ. दिव्या खुराना ने श्रेष्ठ मौखिक शोध पत्र में प्रस्तुति में शानदार प्रदर्शन करते हुए 'प्रथम स्थान' प्राप्त किया। इसके साथ ही उन्होंने अन्य विविध वर्गों में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। इसे देखते हुए अस्पताल में रोगी कल्याण समिति (आरकेएस) के अध्यक्ष राजकरण खत्री, आरकेएस में कार्यकारी सदस्य धर्मबीर खत्री सहित सभी सदस्यों और अस्पताल की चिकित्सा अधीक्षक डॉ ज्योत्सना भारती ने डॉ. दिव्या खुराना को शुभकामनाएं दी हैं। जानकारी के अनुसार यह सम्मेलन 14 से 18 जनवरी 2026 तक द्वारका में आयोजित हुआ। यह असाइनमेंट डॉ. दिव्या को गायनी विभाग की वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. जे. अनुपमा द्वारा सौंपा गया था। उनके कुशल मार्गदर्शन में डॉ. दिव्या ने न केवल सम्मेलन में प्रभावशाली प्रस्तुति दी, बल्कि जजों को भी प्रभावित करते हुए शीर्ष स्थान हासिल किया। उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी डॉ. दिव्या एक राष्ट्रीय सम्मेलन में 'गोल्ड मेडल' जीत चुकी हैं।

## भाजपा सरकार में कानून व्यवस्था ध्वस्त : आतिशी

**नई दिल्ली।** भाजपा सरकार में कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता और दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष आतिशी ने मंगलवार को स्वर्गीय रचना यादव के घर जाकर उनके परिजनों का दुख साझा करने के बाद यह आरोप भाजपा पर लगाए। उन्होंने कहा कि सीएम रेखा गुप्ता के घर से चंद दूरी पर रचना यादव की दिनदहाड़े हुई हत्या इसका बड़ा उदाहरण है। देश की राजधानी में रोज हत्याएं हो रही हैं। पूरी दुनिया यह देख रही है और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और सीएम रेखा गुप्ता गायब हैं। अगर केंद्रीय गृह मंत्री को दिल्ली की चिंता है, तो बदहाल कानून व्यवस्था पर चर्चा को लेकर मुझे मिलने का समय दें। नेता विपक्ष आतिशी ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि दिनदहाड़े दिल्ली में हत्या होती है। घटनास्थल से पुलिस स्टेशन नजदीक होने के बावजूद, दो घंटे तक शव को पोस्टमार्टम के लिए कोई लेकर नहीं जाता है। उन्होंने शालीमार बाग की रचना यादव आरडब्ल्यूए अध्यक्ष थीं, जिसकी हत्या कर दी गई। वह तीन साल पहले अपने पति की हत्या की चश्मदीद गवाह थीं। यह महिला गैंगस्टर्स के खिलाफ कोर्ट के सामने खड़े होकर गवाही दे रही थीं।

# नाबालिग दोस्त का यौन शोषण करने पर ट्यूटर को चाकू मारा, युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



पूर्वी जिले के कोंडली में एक 18 वर्षीय युवक को ट्यूटर पर चाकू से हमला करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। ट्यूटर पिछले छह महीने से आरोपी युवक के 14 वर्षीय दोस्त का कथित तौर पर यौन उत्पीड़न कर रहा था। पुलिस ने गिरफ्तार युवक का नाम देवराज उर्फ जग्गू बताया है जबकि ट्यूटर का नाम जय प्रकाश (32) है। दोनों के खिलाफ अलग अलग केस दर्ज किया गया है।

यह घटना दो जनवरी की दरमियानी रात को तब सामने आई जब पुलिस को लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल से सूचना मिली कि कोंडली पुल के पास घायल पाए गए एक व्यक्ति को भर्ती कराया गया है। घायल की चोटों की गंभीरता को देखते हुए उसे बाद में एम्स ट्रॉमा सेंटर में रेफर कर दिया गया। एमएलसी के अनुसार उस व्यक्ति के पेट और पीठ के बाईं ओर गहरे घाव थे। पुलिस ने बताया कि प्रकाश ने जांच में सहयोग नहीं किया और घटना स्थल की स्पष्ट पहचान करने में विफल रहा। इसके कारण जांच टीम को काफी हद तक तकनीकी निगरानी और सीसीटीवी फुटेज पर निर्भर रहना पड़ा। विभिन्न स्थानों पर लगे लगभग 150 सीसीटीवी कैमरों का विश्लेषण किया गया। कोंडली पुल से मिले फुटेज में घायल व्यक्ति को दल्लूपुरा में नहर रोड की ओर साइकिल पर जाते हुए देखा गया, जिसके पीछे एक लड़का बैठा है। लगभग 23 मिनट बाद उसे अकेले कोंडली मोड़ की ओर लौटते हुए देखा गया, वह स्पष्ट रूप से घायल था। पुलिस ने कहा कि बाद में लड़के को साइकिल के पीछे दौड़ते और राज रानी अस्पताल के पास एक छोटा डफल बैग छोड़ते देखा गया, जहां प्रकाश भी पहुंच गया। बाद में नाबालिग की पहचान की गई और उसके माता-पिता की उपस्थिति में उससे पूछताछ की गई। उसने शुरू में पुलिस को बताया कि प्रकाश उसका निजी ट्यूटर था और दावा किया कि दल्लूपुरा के नाला रोड के एक सुनसान इलाके में एक अज्ञात हमलावर ने उसे लूट लिया और चाकू से हमला कर दिया। हालांकि, उसके बयान में विसंगतियों के कारण पुलिस ने स्थानीय स्तर पर और अधिक जानकारी जुटाई, जिसके परिणामस्वरूप कोंडली निवासी मुख्य आरोपी देवराज उर्फ जग्गू की पहचान हुई। छापेमारी की गई और देवराज को उसके घर से पकड़ लिया गया। पुलिस ने बताया कि पूछताछ के दौरान उसने नाबालिग के साथ मिलकर लूट और चाकूबाजी की घटना की योजना बनाने और उसे अंजाम देने की बात कबूल की। देवराज ने खुलासा किया कि प्रकाश नाबालिग का यौन शोषण कर रहा था जिसके कारण उसके मन में आक्रोश पैदा हुआ और उसने बदला लेने की योजना बनाई। पुलिस ने बताया कि हमले को छिपाने के लिए नाला रोड के एक सुनसान इलाके में लूट की साजिश रची गई, जिसमें पीड़ित को चाकू मारा गया और उसका मोबाइल फोन और 200-300 रुपये लूट लिए गए। बाद में नाबालिग ने भी साजिश में अपनी भूमिका स्वीकार कर ली। प्रकाश और देवराज के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता और बच्चों को यौन अपराधों से संरक्षण अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत अलग-अलग मामले दर्ज किए गए हैं। पुलिस ने बताया कि उन्होंने लूटा गया मोबाइल फोन और हमले में इस्तेमाल किया गया चाकू बरामद कर लिया है। आगे की जांच जारी है।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा **82 Cr.PC. / 84 BNSS** देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त, **इन्द्रवती, पत्नीः** रधुवीर सिंह, **पताः** पोल न. 99, खैरा, नज़फगढ़, नई दिल्ली, ने **Ct. Cases/ 1595/2019, U/s: 135 Indian Electricity Act,** थानाः छावला, नई **दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **इन्द्रवती,** मिल नहीं रही है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **इन्द्रवती,** फरार हो गयी है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **Ct. Cases/1595/2019, U/s: 135 Indian Electricity Act, थानाः छावला, नई दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त, **इन्द्रवती,** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **25.02.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री हरलीन सिंह
जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एएसजे)
दक्षिण–पश्चिम, विद्युत अधिनियम विशेष न्यायालय
कोर्ट न. 809, द्वारका कोर्ट, नई दिल्ली

DP/830/DW/2026
(Court Matter)

# छोटे उद्योग आत्मनिर्भर बनें, यही दिल्ली सरकार का लक्ष्य : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली में छोटे उद्योग आत्मनिर्भर बनें, आधुनिक तकनीक से जुड़ें और राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय बाजार में अपनी पहचान मजबूत करें, यही दिल्ली सरकार का लक्ष्य है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली सचिवालय में हुई कैबिनेट की बैठक के बाद यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दिल्ली सरकार ने राजधानी के औद्योगिक परिदृश्य को बदलने के लिए मंगलवार को बड़ा निर्णय लिया है।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि इस बैठक में बादली और बवाना के औद्योगिक क्षेत्र में दो कॉमन फैसिलिटी सेंटर (सीएफसी) स्थापित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इस निर्णय पर खुशी जताते हुए कहा कि हमारी सरकार दिल्ली के छोटे और सूक्ष्म उद्योगों को विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। अक्सर छोटे उद्यमी भारी निवेश न कर पाने के कारण आधुनिक तकनीक और महंगी मशीनों का उपयोग नहीं कर पाते। ये 'कॉमन फैसिलिटी सेंटर' उनकी इस समस्या को जड़ से खत्म कर देंगे और इससे उनके कारोबार करने में सहूलियत भी बढ़ेगी।

उन्होंने विश्वास जताया कि कैबिनेट द्वारा स्वीकृत यह निर्णय दिल्ली के औद्योगिक विकास को नई गति देगा और छोटे उद्यमियों के लिए विकास के नए अवसर खोलेगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि यह परियोजना केंद्र सरकार की सूक्ष्म एवं लघु उद्यम क्लस्टर विकास कार्यक्रम (एमएसई-सीडीपी) योजना के तहत लागू की जा रही है। इसका मुख्य उद्देश्य एक ही छत के नीचे ऐसी सुविधाएं प्रदान करना है, जिन्हें व्यक्तिगत रूप से खरीदना छोटे उद्यमियों के लिए मुमकिन नहीं होता। इन केंद्रों के माध्यम से सूक्ष्म और लघु उद्योगों को साझा मंच प्रदान किया जाएगा, जहां वे बिना किसी भारी निवेश के आधुनिक मशीनों, टेस्टिंग लैब और ट्रेनिंग सुविधाओं का लाभ उठा सकेंगे।

### परियोजना की अनुमानित लागत 60 करोड़

सीएम रेखा ने बताया कि इस पूरी परियोजना की अनुमानित लागत 60 करोड़ रुपये तय की गई है, जिसमें प्रत्येक सेंटर पर 30 करोड़ रुपये खर्च होंगे। उन्होंने कहा कि सीएफसी के माध्यम से श्रमिकों के कौशल, तकनीकी प्रशिक्षण और उत्पाद गुणवत्ता सुधार की सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। इसके साथ ही, पर्यावरण के अनुकूल उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट और टिकाऊ तकनीक से जुड़ी सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी।

### केंद्रों से क्लस्टर की इकाइयों को लागत में होगी बचत

मुख्यमंत्री ने बताया कि इन केंद्रों से क्लस्टर की इकाइयों को लागत में बचत होगी, विशेषकर माइक्रो और नई इकाइयों को बड़ा लाभ मिलेगा। साझा सेवाओं और सामूहिक खरीद (कलेक्टिव बार्गेनिंग) से उत्पादन लागत घटेगी और बाजार तक पहुंच मजबूत होगी। इससे न केवल उत्पादों की गुणवत्ता और प्रतिस्पर्धा क्षमता बढे़गी, बल्कि रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे और औद्योगिक क्लस्टरों का सतत विकास सुनिश्चित होगा।

## प्रदूषण कम होते ही हटाई गई ग्रेप चार की पाबंदियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली वालों को जहां सर्दी, प्रदूषण से राहत मिली है वहीं वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने भी दिल्ली एनसीआर में लागू ग्रेप चार की पाबंदियों को हटाकर कुछ राहत अवश्य दी है। । सनद रहे कि एक्यूआई में अचानक बढ़ोतरी के बाद 450 तक पहुंचने के कारण 17 जनवरी 2026 को ग्रेप-4 लागू किया गया था। जानकारी अनुसार दिल्ली में वायु प्रदूषण के गंभीर श्रेणी से बाहर निकलने से ही दिल्ली-एनसीआर में सीएक्यूएम ने ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रेप)-4 की पाबंदियों को हटा दिया है।

लेकिन अब भी ग्रेप-1 से लेकर ग्रेप-3 लागू रहेगा जिसके चलते तीन चरण की पाबंदियां अब भी पूर्व की भांति ही लागू रहेगी। ग्रेप-3 के तहत निर्माण और तोड़फोड़ गतिविधियों पर सख्त प्रतिबंध हैं। इसके अलावा बीएस-3 पेट्रोल और बीएस-4 डीजल वाहनों के संचालन पर भी पूरी रोक रहेगी। इन नियमों का उल्लंघन करने वालों पर भारी जुर्माना लगाया जाएगा। प्राप्त जानकारी अनुसार मंगलवार को दिल्ली का औसत एक्यूआई बहुत खराब श्रेणी में दर्ज हुआ। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के डेली बुलेटिन के मुताबिक औसत एक्यूआई 378 दर्ज किया गया। यह प्रदूषण के स्तर में लगातार गिरावट का संकेत है। इसी को देखते हुए सीएक्यूएम की उप कमेटी की बैठक हुई, इसमें दिल्ली-एनसीआर में हवा की गुणवत्ता में आए सुधार की समीक्षा की गई और ग्रेप-4 की बंदिशों को हटाने का फैसला किया गया। सीएक्यूएम ने भले ही ग्रेप-4 हटा दिया गया हो। लेकिन चरण-1, 2 और 3 के तहत गैरजरूरी निर्माण कार्य, ध्वस्तीकरण के अलावा स्टोन क्रशर और खनन संबंधी गतिविधियों पर पूर्ण रोक रहेगी। पुराने डीजल वाहनों और अंतरराज्यीय डीजल बसों पर भी रोक रहेगी। स्कूलों में कक्षा 5 तक ऑनलाइन मोड में पढ़ाई की सलाह दी जाती है. इमरजेंसी सेवाओं को छोड़कर डीजल जनरेटरों पर रोक रहती है।

### दक्षिण दिल्ली की बदलेगी यातायात तस्वीर : रेखा

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार की वित्त व्यय समिति ने दक्षिण दिल्ली के लिए महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजना को मंजूरी दी है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली सचिवालय में मंगलवार को आयोजित वित्त व्यय समिति की बैठक के बाद यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि परियोजना के तहत, एमबी रोड पर साकेत जी-ब्लॉक से पुल प्रह्लादपुर तक 6-लेन का एकीकृत एलिवेटेड रोड व दो अंडरपास भी बनेंगे। इनके निर्माण से दक्षिण दिल्ली के लोगों को लंबे समय से जाम की समस्या से मुक्ति मिलेगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि यह परियोजना न केवल यातायात के दबाव को कम करेगी, बल्कि आवागमन का समय भी उल्लेखनीय रूप से घटाएगी। परियोजना को दिसंबर 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। परियोजना पर करीब 1471.14 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। मुख्यमंत्री रेखा ने कहा कि हमारी सरकार का प्रयास राजधानी को आधुनिक, सुगम और भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप बुनियादी ढांचा उपलब्ध कराने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है।

### पुरानी बसें हटाने के बावजूद कोई भी बस रूट नहीं होगा बंद : डॉ. पंकज

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने वेस्ट रीजन के लिए नया रूट रेशनलाइजेशन लागू करने की शुरुआत की है। यह दिल्ली ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन (डीटीसी) द्वारा शुरू किया गया है, जिसका मकसद लास्ट माइल कनेक्टिविटी को और बेहतर बनाना, सार्वजनिक परिवहन सेवा की विश्वसनीयता को बढ़ाना और राजधानी दिल्ली में बस यात्रियों को लास्ट माइल कनेक्टिविटी सुविधाएं प्रदान करना है। दिल्ली सरकार के परिवहन मंत्री डॉ पंकज कुमार सिंह ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नया रूट रेशनलाइजेशन 21 जनवरी 2026 से लागू होगा, 15 साल पुराने बस फ्लीट को चरणबद्ध तरीके से हटाने के बावजूद कोई भी बस रूट बंद नहीं होगा, लास्ट माइल कनेक्टिविटी को और मजबूती मिलेगी। परिवहन मंत्री डॉ. पंकज सिंह ने बताया कि डीटीसी के बसों के बेड़े में अब तक 3600 से अधिक इलेक्ट्रिक बसें शामिल हुई, नवंबर 2026 तक 7000 से अधिक इलेक्ट्रिक बसें शामिल करने का लक्ष्य रखा गया है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में हमारी सरकार हर नागरिक को बिना किसी बाधा के पब्लिक ट्रांसपोर्ट की सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। रूट रेशनलाइज़ेशन और इलेक्ट्रिक बसों के बेड़े के विस्तार से राजधानी दिल्ली ग्रीन मोबिलिटी के साथ अधिक सुलभ और भविष्य की जरूरत को देखते हुए मॉडर्न पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम की ओर तेजी से आगे बढ़ रही है।

### इसी सप्ताह जारी हो जाएगी रुकी हुई वृद्धावस्था पेंशन : रविन्द्र इन्द्राज

**नई दिल्ली।** दिल्ली में जिन वरिष्ठ नागरिकों को वृद्धावस्था पेंशन के रूप में मिलने वाली आर्थिक सहायता के भुगतान में पिछले कुछ महीनों से तकनीकी एवं प्रशासनिक कारणों के चलते विलंब हुआ था। उन्हें इसी सप्ताह में पेंशन का भुगतान शुरू हो जायेगा। दिल्ली के समाज कल्याण मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विभाग को आवश्यक दिशा निर्देश जारी कर दिए गए हैं और सभी प्रक्रियाओं को शीघ्र पूरा किया जा रहा है। इसे लेकर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के दिशा निर्देशों और समाज कल्याण मंत्री के विशेष प्रयासों पर समाज कल्याण विभाग को वित्त विभाग से विशेष स्वीकृति मिल गई है और इसी हफ्ते वरिष्ठ नागरिकों को लंबित पेंशन जारी हो जाएगी। लाभार्थियों को उनकी पूरी रुकी हुई पेंशन मिलेगी। दिल्ली में 4 लाख 35 हजार से अधिक ओल्ड एज पेंशन लाभार्थी हैं। इनमें कुछ लोगों की पेंशन प्रभावित हुई है। अन्य सभी लाभार्थियों को समय से पेंशन का भुगतान लगातार किया जा रहा है। मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने बताया कि सभी पात्र वरिष्ठ नागरिकों के खातों में लंबित पेंशन राशि जमा की जाएगी। मंत्री ने पेंशन भुगतान प्रक्रिया में पारदर्शिता बढ़ाने और अधिक जवाबदेह बनाने के भी निर्देश दिए हैं। बुजुर्गों की सामाजिक सुरक्षा विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। दिल्ली सरकार वरिष्ठ नागरिकों के सम्मानजनक जीवन को सुनिश्चित करने के लिए पेंशन योजना के साथ-साथ उच्च गुणवत्ता वाले सहायक उपकरणों का वितरण कर रही है तथा नए ओल्ड एज होम शुरू करने की दिशा में भी लगातार कार्य कर रही है।

### दिल्ली में सरकारी लापरवाही से 9700 कैमरे खराब : यादव

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने दिल्ली में सुरक्षा के लिहाज से लगाए गए 9700 के लगभग सीसीटीवी कैमरे के खराब होने के मुददे को गंभीरत से उठाया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने इस मुददे को सुरक्षा से जोड़ते हुए दिल्ली की भाजपा सरकार को जिम्मदार बताते हुए कहा कि अगर समय रहते दिल्ली में 9700 के लगभग सीसीटीवी कैमरों के तरफ ध्यान दिया जाता तो यह खराब नहीं होते। यादव ने कहा कि राजधानी में बढ़ती अपराध दर में अगर 7500 से 9700 के लगभग सीसीटीवी कैमरे खराब या निष्क्रिय रहेंगे तो इसकी जिम्मेदारी किसकी बनती है। यह आंकड़ा अगस्त 2025 से जनवरी 2026 के बीच का है जबकि दिल्ली में कुल 2.8 लाख सीसीटीवी लगे है। बिजली कटौती, तकनीकी खराबी, चोरी या तोड़फोड़ के कारण सीसीटीवी निष्क्रिय होने की जिम्मेदारी दिल्ली सरकार की है। पिछले वर्ष 2025 के मध्य तक 32000 से अधिक कैमरे खराब पाए गए थे, जिससे पिछली आम आदमी पार्टी की सरकार की कार्यशैली और अपराध रोकने की कार्यवाही पर सवाल खड़े हुए थे। यादव ने कहा कि सीसीटीवी कैमरों के सक्रिय चलन में भाजपा सरकार भी पूरी तरह से नकारा साबित हो रही है। रेखा सरकार सुरक्षा के मद्दे नजर 50 हजार नए सीसीटीवी कैमरे और लगाने की घोषणा पर निविदा के साथ-साथ 7500 से अधिक खराब सीसीटीवी कैमरों को ठीक करने पर कार्यवाही करे, क्योंकि बंद पड़े कैमरे अपराधियों के काम आसान बना रहे है।

### भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का पदभार ग्रहण करने पर नबीन को मुख्यमंत्री ने दी शुभकामनाएं

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का पदभार ग्रहण करने पर नितिन नबीन से भेंट की और उन्हें सफल एवं यशस्वी कार्यकाल हेतु हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोशल मीडिया पर यह जानकारी साझा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरक मार्गदर्शन एवं आपके कुशल नेतृत्व में दिल्ली सहित पूरे देश में संगठन को नई ऊर्जा और नई दिशा प्राप्त होगी। मुख्यमंत्री रेखा ने कहा कि संगठन निष्ठ एवं कुशल संगठनकर्ता, नितिन नबीन का यह नवीन दायित्व संगठन की उस गौरवशाली वैचारिक यात्रा को नया विस्तार देने वाला है, जो सदैव जन-सेवा और राष्ट्र-कल्याण के प्रति समर्पित रही है। मुख्यमंत्री रेखा ने कहा कि हमें पूर्ण विश्वास है कि आपके युवा सोच एवं संगठनात्मक कार्य पद्धति से हम सभी कार्यकर्ताओं की ऊर्जा को नई गति मिलेगी और पार्टी की सांगठनिक शक्ति को नया विस्तार प्राप्त होगा।




### राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित होना उनके असाधारण नेतृत्व कौशल और दूरदर्शी सोच का प्रमाण

# नितिन नबीन के नेतृत्व में भाजपा संगठन को मिलेगी नई दिशा और ऊर्जा

पंकज पूजन रामपाल ने कहा कि नितिन नबीन के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी नए युग में प्रवेश कर रही है, जहां युवा नेतृत्व, नवाचार, नई सोच और आक्रामक संगठनात्मक रणनीति के माध्यम से पार्टी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्र निर्माण के संकल्प को और अधिक मजबूती एवं गति प्रदान करेगी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶|फरीदाबाद

भाजपा फरीदाबाद जिला अध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल ने कहा कि केवल 45 वर्ष की आयु में विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल भारतीय जनता पार्टी की कमान संभालना नितिन नबीन के असाधारण नेतृत्व कौशल, संगठनात्मक दक्षता और दूरदर्शी सोच का जीवंत प्रमाण है।

उनके निर्विरोध निर्वाचन से पूरे संगठन में नई ऊर्जा, नया उत्साह और नया आत्म विश्वास संचारित हुआ है। नितिन नबीन के नेतृत्व में भाजपा संगठन और अधिक सशक्त, अनुशासित व सक्रिय बनेगा। विशेष रूप से युवा कार्यकर्ताओं को संगठन में आगे बढ़ने, नेतृत्व संभालने और राष्ट्र सेवा में अपनी भूमिका निभाने के व्यापक अवसर प्राप्त होंगे।



पंकज पूजन रामपाल ने कहा कि नितिन नबीन के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी नए युग में प्रवेश कर रही है, जहां युवा नेतृत्व, नवाचार, नई सोच और आक्रामक संगठनात्मक रणनीति के माध्यम से पार्टी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्र निर्माण के संकल्प को और अधिक मजबूती एवं गति प्रदान करेगी। बिहार के पांच बार के विधायक एवं बिहार सरकार में मंत्री रह चुके नितिन नबीन को विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भारतीय जनता पार्टी का निर्विरोध राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने पर भाजपा फरीदाबाद जिला कार्यालय में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। जिला अध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों के साथ खुशी मनाई, नृत्य किया तथा एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। कार्यालय परिसर में उत्सव जैसा माहौल रहा और कार्यकर्ताओं में खासा जोश दिखाई दिया।

## खबर संक्षेप

### अशोक कुमार गदिया ब्रिक्स के मानद सलाहकार

**गाजियाबाद।** ब्रिक्स चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (ब्रिक्स सीसीआई) ने मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के अध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार गदिया को वित्त वर्ष 2025-27 की अवधि के लिए अपना मानद सलाहकार नियुक्त करने की घोषणा की है। ब्रिक्स एक गैर-लाभकारी संगठन है, जो ब्राज़ील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका, ईरान, मिस्र, इथियोपिया, संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब एवं इंडोनेशिया के बीच आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए कार्य करता है।



### सरकारी स्कूल के छात्र-छात्राओं को स्वेटर बांटे

**फरीदाबाद।** राजकीय प्राथमिक पाठशाला मिलहार्ड के छात्रों को एच पी एल एडीटिवज लि. की फाउण्डेशन एचपीएल की मोना दुग्गल एवं मीनल आनंद ने लगभग 356 बच्चों को स्वेटर भेंट किए गए। आर्थिक रूप से कमजोर एक परिवार के बच्चे को इस सर्दी के मौसम में कड़ी ठंड में राहत मिलेगी।



### चाकू मारकर घायल करने के मामले में 3 काबू

**फरीदाबाद।** पुलिस चौकी नवीन नगर की टीम ने छात्र के साथ मारपीट कर चाकू मारकर घायल करने के मामले में रोशन कुमार , रेहान सैफी तथा विपिन निवासी जैतपुर दिल्ली को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस चौकी नवीन नगर में हरि नारायण निवासी ओम एन्क्लेव पार्ट-1 फरीदाबाद ने शिकायत दी कि उसके पुत्र आकाश के साथ आरोपी रोशन की पुरानी कहासुनी थी।



### 2 वाहन चोर गिरफ्तार दो बाइक बरामद

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस की अपराध शाखाओं की टीम ने अलग-अलग मामलों में दो वाहन चोरों को गिरफ्तार कर चोरी की दो बाइक बरामद की हैं। दरअसल 12 नवंबर 2019 को थाना सेक्टर-8 में एक बाइक चोरी का मामला दर्ज किया गया था जिसमें कार्रवाई करते हुए अपराध शाखा सेक्टर-65 की टीम ने आरोपी जतिन को चोरी की बाइक सहित तिगांव पुल के पास से गिरफ्तार किया है।



### 5000 रुपए का ईनामी बदमाश गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा सेक्टर-56 की टीम ने गो-तस्करी एवं पुलिस टीम को कुचलने के प्रयास के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे 5000 के इनामी आरोपी सोयब को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि आरोपी के विरुद्ध ट्रक के माध्यम से गायों की तस्करी करने तथा पुलिस टीम को कुचलने का प्रयास करने के मामले में 12 फरवरी 2024 को थाना कोतवाली में अभियोग दर्ज किया गया था।



### गाजियाबाद में सनसनीखेज वारदात, घायल पति अस्पताल में भर्ती

# पति की जुबान काटकर फेंक दी, रोज-रोज कहता था खाना अच्छा नहीं बनाती हो

मोदीनगर में पत्नी द्वारा पति की जीभ काटने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया। पुलिस का कहना अच्छा न बनाने के तानों से तंग आकर पत्नी ने अपने पति की दांतों से जीभ काटकर अलग कर दी। आरोपी महिला को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है, वहीं घायल पति को मेरठ के एक अस्पताल में भर्ती कराया है। उसकी हालत अभी भी नाजुक बनी हुई है।


हरिभूमि न्यूज ▶▶|गाजियाबाद

दिल्ली से सटे गाजियाबाद के मोदीनगर में पत्नी द्वारा पति की जीभ काटने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया। पुलिस का कहना अच्छा न बनाने के तानों से तंग आकर पत्नी ने अपने पति की दांतों से जीभ काटकर अलग कर दी। कमरे में बेड पर पति की जीभ बरामद हुई है। पुलिस आरोपी महिला को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है, वहीं घायल पति को मेरठ के एक अस्पताल में भर्ती कराया है। उसकी हालत अभी भी नाजुक बनी हुई है।

मामला मोदीनगर थाना क्षेत्र के संजयपुरी इलाके का है। यहां रहने वाले विपिन का अपनी पत्नी ईशा से मंगलवार की रात खाना बनाने को लेकर कुछ कहासुनी हो गयी थी 1 देखते-देखते मामला इतना बढ़ गया कि ईशा ने अपने दांतोंन से विपिन की जीभ काट कर अलग कर दी 1 विपिन को पहले स्थानीय अस्पताल में लेकर गए जहां से उसे मेरठ रेफर कर दिया गया। गुस्साए परिवार ने पत्नी और उसके घर वालों के साथ मारपीट की।

**खास बातें**

- स्थानीय अस्पताल से उसे मेरठ रेफर कर दिया गया
- करीब आठ महीने पहले मेरठ निवासी ईशा से हुई थी शादी



### देर रात सोते समय पति पर हमला किया

सोमवार को खाना बनाने को लेकर पति-पत्नी में विवाद हुआ था, जो हाथापाई तक पहुंच गया। आरोप है कि इसी के बाद देर रात ईशा ने सोते समय विपिन पर हमला कर उसकी जीभ दांतों से काटकर अलग कर दी। जब परिजन कमरे में पहुंचे तो खून से लथपथ विपिन बेसुध हालत में पड़ा था और जीभ बिस्तर पर गिरी हुई थी।

### शादी के बाद से ईशा ने विपिन के साथ वैवाहिक संबंध नहीं बनाए

घटना से गुस्साए परिवार ने पत्नी और उसके घर वालों के साथ मारपीट भी की। वहीं गंभीर रूप से घायल विपिन के पिता ने अपनी बहू ईशा और उसके मायके पक्ष पर गंभीर आरोप लगाए हैं। ससुर का आरोप है कि शादी के बाद से ही ईशा ने उनके बेटे के साथ वैवाहिक संबंध नहीं बनाए और उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता रहा। ससुर ने बताया कि विपिन, एक निजी कंपनी में कार्यरत है, उसकी शादी करीब आठ महीने पहले मेरठ निवासी ईशा से हुई थी। विपिन के पिता का आरोप है कि शादी के बाद से ही ईशा बेटे से दूरी बनाकर रहती थी। उन्होंने कहा कि बहू विपिन को हाथ तक नहीं लगाने देती थी। यह बात खुद विपिन ने हमें कई बार बताई थी, लेकिन हमने सोचा कि समय के साथ सब ठीक हो जाएगा।

### भारत की सांस्कृतिक एकात्मता का जीवंत महाकाव्य

## ज्योति कलश यात्रा में देवभूमि की अलौकिक झांकी ने मोहा मन

**गुरुग्राम ।** ज्योति कलश यात्रा के दौरान देवभूमि उत्तराखण्ड की अद्भुत एवं अलौकिक झांकी ने उपस्थित श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। हिमालयी संस्कृति, लोकआस्था और आध्यात्मिक गरिमा से सजी इस झांकी ने उत्तराखण्ड की देवतुल्य परम्पराओं, लोकसंस्कृति और आध्यात्मिक चेतना का सजीव दर्शन कराया। जैसे ही यह झांकी यात्रा में आगे बढ़ी, श्रद्धालु भावविभोर होकर नमन करने लगे और पूरा वातावरण जयकारों से गूंज उठा। ज्योति कलश यात्रा केवल आस्था की यात्रा ही नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक एकात्मता का जीवंत महाकाव्य बनकर उभरी।

### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 84 बीएनएसएस देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **विक्की पुत्रः राजू पताः ग्राउंड फ्लोर, पोल नं. जेएफपीजे 176 के पास, गाँव गलिबपुर, जाफरपुर, नई दिल्ली** ने **Ct. Cases 1318/2024 U/s 135 Indian Electricity Act, थानाः जाफरपुर कलाँ, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विक्की** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विक्की** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **Ct. Cases 1318/2024 U/s 135 Indian Electricity Act, थानाः जाफरपुर कलाँ, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **विक्की** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद / मुकद्मा का उत्तर देने के लिए **दिनांक 26.02.2026** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री हरलीन सिंह**
**अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश (दक्षिण पश्चिम)**
**विशेष न्यायालय विद्युत, कोर्ट नं. 609**
**द्वारका कोर्ट, दिल्ली**

**DP/854/DW/2026(Court Matter)**

### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **विकास उर्फ विक्की** पुत्र राम प्रकाश, निवासी- एफ-281-282, मादीपुर कॉलोनी, दिल्ली ने **सीसी संख्या 1784/2021 धारा 138 एनआई अधिनियम, थाना राजौरी गार्डन, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विकास उर्फ विक्की** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है की उक्त अभियुक्त **विकास उर्फ विक्की** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा कि जाती है की उक्त अभियुक्त **विकास उर्फ विक्की, सीसी संख्या 1784/2021 धारा 138 एनआई अधिनियम, थाना राजौरी गार्डन, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **12.03.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**श्री शशांक नंदन भट्ट**
मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट (पश्चिम)
कमरा नंबर 356, तीसरी मंजिल
तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली

**DP/484/WD/2026**

### बृजेंद्र सिंह के नेतृत्व में निकाली जा रही सद्भाव यात्रा

## कांग्रेस ने शहर को बसाने का काम किया, भाजपा लगी है उजाड़ने में



हरिभूमि न्यूज ▶▶|फरीदाबाद

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह के नेतृत्व में निकाली जा रही सद्भाव यात्रा मंगलवार को फरीदाबाद जिले के बडख़ल विधानसभा क्षेत्र में पहुंची। सेक्टर-48 चौक से शुरू हुई जोकि बडख़ल झील चौक, शर्मा चौक, पटेल चौक, मुल्ला होटल, चिमनी बाई गोल चक्कर, 4-5 नंबर मार्केट चौक, 5 नंबर मार्केट, 5 नंबर मार्केट चौक, 5 नंबर सब्जी मंडी, सलूजा पेट्रोल पंप, नीलम चौक, नेहरू ग्राउंड लोहा मंडी के समीप आरबीए कॉलेज, बर्लिना चौक, 1 नंबर मार्केट, फावड़ा चौक, दिल्ली जूस कार्नर, 1-2 नंबर मार्केट चौक, 2 नंबर मार्केट, पंचकुईयां रोड होते हुए जाट धर्मशाला पर संपन्न हुई। इस मौके पर डा. एस.एल. शर्मा ने एक नम्बर में तथा यूनुस, मोहसीन खान ने बडख़ल गांव के समीप सभाओं का आयोजन किया।

### यात्राओं का उद्देश्य देश और समाज को जोड़ना

उन्होंने कहा कि सद्भाव यात्रा राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा से प्रेरित है और दोनों यात्राओं का उद्देश्य समान है, देश और समाज को जोड़ना। उन्होंने गर्व के साथ कहा कि राहुल गांधी ने जो संदेश राष्ट्रीय स्तर पर दिया, वही संदेश यह यात्रा हरियाणा के कोने-कोने तक पहुंचा रही है। पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह ने कहा कि इस यात्रा के माध्यम से उन कांग्रेस कार्यकर्ताओं को भी फिर से सक्रिय किया गया है, जो उपेक्षा की भावना के कारण राजनीतिक रूप से निष्क्रिय हो गए थे। आज वे कार्यकर्ता फिर से सक्रिय भूमिका में आ गये हैं, जिसे इस यात्रा की बड़ी उपलब्धि माना जा सकता है।

### शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर धोखाधड़ी

## पुलिस ने सचिन समेत चार आरोपियों को किया गिरफ्तार




हरिभूमि न्यूज ▶▶|फरीदाबाद

शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर ठगी के मामले में साइबर थाना एनआईटी की टीम ने आरोपी सचिन कुमार ओम वासी इंदौर, लुपेश साह वासी सिमरन सिटी, रायपुर व मेहुल निवासी रायपुर को गिरफ्तार किया है। साइबर थाना एनआईटी में ग्रीन फील्ड कॉलोनी की एक महिला ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि वह फेसबुक पर सर्फिंग कर रही थी, जिस पर शेयर ट्रेडिंग सीखने का विज्ञापन देखा जैसे ही उसने विज्ञापन पर क्लिक किया वह एक वाट्सअप ग्रुप में जुड़ गई।

जिसके बाद कई वाट्सअप नंबर से शेयर मार्केट में निवेश कर मोटा मुनाफा कमाने कॉल आने लगे तथा उसे शेयर मार्केट व आईपीओ में पैसा निवेश करने को कहा जिसके बाद उसने अलग-अलग ट्रांजेक्शन के जरिए कुल 1,40,60,000 रुपए के निवेश किए।

### सरकारी सेवा के साथ खेल के क्षेत्र में भी रचा कीर्तिमान

## ननि फरीदाबाद के जेई आशीष शर्मा ने ताइक्वांडो चैंपियनशिप में दिलाया पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶|फरीदाबाद

देहरादून उत्तराखंड में आयोजित 8वीं इंटरनेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2026 में फरीदाबाद नगर निगम के जूनियर इंजीनियर जेई आशीष शर्मा ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीतकर नगर निगम और पूरे फरीदाबाद का नाम रोशन किया है।

इस जीत पर निगम आयुक्त धीरेंद्र खडग़टा सहित समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों ने जेई आशीष शर्मा को बधाई दी है। सरकारी सेवा में रहते हुए खेल के प्रति समर्पण और अनुशासन का परिचय देते हुए जेई आशीष शर्मा ने पूमसे स्पर्धा में उत्कृष्ट तकनीकी कौशल, संतुलन और आत्मविश्वास का प्रदर्शन किया। उनकी यह उपलब्धि न केवल खेल प्रतिभा का प्रमाण है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि जिम्मेदार सरकारी पद पर रहते हुए भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन संभव है। इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में फरीदाबाद के कोच रघुविंदर चौधरी के मार्गदर्शन में तीन खिलाडिय़ों ने भाग लिया और तीनों ने पदक जीतकर उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की। प्रतियोगिता की क्योरुगी स्पर्धा में मोनी प्रजापति एवं मानवी मिश्रा ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किए। वहीं फरीदाबाद नगर निगम के जेई आशीष शर्मा ने पूमसे स्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर कांस्य पदक हासिल किया। इस प्रकार फरीदाबाद ने प्रतियोगिता में कुल 2 स्वर्ण और 1 कांस्य पदक जीतकर शहर को गौरवान्वित किया।




### 10 वर्षो से नियमित अभ्यास और अनुशासन बनाए रखा

नगर निगम फरीदाबाद के जेई आशीष शर्मा की उपलब्धि विशेष रूप से सराहनीय रही। उनकी इस सफलता से नगर निगम कर्मचारियों एवं युवाओं को खेल और स्वास्थ्य के प्रति प्रेरणा मिली है। कोच रघुविंदर चौधरी ने आशीष शर्मा की सराहना करते हुए कहा किए जेई आशीष शर्मा ने सीमित समय और व्यस्त सरकारी दायित्वों के बावजूद 10 वर्षो से नियमित अभ्यास और अनुशासन बनाए रखा, जो उनकी इस अंतरराष्ट्रीय सफलता का मुख्य कारण है। नगर निगम के अधिकारियों, सहकर्मियों एवं खेल प्रेमियों ने जेई आशीष शर्मा की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी और इसे नगर निगम के लिए गर्व का क्षण बताया। आशीष शर्मा की यह उपलब्धि आने वाली पीढ़ी के लिए यह संदेश देती है कि कर्तव्य और खेलकृदोनों में संतुलन बनाकर भी अंतरराष्ट्रीय पहचान हासिल की जा सकती है।

### कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय, सोनीपत।

**मु.न. 35 दिनांक 15.01.2026 धारा 127(6) बी.एन.एस. थाना कुण्डली जिला सोनीपत।**

**गुमशुदा की पहचान**



नाम - नन्दनी।
पिता का नाम - कुलदीप।
पता - वासी गली न0.3 नव चेतना स्कूल प्याऊ मनीयारी कुण्डली सोनीपत हरियाणा।
उम्र 18 वर्ष।
कद - 5 फुट 2 ईन्च।
हुलियाः- रंग गेंहुआ, गोल चेहरा, काले बाल, काली आँखे, गोल नाक, सामान्य शरीर है।
पहनावाः- पीले रंग का सूट सलवार व पैरों में काले रंग जूती पहने हुए है।

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि दिनांक 27.12.2025 को नन्दनी पुत्री कुलदीप वासी गली नं. 3 नव चेतना स्कूल प्याऊ मनीयारी कुण्डली सोनीपत जो अपनी मर्जी से घर से बिना बताए कहीं चली गयी है जो अब तक वापिस नही आयी है। जिस सम्बन्ध में उपरोक्त मुकदमा थाना कुण्ड़ली में दर्ज रजिस्टर है। अगर किसी को उपरोक्त गुमशुदगी बारे कोई सूचना मिलती हैं तो निम्नलिखित नंबरों पर सुचित करे।

**प्रबन्धक थाना कुण्डली -7419410537**
**अनुसंधानकर्ता मो0 न0-8053047698**
**पुलिस कन्ट्रोल रुम सोनीपत- 0130-2222903,100**

**अपराध अभिलेख अधिकारी,**
**कृते पुलिस उपायुक्त।**
**मुख्यालय, सोनीपत**

पीआरडीएच-1084/11/4370/2026/42235/88/7 दि. 20.01.26

## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प कुरुक्षेत्र | गांव खैरा, कुरुक्षेत्र में राजीव गांधी खेल स्टेडियम के कार्य हेतु विशेष मरम्मत आकलन। | 17.01.2026 28.01.2026 | 152.04 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1744297271 pwd-eepd2-kurukshetra@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प कुरुक्षेत्र | कुरुक्षेत्र जिले में सीएचसी लाडवा की विशेष मरम्मत। | 17.01.2026 27.01.2026 | 41.47 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1744297271 pwd-eepd2-kurukshetra@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प करनाल | समालखा पानीपत में राजकीय आईटीआई चुलकाना का निर्माण (ईएलवी सर्विसेज और विद्युत उपकरणों का प्रावधान केवल) + 3 कार्य। | 17.01.2026 26.01.2026 | 320.76 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842265696 pwd-eeed-karnal@hry.nic.in |
| 4 | नागरिक उड्डयन विभाग हरियाणा | डीजीसीए/बीसीएएस/एमओसीए इत्यादि द्वारा अपेक्षित अनुसार सभी सम्बद्ध मैनुअल्स की तैयारी, जमा करवाना, अनुमोदन, संशोधन और रखरखाव। | 20.01.2026 27.01.2026 | ईएमडी 40,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 1722709386 cavation@hry.nic.in |
| 5 | पुलिस महानिदेशक, हरियाणा | हरियाणा पुलिस के लिए 180 अदद डेस्कटॉप कम्प्यूटर की खरीद। | 20.01.2026 04.02.2026 | 99 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416431319 supdt.provphq@gmail.com |
| 6 | पंचायती राज राजौंद | अम्बेडकर भवन गांव तारागढ़ को पूरा करना। | 17.01.2026 24.01.2026 | 5.04 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8630071961 sdoprrajound@gmail.com |
| 7 | वन विभाग सिरसा | नई बिल्डिंग के निर्माण और रखरखाव कार्यों हेतु सार्वजनिक सूचना। | बंद होने की तिथि 27.01.2026 | 96.28 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416029545 forest_sirsa@yahoo.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच-11/2026/140/42241/I/88/7 दि. 20.01.26

## खबर संक्षेप

### पेंशन भुगतान में लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी

**लखनऊ।** योगी सरकार के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्य मंत्री नरेन्द्र



कश्यप ने निर्देश दिए हैं कि पेंशन भुगतान में लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने ये निर्देश दिव्यांगता पर गठित राज्य सलाहकार बोर्ड की 7वीं बैठक में दिए। उन्होंने केंद्र और प्रदेश सरकार की सभी योजनाओं का लाभ दिव्यांगजनों तक समयबद्ध, निष्पक्ष व बिना किसी बाधा के पहुंचाने को कहा।

### कोडरमा में 13साल के बच्चे का झाड़ियों में मिला शव

**कोडरमा।** जिले के मरकच्चो थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम राजारायडीह में मंगलवार की सुबह 13 वर्षीय बच्चे



का शव मिलने से सनसनी फैल गई। लोगों ने गांव के बाहर स्थित एक झाड़ी में शव देखा, जिसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई।शव मिलने के बाद परिजनों ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि बच्चे की पीठ और पेट पर चोट के कई निशान हैं, जिससे प्रतीत होता है कि उसकी पीट-पीटकर हत्या की गई है।

### पटना हाईकोर्ट से एक दिन में 463 लोगों को बेल

**पटना।** पटना हाईकोर्ट से 463 लोगों को जमानत दी गई. शराबबंदी कानून से जुड़े मामले में कोर्ट की ओर से यह जमानत दी गई है। जस्टिस रुद्र प्रकाश मिश्रा की एकल पीठ ने शराब से संबंधित कुल 508 मामलों की सुनवाई की। रुद्र प्रकाश मिश्रा की बेंच ने खराब कार्यान्वयन और छोटी मात्रा में शराब मिलने पर भी लंबी जेल अवधि को देखते हुए यह ऐतिहासिक फैसला सुनाया, जिससे अदालतों पर बोझ कम हुआ।

---

उज्जवल भविष्य की दीं शुभकामनाएं

# सीएम योगी ने भाजपा के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष से की मुलाकात

सीएम योगी आदित्यनाथ ने नई दिल्ली में भाजपा के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन से मुलाकात की। उन्होंने नितिन नबीन को बधाई दी और उनके कुशल नेतृत्व, संगठनात्मक अनुभव से पार्टी को नई ऊर्जा मिलने की आशा व्यक्त की। योगी ने विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में नितिन नबीन संगठन को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे और 'राष्ट्र प्रथम' के भाव को सुदृढ़ करेंगे। उन्होंने उत्तर प्रदेश को निरंतर मार्गदर्शन की उम्मीद भी जताई।

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन से मुलाकात की और उन्हें बधाई के साथ उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। सीएम योगी ने मंगलवार को नई दिल्ली स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष को पुष्पगुच्छ भेंट किया और अपने सोशल मीडिया एकाउंट 'एक्स' पर पोस्ट करके भी उन्हें पार्टी का नया राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने पर शुभकामनाएं दीं।

**खास बातें**

- नितिन नबीन के नेतृत्व से पार्टी को नई ऊर्जा मिलने की आशा
- प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में संगठन को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का विश्वास



#### भाजपा में पीढ़ीगत बदलाव का प्रतीक

नितिन नबीन 45 साल की उम्र में पार्टी के शीर्ष तक पहुंचने वाले पहले शख्स बन गए हैं। नबीन 26 साल की उम्र में विधायक बन गए थे। 45 साल की उम्र में वह भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बन गए हैं। उनका इस पद तक पहुंचना भाजपा में एक पीढ़ीगत बदलाव का प्रतीक है। यह पहली बार है कि बिहार से कोई नेता पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बना है।

#### लोकतांत्रिक मूल्यों को और मजबूती प्राप्त होगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आपके कुशल नेतृत्व, संगठनात्मक अनुभव और दूरदर्शिता से पार्टी को नई ऊर्जा-दिशा मिलेगी तथा लोकतांत्रिक मूल्यों को और मजबूती प्राप्त होगी। सीएम ने आशा जताई कि उत्तर प्रदेश को भी आपका निरंतर मार्गदर्शन प्राप्त होता रहेगा। मुख्यमंत्री ने अपनी पोस्ट में लिखा कि पूर्ण विश्वास है कि आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के यशस्वी मार्गदर्शन में आप अंत्योदय के पथ पर चलते हुए अपनी निष्ठा व समर्पण से संगठन को नई ऊंचाइयां प्रदान करेंगे एवं सभी कर्मठ कार्यकर्ताओं में 'राष्ट्र प्रथम' के भाव को और सुदृढ़ करेंगे। आपके उज्ज्वल कार्यकाल हेतु अनंत शुभकामनाएं।

---

सारण तटबंध के निर्माण कार्य का उद्घाटन किया

# सीएम नीतीश कुमार ने गोपालगंज के लिए खोला खजाना, दी 316 करोड़ की योजनाओं की सौगात

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गोपालगंज में 316 करोड़ रुपये की 40 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन किया। उन्होंने सारण तटबंध और बरौली प्रखंड में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने 2005 से पहले की खराब स्थिति की आलोचना करते हुए अपनी सरकार के शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क और बिजली में किए गए कार्यों पर जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को योजनाओं का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समृद्धि यात्रा के दौरान आज गोपालगंज पहुंचे, जहां उन्होंने 181 करोड़ रुपये की लागत की 33 योजनाओं का शिलान्यास तथा 135 करोड़ रु० की लागत की 7 योजनाओं का उद्घाटन किया। इसके अलावा जिले का भ्रमण तथा योजनाओं का स्थल निरीक्षण किया एवं प्रगति की समीक्षा की। सीएम नीतीश कुमार ने एक्स पर पोस्ट करके बताया कि भ्रमण के दौरान बतरदेह पंचायत में सारण तटबंध के निर्माण कार्य का उद्घाटन किया। बरौली प्रखंड में विभिन्न विकास योजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन किया। वहां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का भी निरीक्षण किया गया।

**खास बातें**

- सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण
- वर्ष 2005 ये पहले हिंदू-मुस्लिम झगड़े आम बात थी, बहुत कम बच्चे स्कूल जाते थे



**24 नवंबर 2005 को बिहार में पहली बार एनडीए की सरकार बनी तभी से कानून का राज**

**लालू-राबड़ी पर साधा निशाना**

मुख्यमंत्री ने सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि 24 नवंबर 2005 को बिहार में पहली बार एनडीए की सरकार बनी और तभी से राज्य में कानून का राज स्थापित हुआ। उन्होंने कहा कि 2005 से पहले बिहार की स्थिति बेहद खराब थी। लोग शाम ढलते ही घर से बाहर निकलने में डरते थे। समाज में आए दिन विवाद होते थे और हिंदू-मुस्लिम झगड़े आम बात थी। शिक्षा व्यवस्था बदहाल थी, बहुत कम बच्चे पढ़ाई कर पाते थे। इलाज की समुचित व्यवस्था नहीं थी और सड़कों की हालत भी जर्जर थी।

---

सीएम हेमंत सोरेन से मिले स्वीडन के अधिकारी

# झारखंड-स्वीडन के बीच व्यापारिक रिश्तों को बढ़ावा



एजेंसी ▶▶ रांची

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, झारखंड विधानसभा की महिला और बाल विकास समिति की अध्यक्ष सह विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन एवं झारखंड के आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल के साथ स्वीडन-इंडिया बिज़नेस काउंसिल की चीफ इंडिया रिप्रेज़ेंटेटिव सेसिलिया ओल्डने ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर झारखंड और स्वीडन के बीच व्यापारिक सहयोग को और सुदृढ़ करने पर विस्तृत चर्चा हुई।

#### अप्रैल में राउंडटेबल बैठक

बैठक के दौरान दावोस में हुई इस चर्चा व मख्यमंत्री के पिछले वर्ष के स्वीडन दौरे के दौरान स्वीडिश कंपनियों जैसे वोल्वो और अन्य के साथ हुई वार्ताओं के निष्कर्षों और आगे के कार्यबिंदुओं को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से आगामी अप्रैल माह में एक विशेष राउंडटेबल बैठक के आयोजन पर भी सहमति बनी।

#### ई-साइकिल की संभावनाओं पर तैयार होगा रिपोर्ट

मुख्यमंत्री ने स्वीडन-इंडिया बिज़नेस काउंसिल से अपील किया कि राज्य में साइकिलों के उपयोग तथा विद्यालयी बच्चों के लिए ई-साइकिल की संभावनाओं पर एक फ़ीज़िबिलिटी रिपोर्ट तैयार करें।

---

## पेज एक का शेष

### राजनीति भोग नहीं, त्याग...

कार्यकर्ताओं ने वह समय देखा जब अयोध्या में राम मंदिर का मार्ग प्रशस्त हुआ। जम्मू-कश्मीर की जनता ने धारा 370 से मुक्ति का दौर देखा...जब हम श्रीनगर के लाल चौक में तिरंगा लहराते देखते हैं तो गर्व की अनुभूति होती है। हमने वह दौर भी देखा है जब पाकिस्तान के झंडे लहरा रहे थे और दिल्ली की सरकार मौन बैठी थी। जब 370 की समाप्ति हुई तो कश्मीर की फिज़ा बदली है। हम 'राष्ट्र पहले, पार्टी बाद में, और खुद सबसे आखिर में' के आदर्श पर काम करते हैं। हम ऐसे राजनीतिक दल से जुड़े हैं जहां राजनीति सत्ता नहीं, साधना है। राजनीति भोग नहीं, त्याग है। राजनीति ऐशो-आराम नहीं, तपस्या है। राजनीति कोई पदभार नहीं, उत्तरदायित्व है। हमें अपने हिस्से का त्याग करना होगा। उन्होंने कहा कि हमने कार्यकर्ता के तौर पर पीएम मोदी को देशसेवा के काम करते हुए देखा। आपको देख कर ही सीखा है कि जो व्यक्ति खुद को लोगों की भावनाओं से जुड़ने वाला बना सकता है, वही बड़ा शख्स बनता है।

### लक्ष्मण ने संगठनात्मक

में उपस्थित थे। नबीन भाजपा के 12वें अध्यक्ष बने, जिसकी स्थापना 1980 में हुई थी, उसी वर्ष उनका जन्म भी हुआ था। सादगीप्रिय और कम चर्चित नबीन ने 14 दिसंबर को भाजपा का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त होने के बाद बिहार सरकार में कानून और न्याय, शहरी विकास और आवास मंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया था।

### नितिन मेरे भी बॉस ...

बहुमत मिला। फिर अमित भाई के नेतृत्व में, बीजेपी ने कई राज्यों में सरकारें बनाईं और केंद्र में लगातार दूसरी बार सत्ता हासिल की। जेपी नड्डा जी के नेतृत्व में, बीजेपी पंचायत से लेकर संसद तक मज़बूत हुई और तीसरी बार सत्ता में लौटी। मैं बीजेपी के सभी पूर्व अध्यक्षों को सलाम करता हूँ।

पीएम मोदी ने कहा कि आने वाले 25 साल एक विकसित भारत के भविष्य को आकार देंगे। अगले 25 साल बहुत ज़रूरी हैं। यह वह समय है जब एक विकसित भारत बनाना है और यह ज़रूर बनेगा। इस अहम दौर में, नितिन नवीन जी बीजेपी की विरासत को आगे बढ़ाएंगे। नितिन जी में युवा जोश के साथ-साथ लंबा संगठनात्मक अनुभव भी है। इससे हर बीजेपी कार्यकर्ता को फायदा होगा।

मोदी ने कहा कि आज देश को याद भी नहीं होगा कि 1984 में कांग्रेस को 400 से अधिक सीटें मिली थीं और देश ने कांग्रेस को करीब-करीब 50% वोट दिया था, लेकिन आज कांग्रेस 100 सीटों के लिए तरस गई है। कांग्रेस अपने इस घनघोर पतन की कभी समीक्षा नहीं करती, क्योंकि अगर समीक्षा करेंगे और पतन के कारणों पर जाएंगे तो उसी परिवार पर सवाल उठेंगे, जिस परिवार ने कांग्रेस पर कब्जा कर रखा है। और इसलिए बहाने ढूंढते रहते हैं। पतन का सही कारण ढूंढने की हिम्मत तक खो चुके हैं। जो कांग्रेस की बुराइयों से बचेगा, वही देश में आगे बढ़ेगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज देश के सामने बहुत बड़ी चुनौती घुसपैठियों की है। दुनिया के समर्थ देश भी अपने देश में घुसपैठियों की जांच पड़ताल कर रहे हैं और उनको पकड़-पकड़ कर निकाल रहे हैं। दुनिया में कोई अपने देश में घुसपैठियों को स्वीकार नहीं करता, भारत भी घुसपैठियों को अपने गरीबों, युवाओं के हक लूटने नहीं दे सकता। घुसपैठिए देश की सुरक्षा के लिए बहुत बड़ा खतरा है, उनकी पहचान करके उन्हें वापस उनके देश भेजना बहुत जरूरी है। इसके अलावा ऐसे राजनीतिक दल जो वोट बैंक की राजनीति में घुसपैठियों को बचा रहे हैं, उन्हें हमें पूरी शक्ति से जनता के सामने बेनकाब करना होगा।

### राज्य सभा के...

की परिकल्पना को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा, "विधान मंडल विधेयकों, बजट आदि पर हुए विभिन्न वाद-विवादों सहित सभी आधिकारिक नीतिगत दस्तावेजों के संरक्षक होते हैं। ये दस्तावेज सदन के पटल पर रखने के बाद, सदन का अभिन्न अंग बन जाते हैं। यह जानकारी प्रायः विभिन्न मंत्रालयों में अलग-अलग उपलब्ध होती है। संसद और राज्य विधान सभाएँ एआई का उपयोग करके एक ऐसा मंच विकसित कर सकती हैं, जिससे यह जानकारी सर्वसुलभ हो सके। इससे इस संस्था को एक ज्ञान-केंद्र के रूप में बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने आगे 'डेटा लेक' की आवश्यकता पर प्रकाश डाला, जिससे विधायी वाद-विवादों की विशिष्ट भाषा, शब्दावली तथा देश भर में विद्यमान दस्तावेजों के उपयोग से भारतीय संदर्भ के लिए सर्वाधिक उपयुक्त प्रौद्योगिकी का सृजन किया जा सके।

हरिवंश ने एक ऐसी हाइब्रिड प्रणाली का आह्वान किया, जिसमें एआई के प्रशिक्षण और उसके द्वारा प्रदान किए जाने वाले आउटपुट की प्रकृति पर मानवीय निगरानी बनी रहे। उन्होंने इस बात पर बल दिया, "संसदीय उपयोग के लिए एआई को उपयुक्त बनाने वाला घटक केवल इसकी "एल्गोरिदमिक" क्षमता नहीं है। यह वह ज्ञान होता है जिस पर इस प्रौद्योगिकी को प्रशिक्षित किया संकलित संसदीय आंकड़ों से पोषित किया जाना चाहिए। संसदीय एआई का प्रशिक्षण संसद के भीतर ही होना चाहिए और उसे सावधानीपूर्वक या आउटसोर्स किए जा सकते हैं। तथपि, ज्ञान संदर्भ-विशिष्ट होता है और किसी भी संस्था के भीतर गहराई से निहित रहता है। संसदीय ज्ञान अद्वितीय है। इसका सृजन दशकों में वाद-विवादों, विनिर्णयों, परंपराओं और संवैधानिक प्रथाओं के माध्यम से विकसित हुआ है।"

अपने संबोधन में, उन्होंने यह भी बताया कि संसद में किस प्रकार एआई-सक्षम प्रतिलेखन (ट्रांसक्रिप्शन) और बहुभाषी सेवाएँ प्रदान करने हेतु युगपत भाषांतरण का परीक्षण किया जा रहा है। वर्तमान में, संसद सदस्य सभा की कार्यावलि एवं अन्य प्रशासनिक पत्र अपनी पसंद की भाषा में प्राप्त कर सकते हैं। इसे एआई के माध्यम से क्रियान्वित किया गया है। इसके अतिरिक्त, उपसभापति ने यह उल्लेख किया कि किस प्रकार प्रश्नकाल के लिए प्रश्नों की ग्राह्यता की जांच, पूर्व उदाहरणों एवं निर्णयों की खोज जैसे नियमित प्रशासनिक कार्य भी एआई के माध्यम से किए जा सकते हैं। उन्होंने अधिकारियों/कर्मचारियों और विधि-निर्माताओं के लिए और अधिक जागरूकता उत्पन्न करने एवं और ओरिएंटेशन सत्र आयोजित करने की भी अपील की ताकि वे अपनी-अपनी भूमिकाओं को कुशलतापूर्वक से निभा सकें। डिजिटल उपकरणों के उपयोग के अतिरिक्त, जवाबदेही को पुख्ता करने तथा विधि निर्माताओं की क्षमता निर्माण से संबंधित विषयों पर भी इस सम्मेलन में चर्चा की गई। यह सम्मेलन 19 जनवरी को माननीय राज्यपाल आनंदीबेन पटेल तथा लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला की उपस्थिति में प्रारंभ हुआ।

### हरियाणा भाजपा की...

की गई। बैठक में आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से चर्चा हुई तथा कार्य योजना पर विचार-विमर्श किया गया। प्रदेश में चल रहे वीबी जीरामजी योजना अभियान, आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान सहित अनेकों अभियानों व कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। वहीं आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में पंचकूला, सोनीपत और अंबाला में होने वाले आगामी नगर निगम चुनाव तथा हरियाणा के आगामी बजट को लेकर भी गहन चर्चा हुई। साथ ही पिछले दिनों दिल्ली में हुई कोर ग्रुप की बैठक में लिए गए निर्णयों पर भी विचार विमर्श हुआ। बैठक में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हरियाणा के बजट को जन-जन का बजट बनाने की बात कही। उन्होंने बजट पर आए लोगों के सुझाव तथा सरकार की चल रही योजनाओं के बारे में भी बताया। वहीं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने कहा हमारे कार्यकर्ता वीबी जीरामजी योजना को लेकर विपक्ष के झूठ को बेनकाब कर रहे हैं। केंद्र से आए सभी कार्यक्रमों को लेकर कार्यकर्ताओं ने उत्साह दिखाया है। बैठक में सभी नेताओं ने चल रहे अभियान सहित वीबी जीरामजी योजना के बारे में गांव-गांव तक लोगों को जागरूक करने पर जोर दिया। प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया और सह प्रभारी सुरेंद्र नागर ने भी संगठनात्मक विषयों के बारे में विचार और सुझाव रखे। बैठक में इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि संगठन और सरकार के आपसी तालमेल से केंद्र व सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे।

### डिजिटल युग में

लिया। नृत्य के बारे में जानने समझने ऑनलाइन ट्रैफिक की बाढ़ आ गई।

**'वोकल फॉर लोकल' से 'ग्लोबल फॉर लोकल' :** संस्कृति विशेषज्ञों का मानना है कि प्रधानमंत्री मोदी की 'वोकल फॉर लोकल' सोच ने अब 'ग्लोबल फॉर लोकल' का रूप ले लिया है। लोक कला, जो पहले सीमित भौगोलिक दायरे में सिमटी थी, अब डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से वैश्विक दर्शकों तक पहुँच रही है।

**कलाकारों और युवाओं के लिए नए अवसर :** इस वैश्विक पहचान से असम के लोक कलाकारों, नर्तकों और युवाओं के लिए नए अवसर खुले हैं, अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक आयोजनों में आमंत्रण, डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर पहचान

**पर्यटन और सांस्कृतिक अर्थव्यवस्था को बढ़ावा :** स्थानीय कलाकारों का कहना है कि बागुरुम्बा नृत्य को मिली यह पहचान उनके वर्षों के अभ्यास और परंपरा के संरक्षण का सम्मान है।

**सांस्कृतिक कूटनीति का नया अध्याय :** विशेषज्ञ इसे भारत की सॉफ्ट पावर और सांस्कृतिक कूटनीति का सशक्त उदाहरण मान रहे हैं। प्रधानमंत्री के माध्यम से जब कोई लोक कला वैश्विक मंच पर पहुँचती है, तो वह केवल एक नृत्य नहीं, बल्कि भारत की विविधता और सांस्कृतिक आत्मा का संदेश देती है। असम का बागुरुम्बा ध्वू नृत्य अब केवल एक क्षेत्रीय लोकनृत्य नहीं रहा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की डिजिटल पहल और सांस्कृतिक समर्थन ने इसे वैश्विक सांस्कृतिक पहचान में बदल दिया है।वीयह उदाहरण दर्शाता है कि सही मंच और राजनीतिक इच्छाशक्ति के साथ भारत की लोक विरासत दुनिया को आकर्षित कर सकती है।

---

### 37 सांसद 2027 के विस चुनाव में जीत दिलाएंगे

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश



यादव ने मंगलवार को सपा के सभी सांसदों की मीटिंग बुलाई। अखिलेश अपने सांसदों से आगामी चुनावी रणनीति और संगठन मजबूत करने की चर्चा की।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना (ई-टेंडरिंग द्वारा)**

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम तथा स्थान | बड़ौदा हाउस स्थित कार्मिक शाखा के लिए प्रशिक्षण केंद्र उपलब्ध कराने हेतु दूरसंचार सुविधाएं प्रदान करना। |
| कार्य की अनुमानित लागत | 85,36,833.9/- मात्र |
| धरोहर राशि | 1,70,700.00/- मात्र |
| कार्यालय का पता | वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता-C, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली-110055 |
| निविदा प्रपत्र जमा करने तथा निविदा खुलने का दिनांक तथा समय। | निविदा प्रपत्र जमा अपलोड करने का समय दिनांक 13.02.2026 15:00 बजे तक |
| वेब साइट एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है। | उत्तर रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें या देखे नोटिस बोर्ड, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली-110055 |

निविदा संख्या: 558-सिगनल-16 -टेली-ओपनटेंडर-1029 दिनांक: 20.01.2026

208/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**हरियाणा लोक सेवा आयोग**
**बेज नं. 1-10, ब्लॉक-बी, सेक्टर-4, पंचकूला**

**घोषणा**

**विषय : माध्यमिक शिक्षा विभाग, हरियाणा में शेष हरियाणा कैडर के लिए अग्रेजी विषय में पोस्ट ग्रेजुएट टीचर्स (पीजीटीएस) के पद के लिए विषय ज्ञान परीक्षा (विज्ञा. सं. 22/2024)**

माध्यमिक शिक्षा विभाग, हरियाणा में शेष हरियाणा कैडर के लिए अग्रेजी विषय में पोस्ट ग्रेजुएट टीचर (पीजीटी) के पदों के लिए विषय ज्ञान परीक्षा (विज्ञा. सं. 22/2024) हेतु क्वालीफाइड हो चुके उम्मीदवारों की सामान्य जानकारी के लिए एतद द्वारा यह घोषणा की जाती है कि आयोग ने नीचे दिये गये कार्यक्रम के अनुरूप विषय ज्ञान परीक्षा आयोजित करने का निर्णय लिया है :-

| क्र.सं. | विज्ञा. सं. | पद व विभाग का नाम | परीक्षा/पेपर का प्रकार | परीक्षा की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 22/2024 | माध्यमिक शिक्षा विभाग, हरियाणा में शेष हरियाणा कैडर के लिए अग्रेजी विषय में पोस्ट ग्रेजुएट टीचर्स (पीजीटीएस) | विषय ज्ञान परीक्षा | 01.02.2026 (प्रातःकालीन सत्र) |

उम्मीदवारों को अपने प्रवेश-पत्र आयोग की वेबसाइट अर्थात http://hpsc.gov.in पर उपलब्ध करवाए गए लिंक से 27.01.2026 से डाउनलोड करने का परामर्श दिया जाता है।

**टिप्पणियां :-**

1. उम्मीदवारों को प्रवेश-पत्र डाउनलोड करने और ए-4 साइज पेपर पर इसका प्रिंट लेने का निर्देश दिया जाता है ताकि उनके फोटो और अन्य विवरण आसानी से देखे / प्रमाणित किये जा सकें। अस्पष्ट फोटो / हस्ताक्षरों सहित छोटे आकार के प्रवेश-पत्र वाले उम्मीदवारों को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
2. उम्मीदवारों को प्रवेश-पत्र पर दिये गये सभी निर्देश बहुत ध्यानपूर्वक पढ़ने का परामर्श दिया जाता है।

दिनांक : 19.01.2026

हस्ता/- उप सचिव
हरियाणा लोक सेवा आयोग, पंचकूला

**हरियाणा लोक सेवा आयोग**
**बेज नं. 1-10, ब्लॉक-बी, सेक्टर-4, पंचकूला**

**घोषणा**

**विषय : वित्त विभाग, हरियाणा में ट्रेजरी ऑफिसर / असिस्टेंट ट्रेजरी ऑफिसर के पदों के लिए मुख्य परीक्षा (लिखित) (विज्ञा. सं. 23/2023)**

वित्त विभाग, हरियाणा में ट्रेजरी ऑफिसर/असिस्टेंट ट्रेजरी ऑफिसर के पदों के लिए मुख्य परीक्षा (लिखित) हेतु शॉर्ट लिस्टेड किए गए उम्मीदवारों की सामान्य जानकारी के लिए एतद द्वारा यह घोषणा की जाती है कि आयोग ने नीचे दिये गये कार्यक्रम के अनुरूप मुख्य परीक्षा (लिखित) आयोजित करने का निर्णय लिया है :-

| क्र.सं. | विज्ञा. सं. | पद व विभाग का नाम | पेपर | परीक्षा की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 23/2023 | वित्त विभाग, हरियाणा में ट्रेजरी ऑफिसर/ असिस्टेंट ट्रेजरी ऑफिसर | पेपर-II | 01.02.2026 (प्रातःकालीन सत्र) |
| | | | पेपर-III | 01.02.2026 (सायंकालीन सत्र) |

उम्मीदवारों को अपने प्रवेश-पत्र आयोग की वेबसाइट अर्थात http://hpsc.gov.in पर उपलब्ध करवाए गए लिंक से 27.01.2026 से डाउनलोड करने का परामर्श दिया जाता है।

**टिप्पणियां :-**

1. उम्मीदवारों को प्रवेश-पत्र डाउनलोड करने और ए-4 साइज पेपर पर इसका प्रिंट लेने का निर्देश दिया जाता है ताकि उनके फोटो और अन्य विवरण आसानी से देखे / प्रमाणित किये जा सकें। अस्पष्ट फोटो / हस्ताक्षरों सहित छोटे आकार के प्रवेश-पत्र वाले उम्मीदवारों को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
2. उम्मीदवारों को प्रवेश-पत्र पर दिये गये सभी निर्देश बहुत ध्यानपूर्वक पढ़ने का परामर्श दिया जाता है।

दिनांक : 20.01.2026

हस्ता/- उप सचिव

संवाद-1156/13/374/2026/42211/88/7 दि. 20.01.26

हरियाणा लोक सेवा आयोग, पंचकूला



# श्रेयस होंगे पलाश की फिल्म के लीड हीरो

**मुंबई।** म्यूजिक कंपोजर, डायरेक्टर पलाश मुछाल पिछले दिनों क्रिकेट स्मृति मंधाना से टूटी अपनी शादी को लेकर चर्चा में रहे। लगभग दो महीने बाद वह काम पर लौटे हैं। जल्द ही एक अनाम फिल्म निर्देशित करेंगे। इस फिल्म में लीड रोल में बॉलीवुड के एक नामी अभिनेता नजर आएंगे। पलाश मुछाल ने अपनी एक अनाम फिल्म की घोषणा की है। इस फिल्म को वही निर्देशित करेंगे। इसकी कहानी एक आम आदमी की जिंदगी पर आधारित होगी। फिल्म में लीड रोल एक्टर श्रेयस तलपदे निभाएंगे। पलाश मुछाल पहली बार किसी फिल्म का निर्देशन नहीं कर रहे हैं। वह पहले भी 'अर्ध' और 'काम चालू है' जैसी फिल्में बना चुके हैं।

लाइफ Style



# समीरा
## संजय के साथ शेयर कीं 2006 की यादें

बॉलीवुड के सितारे इन दिनों साल 2016 की यादें शेयर कर रहे हैं। ऐसे में अभिनेत्री समीरा रेड्डी एक कदम आगे बढ़ गई हैं। उन्होंने 2006 की यादें शेयर की हैं। उन्होंने 'मुसाफिर' के साथी कलाकार संजय दत्त के साथ 20 साल पहले की तस्वीर शेयर की है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

समीरा रेड्डी ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में वह संजय दत्त के साथ एक तस्वीर दिखाते हुए कहती हैं कि 2016 का ट्रेंड क्यों फॉलो करें। चलो 2006 में चलते हैं। इसके बाद वीडियो में संजय दत्त नजर आते हैं। संजय दत्त हंसते हैं और समीरा रेड्डी उनसे गले मिलती हैं। वीडियो के कैप्शन में समीरा ने लिखा है '20 साल पहले के संजय दत्त के साथ। वह अभी भी उसी तरह हैं।' वीडियो में 'मुसाफिर' का गाना 'ओ साकी' बज रहा है। संजय गुप्ता के निर्देशन में बनी फिल्म 'मुसाफिर' (2004) में अनिल कपूर, आदित्य पंचोली, महेश मांजरेकर और शक्ति कपूर भी अहम भूमिकाओं में थे। कोएना मित्रा ने इस फिल्म से एक्टिंग कॅरियर की शुरुआत की थी। यह अमेरिकन फिल्म 'यू टर्न' (1997) की रीमेक थी। समीरा रेड्डी अपनी अपकमिंग फिल्म 'चिमनी' की रिलीज की तैयारी कर रही हैं। इसमें वह काली का किरदार निभाती नजर आएंगी। समीरा 'मैंने दिल तुझको दिया', 'रेस' और 'टैक्सी नंबर 9211' जैसी फिल्मों में अपने काम के लिए जानी जाती हैं। संजय दत्त हाल ही में फिल्म 'द राजा साब' और 'धुरंधर' में नजर आए हैं। वह जल्द ही 'धुरंधर 2' और 'राजा शिवाजी' का हिस्सा होंगे।

## हॉलीवुड मसाला




# पीचनो संग नजर आए नूर

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के 85 साल के दिग्गज एक्टर अल पचीनो और उनकी 53 साल छोटी एक्स-गर्लफ्रेंड नूर अल्फल्लाह फिर से साथ आ गए हैं? यह सवाल इसलिए कि लॉस एंजिल्स में दोनों को एकसाथ डिनर पर देखा गया है। इसके बाद से ही उनके रिश्ते की मौजूदा स्थिति के बारे में अटकलें लगने लगी हैं। 32 साल की नूर अल्फल्लाह दिग्गज एक्टर के बेटे की मां भी हैं। साल 2023 में नूर ने बेटे रोमन को जन्म दिया। लेकिन, फिर दोनों की राहें अलग हो गईं।



# मुंबई में परफॉर्म करेंगे लिंकिन समेत 40 आर्टिस्ट

**मुंबई।** लोलापालूजा इंडिया 2026 में 24 से 25 जनवरी को मुंबई के महालक्ष्मी रेसकोर्स में वापसी कर रहा है। जिसमें चार स्टेजों पर 40 से अधिक भारतीय और अंतरराष्ट्रीय कलाकारों के साथ अब तक की सबसे बड़ी परफॉर्मेंस होगी। लोलापालूजा इंडिया 2026 मुंबई में फिर से आ रहा है, जिसमें लिंकिन पार्क, प्लेबॉय कार्टि और 40 से ज्यादा कलाकार शामिल होंगे। यह संगीत महोत्सव अपने चौथे साल में महालक्ष्मी रेसकोर्स पर होगा। मुंबई दो दिनों के लिए दुनिया भर के संगीत का केंद्र बन जाएगा। कार्यक्रम 24 जनवरी (शनिवार) और 25 जनवरी (रविवार) को होगा। चार मंचों पर 40 से ज्यादा विदेशी और भारतीय कलाकार 20 घंटे से अधिक लाइव संगीत देंगे। इस साल की सबसे बड़ी बात है रॉक बैंड लिंकिन पार्क का भारत में पहली बार आना। वे दूसरे दिन मुख्य शो करेंगे। यह उनका भारत में पहला प्रदर्शन होगा।




# कोहरा-2 ओटीटी पर 11 को होगी रिलीज

**मुंबई।** ओटीटी पर 'कोहरा' की अपार सफलता के बाद, बरुण सोबती और उनकी टीम एक नए सीजन 'कोहरा 2' के साथ वापसी कर रहे हैं। इस बार मोना सिंह एक सख्त पंजाबी पुलिस अधिकारी के रूप में शो में शामिल हो रही हैं। मंगलवार को निर्माताओं ने 'कोहरा 2' की ओटीटी रिलीज डेट की घोषणा कर दी है। 'कोहरा 2' 11 फरवरी 2026 से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीमिंग शुरू हो जाएगा। यह सीरीज केवल नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है। मेकर्स ने एक 'कोहरा 2' का नया पोस्टर शेयर किया। इसके साथ कैप्शन में लिखा, 'धुंध में सच खो जाता है, आइए इस नए शहर में सच को ढूंढें।' यह सीरीज क्राइम, रहस्य और ड्रामा से भरी होगी। पॉपुलर वेब सीरीज 'कोहरा' का दूसरा सीजन अब वापस आ रहा है। पहला सीजन काफी पसंद किया गया था।



# फिल्म की राजनीति से कोई आपत्ति नहीं

**मुंबई।** रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर 47 दिनों बाद भी बॉक्स ऑफिस पर बनी हुई है। फिल्म ने कमाई के कई कीर्तिमान भी स्थापित किए हैं। दर्शकों से लेकर कई सेलेब्स तक ने 'धुरंधर'की जमकर तारीफ की है। हालांकि, फिल्म की पॉलिटिक्स को लेकर एक बहस चलती रही। अब निर्देशक करण जौहर ने फिल्म की जमकर तारीफ करने के बाद, फिल्म की पॉलिटिक्स पर भी अपनी राय रखी है। करण ने ये माना कि फिल्म को लेकर जनता की राय बंटी हुई है और दर्शकों का एक वर्ग इसके राजनीतिक रुख से सहमत नहीं है। हालांकि, निर्माता ने माना कि उन्हें फिल्म की राजनीति से कोई आपत्ति नहीं है। सच कहूं तो मुझे फिल्म की राजनीति से कोई आपत्ति नहीं है। करण ने कहा कि सिनेमा के छात्र के रूप में उन्हें रणवीर सिंह अभिनीत यह फिल्म बहुत पसंद आई थी।

## टीवी मसाला



# दिव्या गणेश ने जीती 'बिग बॉस तमिल सीजन-9' की ट्रॉफी

**मुंबई।** कई दिनों तक टीवी और सोशल मीडिया पर 'बिग बॉस तमिल सीजन 9' को लेकर चले हाई-वोल्टेज ड्रामा, टॉफ टास्क और इमोशनल मूमेंट के बाद, विजय सेतुपति द्वारा होस्ट किए गए इस 9वें सीजन का ऑफिशियल एंड हो चुका है। इस सीजन की विनर एक्ट्रेस दिव्या गणेश रहीं। ये एक ऐसा सीजन था, जिसने दर्शकों को तीन महीने से अधिक समय तक शो से बांधे रखा। बीते साल 5 अक्टूबर, 2025 को शुरू हुए इस 9वें सीजन में 20 कंटेस्टेंट ने पार्टिसिपेट किया, जिनमें से चार और कंटेस्टेंट बाद में वाइल्डकार्ड एंट्री के रूप घर में आए थे। इस सीजन में जैसे-जैसे हफ्ते बितते गए, वैसे-वैसे ग्रुप बदलते गए और ये गेम और भी ज्यादा इंटेंस होता चला गया। वहीं, सीजन के अंत में इस गेम में मात्र चार फाइनलिस्ट को चुना गया, जिसमें दिव्या गणेश, सबरीनाथन, विक्कल्स विक्रम और अरोरा सिंक्लेयर का नाम था। बिग बॉस तमिल सीजन 9' के सभी कंटेस्टेंट को पछाड़कर ग्रैंड फिनाले में एक्ट्रेस दिव्या गणेश ने ट्रॉफी को अपने हाथों से लिफ्ट किया। उन्होंने ट्रॉफी के साथ-साथ इस सीजन की विनिंग मनी 50 लाख रुपए को भी अपने नाम किया। विनिंग मनी के साथ उन्हें एक बिल्कुल नई मारुति सुजुकी विक्टोरिया कार गिफ्ट की गई। वहीं, सबरीनाथन 9वें सीजन के रनर अप रहीं, जबकि विक्कल्स विक्रम और अरोरा सिंक्लेयर दूसरे और तीसरे नंबर पर रनरअप रहे।'बिग बॉस तमिल सीजन 9' को एक्टर विजय सेतुपति ने दूसरी बार होस्ट किया, इससे पहले उन्होंने पिछले सीजन को भी शानदार तरीके से शुरू किया था। उनसे पहले, 2017 में शुरू हुए इस शो को सुपरस्टार कमल हासन द्वारा 7 सीजन होस्ट किए गए।

## नागिन और तुलसी में जबरदस्त टक्कर

**नई दिल्ली।** पहले हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में टॉप पर सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' रहा। इसकी टीआरपी 2.3 की रही है। इन दिनों सीरियल में बहुत ड्रामा, ट्विस्ट देखने को मिल रहा है। लीड कैरेक्टर



तुलसी (स्मृति ईरानी) और मिहिर (अमर उपाध्याय) एक-दूसरे से अलग हो चुके हैं। हाल ही में तुलसी के कैरेक्टर की विरानी परिवार में वापसी हुई। सीरियल 'नागिन 7' इन दिनों दर्शकों को काफी पसंद आ रहा है। इस सीरियल ने पहले हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में दूसरे नंबर पर जगह बनाई है। इसकी टीआरपी 2.1 की है। 'नागिन 7' में लीड रोल में प्रियंका चाहर चौधरी हैं। सीरियल को एकता कपूर ने प्रोड्यूस किया है। कुछ हफ्तों में ही इस सीरियल ने अपने लिए टीआरपी लिस्ट में जगह बना ली है। इस साल के पहले हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में 'अनुपमा' सीरियल तीसरे नंबर पर रहा। इस बार इसे 2.1 की रेटिंग मिली है। यह 'नागिन 7' से पीछे रहा। जबकि पिछले साल की टीआरपी लिस्ट में 'अनुपमा'सीरियल ने हमेशा ही पहले और दूसरे नंबर पर अपने लिए जगह बनाई थी।

# धुरंधर के सीक्वल का नाम 'धुरंधर: द रिवेंज'

**मुंबई।** अक्षय खन्ना, रणवीर सिंह, संजय दत्त, अर्जुन रामपाल, सारा अर्जुन, राकेश बेदी जैसे कलाकरों से सजी 'धुरंधर' बॉक्स ऑफिस पर रिलीज के 46 दिन बाद भी टिकी हुई है। इस मूवी का दो महीने बाद दूसरा पार्ट भी आएगा, जिसको लेकर फैंस अभी से ही एक्साइटेड हैं। अब इसके टाइटल को लेकर एक नई जानकारी सामने आई है। 'धुरंधर 2' का नाम 'धुरंधर द रिवेंज' रखा गया है। साथ ही सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन ने फिल्म के सीक्वल के टीजर को हरी झंडी दिखा दी है, जिसका समय 1 मिनट से ज्यादा का है। साथ ही मूवी को ए सर्टिफिकेट दे दिया गया है, जिसे 'बॉर्डर 2' के साथ दिखाया जाएगा। सनी देओल और रणवीर सिंह की फिल्म देशभक्ति पर हैं और इसी का फायदा जियो स्टूडियोज की टाम उठाना चाह रही है। 'धुरंधर' के अंत में दिखाए गए क्रेडिट नोट से नया टीजर लिया गया है और उसे बड़े पर्दे पर दिखने के बाद डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर भी जारी किया जाएगा। 'धुरंधर' में जहां अक्षय खन्ना के किरदार रहमान डकैत की मौत हो जाती है। वहीं खबर है कि वह 'धुरंधर द रिवेंज' में भी दिखाई देंगे। उन्होंने एक हफ्ते अपने हिस्सा की शूटिंग भी की है। इनके अलावा, रणवीर सिंह, आर माधवन, संजय दत्त, अर्जुन रामपाल, राकेश बेदी, सारा अर्जुन दिखाई देंगे। पहले पार्ट ने अब तक भारत में 826.50 करोड़ रुपए का नेट कलेक्शन किया है। वहीं वर्ल्डवाइड इसने 1283.5 करोड़ रुपए कमा लिए हैं।



### 19 मार्च को होगी रिलीज

आदित्य धर की डायरेक्टेड फिल्म 'धुरंधरः द रिवेंज' 19 मार्च को थिएटर्स में ईद के मौके पर रिलीज होगी। इसका क्लैश यश की 'टॉक्सिक' से होगा। जिसके टीजर के आने के बाद इंटरनेट पर दोनों के फैंस दो गुटों में बंट गए थे। दोनों ही बड़ी फिल्में हैं और दोनों का अलग कलेवर। अब देखना होगा कि किसकी चित होती है और किसकी पट।

# रहस्यमयी फिल्म अस्सी का पोस्टर बना पहेली, फरवरी में होगी रिलीज

**मुंबई।** सोशल मीडिया पर एक फिल्म का अनाउंसमेंट लोगों का ध्यान खींच रहा है। इसमें रिलीज डेट के सिवाय कुछ भी बताया नहीं गया है। टाइटल के नाम पर लिखा है अस्सी। यह मूवी सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। एक्स पर कई एंटरटेनमेंट हैंडल्स और क्रिटिक्स ने इसका पोस्टर शेयर किया है। अस्सी के साथ में एक पहेलीनुमा हिंट है साथ ही अर्जेंट देखने की अपील भी है। मंगलवार को वायरल हुआ एक फिल्म का पोस्टर लोगों के दिमाग में कुलबुलाहट पैदा कर रहा है। लाल रंग के पोस्टर पर लिखा है, अस्सी। प्रतिदिन। हर दिन। साथ में मैसेज है, अगर आपको पता होता कि ये क्या है। एक दिन में अस्सी बार। हर दिन। हर बीस मिनट में और जब सच में आपको पता चलता है तो बहुत तेज हिट करता है, बहुत तेज। अस्सी, 20 फरवरी को सिनेमाघरों में। तुरंत देखनी चाहिए। इस अनाउंसमेंट की खास बात ये है कि इसमें एक्टर, डायरेक्टर, प्रोडक्शन हाउस किसी भी चीज की जानकारी नहीं दी गई है। अनाउंसमेंट पर डिसकशन शुरू हो चुका है। सोशल मीडिया पर कई लोग लिख रहे हैं कि यह अलग तरह की मार्केटिंग स्ट्रैटजी है। लोग इस बात पर भी हैरानी जता रहे हैं कि फिल्म की कास्ट में कोई बड़ा चेहरा नहीं दिखाया गया है। अस्सी को लेकर सुगबुगाहट शुरू हो चुकी है लेकिन अब तक पता नहीं चल पाया कि 20 फरवरी को थिएटर्स में क्या देखने को मिलेगा। पोस्ट शेयर करने वालों ने लिखा है कि इससे जुड़ी और डिटेल्स बाद में शेयर की जाएगी। 20 फरवरी को सिद्धांत चतुर्वेदी की दो दीवाने एक शहर में रिलीज हो रही है। वहीं 13 फरवरी को शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी की ओ रोमियो रिलीज हो रही है।




## 70 और 80 के दशक में बॉलीवुड पर राज करने वाली परवीन को मिली गुमनाम मौत

# अमिताभ संग बनी हिट जोड़ी, 2 फिल्मों में बयां हुई प्यार की कहानी



*नई दिल्ली। सिर्फ 18 साल का फिल्मी कॅरियर और 70 फिल्में करके भी परवीन बॉबी ने बॉलीवुड में सफलता की ऊंचाइयों को हासिल किया। फिर अचानक वह बॉलीवुड से गायब हो गईं। एक दिन इस चर्चित एक्ट्रेस की मौत की खबर ने फैंस और बॉलीवुड को हिलाकर रख दिया। दो दिन तक अखबार और घर का सामान दरवाजे पर ही पड़ा रहा, किसी ने दो दिन तक घर का दरवाजा नहीं खोला। सोसायटी के सेक्रटी को संदेह हुआ कि कुछ दिक्कत है। पुलिस को फोन किया गया। घर का दरवाजा खोला गया, सामने का नजारा विचलित करने वाला था, बॉलीवुड की सबसे मशहूर और सुंदर अदाकारा मृत पड़ी थीं। नाम था, परवीन बॉबी। 70 और 80 के दशक में बॉलीवुड पर राज करने वाली परवीन बॉबी को एक गुमनाम मौत मिली।*

### नवाब परिवार से था ताल्लुक

परवीन बॉबी किसी सामान्य परिवार से नहीं आती थीं, उनका संबंध एक नवाब परिवार से था। पिता वली मोहम्मद खान बॉबी जूनागढ़ के आखिरी नवाब थे। परवीन बॉबी का जन्म अपने माता-पिता की शादी के 14 साल बाद हुआ। 4 अप्रैल 1954 को जूनागढ़ के सौराष्ट्र (अब गुजरात में) के शाही परिवार में वह जन्मी थीं। 54 कमरों की हवेली में उनका लालन-पालन हुआ। पढ़ाई भी सेंट जेवियर्स जैसे नामी कॉलेज से हुई। पढ़ाई के बाद परवीन बॉबी ने मॉडलिंग से अपने करियर की शुरुआती की। परवीन का मॉडलिंग करियर 1971 में शुरू हुआ, यही एक फिल्ममेकर की नजर उन पर पड़ी और फिल्मी सफर की कहानी शुरू हुई।

### बिग बी संग की कई हिट फिल्में

1973 में फिल्म 'चरित्र'से परवीन बॉबी ने बॉलीवुड में कदम रखा। पहली फिल्म में उनकी एक्टिंग, ब्यूटी को सराहा गया। परवीन के पास फिल्मों के ऑफर आने लगे। परवीन बॉबी ने अमिताभ बच्चन के साथ लगभग 8 से 10 फिल्में की, जो काफी हिट रहीं। इसमें 'अमर अकबर एंथोनी' से लेकर 'दीवार' और 'कालिया' जैसी फिल्में शामिल थीं। सिर्फ अमिताभ ही नहीं, शशि कपूर, संजय खान जैसे कई नामी एक्टर्स के साथ परवीन बॉबी ने बड़े पर्दे पर अभिनय किया।

### लव लाइफ को लेकर भी रही खूब चर्चा

परवीन बॉबी बडे पर्दे पर बोल्ड रोल करने के लिए भी जानी जाती थीं, उन्होंने एक बोल्ड एक्ट्रेस की इमेज से भी दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई। अपनी लव लाइफ को भी एक्ट्रेस ने कभी छुपाया नहीं। पहले वह एक्टर डैनी डेन्जोंगपा के साथ रिलेशनशिप में रहीं। जब दोनों का ब्रेकअप हुआ तो वह कबीर बेदी के साथ रिश्ते में आईं। आगे चलकर इनकी राहें भी जुदा हो गईं। फिर महेश भट्ट और परवीन बॉबी का अफेयर भी कुछ वक्त तक रहा। इस रिश्ते के दौरान ही महेश भट्ट को पता चला कि परवीन बॉबी सिजोफ्रेनिया नाम की मानसिक बीमारी से ग्रस्त हो चुकी हैं। महेश भट्ट ने मेडिकल हेल्प के जरिए परवीन बॉबी की मदद करने की कोशिश की। लेकिन, इस बीमारी ने परवीन बॉबी का जीवन मुश्किल कर दिया। वह उन चीजों को देखतीं या महसूस करती थीं, जो सच में नहीं होती थीं। उन्हें लगता था कि हर कोई उन्हें मारना चाहता है।

### जिंदगी पर बनीं ये दो फिल्में

परवीन बॉबी ने बड़े पर्दे पर ही अभिनय नहीं किया, उनकी जिंदगी के एक अहम पहलू पर फिल्में तक बनीं। डायरेक्टर महेश भट्ट ने 1982 में फिल्म 'अर्थ'लिखी और डायरेक्ट की। यह फिल्म कथित तौर पर परवीन बॉबी के साथ उनके रिश्ते पर एक सेमी-ऑटोबायोग्राफिकल फिल्म थी। अर्थ में स्मिता पाटिल का किरदार कविता, परवीन बॉबी से इंस्पायर था। इसके अलावा महेश भट्ट बैनर तले एक फिल्म 'वो लम्हें' बनीं, इस फिल्म को मोहित सूरी ने निर्देशित किया था, यह फिल्म भी परवीन बॉबी के आखिरी वर्षों की जिंदगी से इंस्पायर बताई जाती है। दोनों ही फिल्मों को क्रिटिक्स से लेकर दर्शकों ने खूब पसंद किया।

### क्या था मौत का कारण?

परवीन बॉबी अकेली रहा करती थीं, उम्र भी 50 साल हो चुकी थीं, बॉलीवुड की लाइमलाइट से वह दूर थीं। इसी बीच 22 जनवरी 2005 वह अपने घर में मृत मिलीं। जांच के बाद पता चला कि उनकी मौत 20 जनवरी 2005 को हुई थी। ऑटोप्सी में सामने आया था कि मौत से पहले कई दिनों उन्होंने कुछ नहीं खाया था, साथ ही उन्हें डायबिटिज की भी समस्या थी। पुलिस ने परवीन बॉबी की मौत में किसी तरह की गड़बड़ी या शक से इंकार किया। ऑटोप्सी रिपोर्ट्स में उनकी मौत का कारण ऑर्गन फेलियर ही बताया गया।

▶▶ वर्ल्ड इकॉनोमिक फोरम-2026 दावोस में हरित ऊर्जा निवेश पर हुआ संवाद

▶▶ वैश्विक कंपनियों के लिए मध्यप्रदेश में व्यापक अवसर

### नवकरणीय ऊर्जा मंत्री शुक्ला ने की ग्रीन एनर्जी-3000 के प्रतिनिधियों के साथ बैठक

# मप्र में स्वच्छ ऊर्जा परियोजनाओं में निवेश को गति देने और हरित ऊर्जा में वैश्विक सहयोग पर 'मंथन'


दावोस में कंपनी के प्रतिनिधियों के साथ मंत्री शुक्ल।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

वर्ल्ड इकॉनोमिक फोरम दावोस में मप्र के नवकरणीय ऊर्जा रोडमैप, हालिया परियोजना विकास और स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार की ओर से अपनाई जा रही नीतियों की जानकारी दी।

नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला ने बताया कि प्रदेश की निविदा एवं खरीद प्रक्रियाएं विदेशी डेवलपर्स की भागीदारी को सक्षम बनाती हैं और ग्रीन एनर्जी-3000 जैसी वैश्विक कंपनियों के लिए मध्यप्रदेश में व्यापक अवसर उपलब्ध हैं। मंत्री शुक्ला ने दावोस स्थित मप्र स्टेट लाउंज में जर्मनी स्थित 'ग्रीन एनर्जी-3000' के प्रोजेक्ट मैनेजमेंट एलएलसी के साथ नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में निवेश और सहयोग की संभावनाओं पर चर्चा की। इस अवसर पर कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर्स फेलिक्स रेंकर और एंड्रियास रेंकर मौजूद रहे। कंपनी के पदाधिकारियों ने मप्र की नवकरणीय परियोजनाओं की जानकारी ली और विचार-विमर्श किया।

### संभावित भागीदारी का मार्ग होगा प्रशस्त

*अपर मुख्य सचिव नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मनु श्रीवास्तव की ओर से 'ग्रीन एनर्जी-3000' को हाल ही में मप्र में संपन्न निविदाओं का विवरण, जानकारी साझा की, जिससे परियोजना संरचनाओं और बोली प्रक्रियाओं की भविष्य की निविदाओं में संभावित भागीदारी का मार्ग प्रशस्त हो सके। यह बैठक स्वच्छ ऊर्जा परियोजनाओं में निवेश को गति देने और हरित ऊर्जा के क्षेत्र में वैश्विक सहयोग को सशक्त करने की दिशा में मप्र शासन के सतत प्रयासों को दर्शाती है।*

### मंत्री शुक्ला ने की पीस इन्वेस्ट कम्पनी के साथ जल-ऊर्जा परियोजनाओं पर बातचीत

*मंत्री शुक्ला ने जिनेवा स्थित पीस इन्वेस्ट के चीफ इन्वेस्टमेंट ऑफिसर यूसुफ मर्चेंट के साथ बैठक कर जल एवं ऊर्जा क्षेत्र में सतत विकास आधारित निवेश की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की। पीस इन्वेस्ट संस्था ग्लोबल साउथ में प्रभावकारी निवेश के माध्यम से मानव-केंद्रित विकास को बढ़ावा देने का कार्य कर रही है। मंत्री शुक्ला ने मप्र ने नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में राज्य की उपलब्धियों को साझा करते हुए जल एवं ऊर्जा आधारित सतत परियोजनाओं में निवेश के अवसरों की जानकारी दी। उन्होंने को-इन्वेस्टमेंट मॉडल से स्वच्छ ऊर्जा और जल प्रबंधन परियोजनाओं को आगे बढ़ाने की संभावनाओं पर भी विचार-विमर्श किया।*

प्रमुख सचिव सिंह की मौजूदगी में हुई अहम चर्चा

## दावोस में तकनीक और नवाचार सहयोग पर मध्यप्रदेश और इज़राइल के मध्य हुआ संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

वर्ल्ड इकॉनोमिक फोरम-2026 के दौरान दावोस स्थित मध्यप्रदेश स्टेट लाउंज में मप्र शासन और इज़राइल इनोवेशन अथॉरिटी के बीच तकनीक एवं नवाचार सहयोग को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा हुई। इस बैठक में इजराइल इनोवेशन अथॉरिटी के चेयरमैन डॉ. एलन स्टोपेल के साथ औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन के प्रमुख सचिव राघवेंद्र सिंह ने विस्तार से विचार-विमर्श किया।

### आईआईए के चेयरमैन और मप्र के पीएस के बीच हुई अहम चर्चा

बैठक का मुख्य उद्देश्य तकनीक-आधारित आर्थिक विकास को गति देने तथा नवाचार के क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग की संभावनाओं को तलाशना रहा। चर्चा के दौरान डॉ. स्टोपेल ने इज़राइल के नवाचार-आधारित विकास मॉडल



की जानकारी साझा की। विशेष रूप से क्वांटम तकनीक, शिक्षा प्रौद्योगिकी (एडटेक), रक्षा प्रौद्योगिकी, जल समाधान क्षेत्रों में इजराइल की क्षमताओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि इज़राइल का सशक्त अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) पारिस्थितिकी तंत्र निजी क्षेत्र की सक्रिय भागीदारी और सह-निवेश मॉडल पर आधारित है, जो सार्वजनिक सहयोग को व्यावसायिक व्यवहार्यता से जोड़ता है।

### मध्य प्रदेश की परियोजनाओं और नवाचारों से कराया अवगत

औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन के प्रमुख सचिव राघवेंद्र सिंह ने मध्यप्रदेश में नागरिक प्रौद्योगिकी (सिविल टेक्नोलॉजी) के क्षेत्र में सरकार-से-सरकार (जी 2 जी) सहयोग, पायलट परियोजनाओं और स्टार्टअप आधारित नवाचार को प्रोत्साहित करने की राज्य की मंशा से अवगत कराया। उन्होंने भारत–इज़राइल के बीच मौजूदा सहयोग ढांचों के तहत संयुक्त पायलट प्रोजेक्ट्स, टेक्नोलॉजी डेमॉन्स्ट्रेशन और सह-निवेश तंत्र के माध्यम से निवेश एवं औद्योगिक साझेदारियों को आगे बढ़ाने की संभावनाओं पर चर्चा की। बैठक में यह भी सहमति बनी कि मप्र और इज़राइल के बीच प्रौद्योगिकी पायलट, नवाचार साझेदारी और संस्थागत संपर्कों को मजबूत करने के लिए एक औपचारिक सहयोग ढांचे की संभावनाओं पर कार्य किया जाएगा।

### मप्र के प्रतिनिधि मंडल ने एचसीएल टेक के साथ निवेश पर की चर्चा

## टियर-2 टेक्नोलॉजी हब के रूप में मप्र में विस्तार की संभावनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दावोस दौरे के प्रथम दिन मप्र के प्रतिनिधि मंडल ने वैश्विक आईटी सेवा क्षेत्र की अग्रणी कंपनी एचसीएल हाई टेक के कॉर्पोरेट वाइस प्रेसिडेंट अभय चतुर्वेदी से चर्चा की। चर्चा के दौरान मप्र शासन के टियर-2 टेक्नोलॉजी हब के रूप में विस्तार की संभावनाओं पर संवाद हुआ। प्रमुख सचिव औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन राघवेन्द्र कुमार सिंह ने टियर-2 टेक्नोलॉजी हब के रूप में मध्यप्रदेश में विस्तार की संभावनाओं की जानकारी दी।

बैठक में कॉर्पोरेट वाइस प्रेसिडेंट अभय चतुर्वेदी ने बताया कि कंपनी पारंपरिक आईटी केंद्रों से आगे बढ़ते हुए


प्रमुख सचिव राघवेन्द्र कुमार सिंह कंपनी के प्रतिनिधियों से चर्चा करते हुए।

टियर-2 शहरों में अपने संचालन का विस्तार करने के अवसरों का आकलन कर रही है। इस संदर्भ में मप्र को एक उभरते और संभावनाशील गंतव्य के रूप में देखा जा रहा है।

### आवश्यकताओं पर विस्तार से विचार किया गया

चर्चा के दौरान एचसीएल टेक की प्रमुख आवश्यकताओं पर विस्तार से विचार किया गया, जिनमें कुशल मानव संसाधन की उपलब्धता, विश्वसनीय विद्युत अधोसंरचना और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की कनेक्टिविटी शामिल है। मध्यप्रदेश की ओर से इन सभी मानकों पर राज्य की सुदृढ़ स्थिति को रेखांकित किया गया, जिसे मजबूत नीतिगत ढांचे और निरंतर बेहतर होती अधोसंरचना का समर्थन प्राप्त है।

### रेडी-टू-मूव-इन ऑफिस स्पेस की उपलब्धता की जानकारी साझा की

मप्र शासन की ओर से बैठक में अपनी विशेष ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) पॉलिसी, प्रतिस्पर्धी लागत लाभ और रेडी-टू-मूव-इन ऑफिस स्पेस की उपलब्धता की जानकारी साझा की। साथ ही लीज रेंटल में प्रोत्साहन, कौशल विकास एवं रोजगार सृजन से जुड़े प्रावधानों, सिंगल विंडो क्लियरेंस और ईज़ ऑफ डूइंग बिजनेस के प्रभावी क्रियान्वयन को भी प्रस्तुत किया गया। बैठक में यह बताया गया कि राज्य में आईआईटी, एनआईटी, और आईआईएसईआर जैसे प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों की मौजूदगी के साथ बेहतर होती जीवन गुणवत्ता, मप्र को टेक्नोलॉजी आधारित निवेश के लिए एक आकर्षक स्थान बनाती है।

### अगली पीढ़ी के टेक्नोलॉजी निवेश और ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स के लिए पसंदीदा गंतव्य मप्र

एचसीएल टेक ने मप्र में भविष्य के टेक्नोलॉजी सेंटर्स और ऑफशोर डेवलपमेंट सेंटर्स (ओडीसी) की संभावनाओं के आकलन में गहरी रुचि व्यक्त की। दोनों पक्षों के बीच संयुक्त आउटरीच गतिविधियों पर भी चर्चा हुई, जिसमें प्रवासी समुदाय से जुड़ाव के माध्यम से उन वैश्विक तकनीकी पेशेवरों तक पहुंच बनाने के अवसर शामिल हैं, जिनकी जड़ें मप्र से जुड़ी हैं। आगामी चरण में संभावित विस्तार के लिए एक रणनीतिक रोडमैप तैयार करने और सहयोगात्मक आउटरीच पहलों पर आगे चर्चा किए जाने पर सहमति बनी। यह संवाद मप्र की उस प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जिसके तहत राज्य स्वयं को अगली पीढ़ी के टेक्नोलॉजी निवेश और ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स के लिए एक पसंदीदा गंतव्य के रूप में स्थापित कर रहा है।

## एआई और उभरती तकनीकों पर हुआ वैश्विक संवाद, टच लैब के साथ मध्यप्रदेश ने सहयोग पर किया विचार-विमर्श

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दावोस में मप्र शासन ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और उभरती डिजिटल तकनीकों के क्षेत्र में सहयोग और निवेश की संभावनाओं को लेकर एआई आधारित कंपनी टच लैब कंपनी के सलाहकार हर्वे कौराए से चर्चा की। औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन प्रमुख सचिव राघवेंद्र सिंह ने चर्चा में राज्य की तकनीकी क्षमताओं, नीतिगत समर्थन और संभावित साझेदारी के व्यावहारिक पहलुओं पर संवाद किया।

बैठक में टच लैब कंपनी के प्रतिनिधियों ने एआई आधारित उन्नत तकनीकी समाधानों को लेकर अपने वैश्विक अनुभव साझा करते हुए बताया कि कंपनी का विस्तार यूनाइटेड किंगडम, टोक्यो और संयुक्त राज्य अमेरिका तक है। कंपनी ने बताया कि वे आगामी



टच लैब कंपनी के सलाहकार हर्वे कौराए से चर्चा करते प्रमुख सचिव सिंह।

वैश्विक एआई समिट में भागीदारी कर रहे हैं। प्रमुख सचिव सिंह ने बताया कि मप्र एआई और उभरती तकनीकों के क्षेत्र में चरणबद्ध और यथार्थवादी दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने राज्य में उपलब्ध किफायती और विश्वसनीय विद्युत अधोसंरचना को रेखांकित करते हुए कहा कि यह डेटा सेंटर और कंप्यूट-इंटेंसिव संचालन के लिए एक आधार प्रदान करती है। उन्होंने नाट्रैक्स को राज्य की एक विशिष्ट तकनीकी परिसंपत्ति बताते हुए कहा कि देश का सबसे बड़ा ऑटोमोटिव टेस्टिंग और वैलिडेशन ट्रैक होने से यह एडवांस्ड मोबिलिटी, एआई आधारित परीक्षण और अगली पीढ़ी की तकनीकी एप्लिकेशंस के लिए वास्तविक उपयोग-आधारित अवसर उपलब्ध कराता है।

### ▶▶ एसएमई की भागीदारी और एप्लाइड इनोवेशन

बैठक में शिक्षा और अनुसंधान आधारित सहयोग पर भी चर्चा हुई, जिसमें एसएमई की भागीदारी और एप्लाइड इनोवेशन को सशक्त करने पर विशेष जोर दिया गया। प्रमुख सचिव सिंह ने राज्य के स्टार्ट-अप इको सिस्टम का उल्लेख करते हुए बताया कि मप्र में छह हजार से अधिक पंजीकृत स्टार्ट-अप सक्रिय हैं, जो नई तकनीकों के पायलट प्रोजेक्ट, परीक्षण और सह-विकास के लिए सहयोगी वातावरण प्रदान करते हैं।

### वैश्विक टेक्नोलॉजी कंपनियों के साथ व्यावहारिक संवाद

टच लैब ने साइबर सुरक्षा और ऑनलाइन गेमिंग जैसे क्षेत्रों में अपनी तकनीक के संभावित उपयोग में रुचि व्यक्त की। यह रुचि मप्र की एवीजीसी (एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग और कॉमिक्स) और डिजिटल इनोवेशन से जुड़ी समर्पित नीतियों के अनुरूप है। दोनों पक्षों के बीच एआई केंद्रित पायलट परियोजनाओं, इको सिस्टम पार्टनरशिप और मप्र में तकनीक आधारित पहलों की संभावनाओं पर आगे भी संवाद जारी रखने पर सहमति बनी। यह संवाद दावोस में मध्यप्रदेश की उस रणनीति को दर्शाता है, जिसके तहत राज्य वैश्विक टेक्नोलॉजी कंपनियों के साथ व्यावहारिक संवाद के माध्यम से एआई और डीपटेक जैसे उभरते क्षेत्रों में सहयोग और निवेश के अवसर तलाश रहा है।

डॉक्टरों ने किया जटिल ऑपरेशन, शरीर से निकाले दोनों तीर, पुलिस कर रही मामले की जांच

## आपसी विवाद के चलते बेटे ने मारे पिता को तीर, घायल अस्पताल में भर्ती, हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

मेडिकल कॉलेज डिमरापाल में बीती रात सुकमा से एक ग्रामीण को गंभीर अवस्था में लाया गया। बताया गया कि उसके बेटे ने आपसी विवाद के चलते उसे दो तीर मार दिए थे। सुकमा में पर्याप्त उपचार न मिल पाने के कारण उसे मेकाज रेफर किया गया था, जहां हड्डी रोग विशेषज्ञों ने देर रात बड़ी सावधानी से दोनों तीरों को निकालते हुए मरीज को जीवनदान दिया। तीर से घायल पिता का सफल ऑपरेशन सुकमा जिले में घरेलू विवाद के



दौरान एक पुत्र ने अपने पिता पर तीर चला दिए। एक तीर जांघ में धंस गया, जबकि दूसरा कलाई के पास घुसकर हाथ की महत्वपूर्ण नस (नर्व) को दबा रहा था। स्थिति गंभीर होने के कारण घायल को सुकमा अस्पताल ले जाया गया, लेकिन समय पर उपचार न मिलने पर जान का खतरा बढ़ गया था। घायल को तत्काल मेकाज रेफर किया गया। तत्परता से शुरू हुआ उपचार रात्रि लगभग 2 बजे मेकाज में आर्थोपेडिक्स विभाग की टीम ने तत्परता से उपचार शुरू किया।

सहायक प्राध्यापक डॉ. आदित्य कौशिक ने विभागाध्यक्ष डॉ. सुनीत पाल के मार्गदर्शन में जटिल शल्य प्रक्रिया को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। चिकित्सकीय जांच में रोगी हेमोडायनामिक रूप से अस्थिर नहीं था, लेकिन कलाई में धंसा तीर नस पर दबाव बनाए हुए था, जिससे स्थायी नर्व डैमेज का गंभीर खतरा था।

### नसों के समीप घातक हो सकती हैं चोटें

विशेषज्ञता से बचाई नस की कार्यक्षमता टीम ने बड़ी सावधानी और विशेषज्ञता के साथ दोनों तीरों को सुरक्षित रूप से निकाला। विशेष रूप से कलाई में की गई सटीक प्रक्रिया से हाथ की नस को होने वाली संभावित क्षति को समय रहते रोक लिया गया। इस जटिल ऑपरेशन में डॉक्टरों ने विशेष सावधानी बरती, जिससे पूरी प्रक्रिया सुरक्षित और सुचारु रूप से संपन्न हुई। चिकित्सकों के अनुसार, नसों के समीप ऐसी चोटें अत्यंत घातक हो सकती हैं। मध्य रात्रि में त्वरित निर्णय, अनुभवी हाथों और समन्वित टीमवर्क के कारण यह जीवन-रक्षक उपचार संभव हो पाया। वर्तमान में रोगी की स्थिति स्थिर है और हाथ की कार्यक्षमता सुरक्षित रहने की उम्मीद है।

## शत्रु को पहचानो, लव जेहादियों से बेटियों को बचाओ : सुनील देवघर

### संघ की स्थापना के 100 वर्ष पर व्याख्यानमाला

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के सौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में यहां लाला सीताराम गोयल की स्मृति में आयोजित व्याख्यानमाला 75.0 में देशभर के वरिष्ठ संघ नेताओं के महाकुंभ में विविध मुद्दों, उपलब्धियों, चुनौतियों पर गहन मंथन हुआ। 20 से अधिक वक्ताओं ने उपस्थित सभी लोगों को आठ घंटे तक प्रभावशाली शैली-शब्दावली व उदाहरणों से बांधे रखा। सौ साल पहले डॉ केशव बलिराम हेडगेवार ने संघ की स्थापना क्यों की, सौ साल में कितनी कठिनाइयां झेलीं, कितने पड़ाव पार किए, संघ कैसे हिंदुत्व के लिए संजीवनी बना, संघ और हिंदुत्व के सामने आज सबसे बड़ी चुनौती क्या है? इन मुद्दों पर वक्ताओं ने विस्तार से अपनी बात कही। व्याख्यानमाला के मुख्य वक्ता भाजपा के प्रमुख रणनीतिकार व पार्टी के आंध्र प्रदेश के सह



प्रभारी सुनील विश्वनाथ देवघर ने संघ के सौ साल का संघर्षपूर्ण सफरनामा पेश करते हुए कहा कि बड़ी चुनौतियां आज भी सामने हैं। उन्होंने कहा, 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' मिशन का वर्तमान संदर्भ में अर्थ है बेटियों को लव जेहादियों से बचाना, हिंदू लड़कियों को अपने जाल में फंसाने वालों की मंशा का भंडाफोड़ करना, सबक सिखाना।

### भारत ने प्रत्येक वैश्विक मंच पर स्थापित की अपनी साख, मध्यांचल स्टूडेंट एसोसिएशन की ओर से आयोजित किया गया मध्यांचल उत्सव-2026

## मप्र में निवेश, उद्योग और रोजगार के लिए सभी प्रकार की अनुकूलताएं हैं उपलब्ध

▶▶ *21वीं सदी भारत की होगी स्वामी विवेकानंद की यह भविष्यवाणी भी हो रही है*

▶▶ *मुख्यमंत्री डॉ. मोहन ने दिल्ली विश्वविद्यालय में मध्यप्रदेश के छात्रों को किया संबोधित*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि स्वामी विवेकानंद की यह भविष्यवाणी कि 21वीं सदी भारत की होगी, आज साकार होती दिखाई दे रही है। प्रत्येक वैश्विक मंच पर भारत ने अपनी साख स्थापित की है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विश्व के सबसे प्रभावशाली नेताओं में शामिल हैं। भारत आज विश्व का नेतृत्व करने की दिशा में आगे बढ़



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन ने मध्यप्रदेश के छात्रों को संबोधित किया।

रहा है, जो विश्व का सबसे युवा लोकतांत्रिक देश है और प्रधानमंत्री मोदी प्रभावी रूप से इस युवा लोकतंत्र का नेतृत्व कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को दिल्ली विश्वविद्यालय के शंकरलाल सभागार में मप्र के अध्ययनरत छात्रों के संगठन मध्यांयल स्टूडेंट एसोसिएशन की ओर से आयोजित मध्यांचल उत्सव-2026 को संबोधित कर रहे थे। मध्यांचल उत्सव का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया। उन्होंने कहा कि मप्र के कोने-कोने से आए युवा संगठित होकर दिल्ली में अध्ययन कर रहे हैं, यह प्रदेश के लिए सौभाग्य का विषय है। उन्होंने कहा कि इतने बड़ी संख्या में प्रदेश के युवाओं से हुई भेंट ने उनकी दिल्ली यात्रा को सार्थक बना दिया है।

### मप्र देश के सबसे कम बेरोजगारी वाले राज्यों में शामिलः डॉ. यादव

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र देश के सबसे कम बेरोजगारी वाले राज्यों में शामिल है। राज्य सरकार हर कदम पर युवाओं के साथ है। युवाओं को सक्षम बनाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। प्रदेश में निवेश, उद्योग और रोजगार के लिए सभी प्रकार की अनुकूलताएं उपलब्ध हैं। मुख्यमंत्री ने कहा हमारा लक्ष्य है कि मप्र का युवा जॉब सीकर नहीं, बल्कि जॉब क्रिएटर बनें।

### रिन्यूएबल एनर्जी में सबसे कम दर पर बिजली उपलब्ध

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र बिजली सरप्लस स्टेट है और रिन्यूएबल एनर्जी में सबसे कम दर पर बिजली उपलब्ध कराई जा रही है, जिसकी दर मात्र 2 रुपये 10 पैसे है, जो कि देश में सबसे कम है। उन्होंने कहा कि दिल्ली का मेट्रो मप्र की बिजली से चल रही है। राज्य में माइनिंग सेक्टर में तेजी से कार्य हो रहा है और जैव विविधता के मामले में भी प्रदेश अग्रणी है। भोपाल के बड़े तालाब में शिकारे चलाए जा रहे हैं और फिल्म व पर्यटन नीति के माध्यम से निवेशकों व युवाओं को विशेष लाभ दिए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने मध्यांचल छात्र संगठन को इस विशेष आयोजन के लिए बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी छात्र इसी प्रकार संगठित होकर सकारात्मक कार्य करते हुए प्रदेश व देश के विकास में सक्रिय भूमिका निभाते रहें।

### मध्यांचल उत्सव का आयोजन सराहनीय पहल

मध्यांचल उत्सव में श्याम टेलर ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में मप्र की प्रगति की गति दोगुनी हुई है। मां नर्मदा का प्रवाह और बाबा महाकाल मप्र की पहचान हैं। दिल्ली में अध्ययनरत युवाओं की ओर से प्रदेश की कला-साहित्य-शालीनता और सभ्यता के संगम के रूप में आयोजित मध्यांचल उत्सव का आयोजन सराहनीय पहल है। मप्र के युवाओं ने कभी भी अलगाव के विचार से कार्य नहीं किया। सदैव सहयोगात्मक व्यवहार ही उनकी पहचान रहा। कार्यक्रम को राजनिति विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष सुश्री रेखा सक्सेना और दिल्ली विश्वविद्यालय की कल्चर कॉउंसिल के संचालक अनूप लाखर ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में दिल्ली में अध्ययनरत छात्र उपस्थित रहे।

## चिंतन

# भाजपा में अब 'युवा युग' की शुरुआत

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में नेतृत्व परिवर्तन केवल एक संगठनात्मक बदलाव नहीं है, बल्कि यह उस राजनीतिक सोच का संकेत है, जिसमें भविष्य की राजनीति को ध्यान में रखते हुए युवाओं को निर्णायक भूमिका सौंपी जा रही है। 45 वर्षीय नितिन नबीन का भाजपा अध्यक्ष बनना इसी रणनीतिक दिशा की पुष्टि करता है। यह कदम न केवल पार्टी के भीतर पीढ़ीगत संतुलन को दर्शाता है, बल्कि यह भी बताता है कि भाजपा अब स्वयं को "नए भारत" की आकांक्षाओं के अनुरूप ढाल रही है और भविष्य की राजनीति को वर्तमान में आकार देना चाहती है। यह फैसला भाजपा की उस दीर्घकालिक रणनीति को दर्शाता है, जिसमें संगठन को उम्र, ऊर्जा और विचार तीनों स्तरों पर नई धार देने का प्रयास किया जा रहा है। जनसंघ काल से ही भाजपा ने कार्यकर्ता आधारित संगठन का दावा किया है और यह नियुक्ति उसी परंपरा का विस्तार है। 46 वर्ष पुरानी पार्टी का अध्यक्ष यदि 45 वर्ष का हो, तो यह केवल संयोग नहीं, बल्कि सोची-समझी रणनीति का परिणाम है। इसे भाजपा में नए युग, या कहें 'युवा युग' यानी जेन जेड की औपचारिक शुरुआत माना जा सकता है। भाजपा का यह निर्णय कि संगठन में 70 फीसदी पद 60 वर्ष से कम उम्र के नेताओं को और 30 फीसदी पद 60 वर्ष से अधिक आयु के अनुभवी कार्यकर्ताओं को दिए जाएंगे, एक संतुलित और व्यावहारिक मॉडल प्रस्तुत करता है। यह मॉडल भारतीय राजनीति में एक नई कार्य संस्कृति को जन्म दे सकता है। आंकड़े इस बदलाव की पुष्टि करते हैं। केंद्रीय मंत्रिमंडल में 55 वर्ष से कम आयु के 20 मंत्री यानी 33 फीसदी संख्या होना, भाजपा शासित राज्यों में 9 मुख्यमंत्री 55 साल की उम्र से कम होना यानी 64 फीसदी मुख्यमंत्रियों का युवा होना और प्रदेश अध्यक्षों में लगभग 14 का 55 साल की उम्र से कम होना यानी 38 फीसदी युवा नेतृत्व यह दर्शाता है कि यह बदलाव केवल शीर्ष स्तर तक सीमित नहीं है, बल्कि संगठन की जड़ों तक पहुंच चुका है। यह भाजपा को अन्य राजनीतिक दलों से अलग पहचान देता है, जहां नेतृत्व परिवर्तन अक्सर मजबूरी में होता है, न कि रणनीति के तहत। पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु जैसे राज्यों पर फोकस भी इसी युवा रणनीति का हिस्सा है। ये दोनों राज्य राजनीतिक, सांस्कृतिक और वैचारिक रूप से चुनौतीपूर्ण रहे हैं। यहां युवा नेतृत्व न केवल संगठन को मजबूती दे सकता है, बल्कि स्थानीय मुद्दों, युवाओं की आकांक्षाओं और क्षेत्रीय अस्मिता को राष्ट्रीय विमर्श से जोड़ने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह कथन कि "अब 45 साल के नबीन मेरे बॉस होंगे" केवल औपचारिक बधाई नहीं, बल्कि पार्टी कैडर के लिए एक स्पष्ट संदेश है कि नेतृत्व की कसौटी उम्र नहीं, बल्कि क्षमता, प्रतिबद्धता और प्रदर्शन है। मंगलवार को नितिन नबीन का कार्यभार संभालना इसी विश्वास को संस्थागत रूप देता है। 1951 में जनसंघ की स्थापना, 1980 में भाजपा का गठन और अब 46 वर्षों की यात्रा में पार्टी ने कई राजनीतिक दौर देखे हैं। आज का यह बदलाव उसी यात्रा का अगला पड़ाव है, जहां भाजपा खुद को आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रासंगिक बनाए रखने की कोशिश कर रही है। अंततः, भाजपा में यह 'युवा युग' केवल चेहरों का बदलाव नहीं है, बल्कि सोच, कार्यशैली और राजनीतिक संवाद में परिवर्तन का संकेत है। यदि युवा ऊर्जा को वैचारिक स्पष्टता और संगठनात्मक अनुशासन के साथ जोड़ा गया, तो यह बदलाव न केवल भाजपा, बल्कि भारतीय राजनीति के लिए भी एक नया मानक स्थापित कर सकता है।

## मुद्दा

ऋतुपर्ण दवे



# ग्रीनलैंड का सपना ट्रंप का बाल हठ या राज हठ

कभी ट्रम्प तानाशाह तो कभी तुनक मिजाज लगते हैं। शायद अमेरिकावासियों को भी अब ट्रम्प को समझ पाना मुश्किल हो रहा होगा। उन्हें चुनते वक्त भी ऐसा अंदाजा हरगिज नहीं रहा होगा। इतना तो समझ आ रहा है कि अपनी दूसरी पारी में ट्रम्प दुनिया में सबसे अलग करने की नीयत से हर वो काम करने पर आमादा हैं, जिससे उनकी चर्चा और धमक बनी रहे। लगता नहीं कि वो कभी अमेरिका के आदर्श राष्ट्र प्रमुखों में गिने जाएंगे! उनका दर्द जब-तब उनके बयानों से झलकता भी है। शांति के नोबल पुरस्कार की होड़ में मात खाने के बाद ट्रम्प एकाएक अशांतिपूर्ण हरकतों पर उतारू हो गए। उनकी टीस इसी बात से समझ आती है कि इस पुरस्कार के लिए खुद अपनी पैरवी करने वाले ट्रम्प ने नॉर्वे के प्रधानमंत्री जोनास गहर स्टोर को चिट्ठी लिख नोबेल नहीं मिलने की शिकायत तक कर दी। साथ ही यह भी लिखा कि 8 जंग रुकवाने के बावजूद उन्हें नोबेल नहीं मिला, इसलिए उन्होंने अब शांति के बारे में सोचना छोड़ दिया है। शांति जरूरी है, लेकिन अब वह यह भी सोचेंगे कि अमेरिका के हित में क्या सही है। ग्रीनलैंड पर जबरन कब्जे की उनकी नीयत और कोशिशों की एक वजह नोबेल शांति पुरस्कार न मिलने की खीझ भी स्पष्ट समझ आती है। रूस और चीन के खतरे की दुहाई देकर ट्रम्प नाटो सदस्य डेनमार्क के ग्रीनलैंड को हथियाने का जो दंभ भर रहे हैं, उसे अंतरराष्ट्रीय कानूनों और नाटो की एकता के साथ ही वैश्विक शांति के लिए गंभीर खतरा माना जा रहा है। ट्रम्प की जिद कहें या दादागिरी, यह उनका दुनिया का तानाशाह बनने जैसा ही कदम कहलाएगा। देर-सबेर इसका खामियाजा अमेरिका ही भुगतेगा, क्योंकि वैश्विक मंच पर दुनिया का दारोगा कहलाने वाले मजबूत देश की विश्वसनीयता कमेगी। ग्रीनलैंड की जिद पर दुनिया भर में शांति के पक्षधर लोगों की समझाइश का भी ट्रम्प पर कोई असर न पड़ना मामले को गंभीर बनाता है। ग्रीनलैंड में 1979 से स्व-शासन है। उसकी विदेश और रक्षा नीति नाटो संगठन का सदस्य देश डेनमार्क देखता है। ग्रीनलैंड डेनमार्क का अर्ध-स्वायत्त भाग है। ग्रीनलैंड और डेनमार्क सरकारों ने भी हमेशा कहा है कि ग्रीनलैंड न कभी पहले बिकाऊ था, न आज है। नाटो देश भी कभी नहीं चाहेंगे कि कोई दादागिरी कर कब्जा कर ले। खुद यूरोपीय देश फ्रांस, ब्रिटेन, जर्मनी, स्वीडन, डेनमार्क और इटली ने भी ट्रम्प के बयान की आलोचना की है। इतना ही नहीं, सामूहिक तौर पर जवाब देने की बात भी कह ट्रम्प को चेताया है। आठ यूरोपीय देशों डेनमार्क, नॉर्वे, स्वीडन, फ्रांस, जर्मनी, यूनाइटेड किंगडम, नीदरलैंड और फिनलैंड पर टैरिफ की धमकी को ये देश ट्रम्प का ब्लैकमेल, समझ से परे और अनुचित बता रहे हैं। ट्रम्प की हरकतों से यूरोप और अमेरिका के सुरक्षा सहयोग संगठन नाटो के भविष्य पर भी प्रश्न चिन्ह दिख रहा है। खुद 80 प्रतिशत अमेरिकी भी नहीं चाहते कि ग्रीनलैंड अमेरिका का हिस्सा बने, क्योंकि इससे नाटो में दो फाड़ होगी, जिसका फायदा चीन और रूस जैसे अमेरिका विरोधियों को मिलेगा। ऐसा भी नहीं है कि यूरोपीय संघ यानी ईयू ट्रम्प के लगाए गए टैरिफ का जवाब देने में पीछे है। ईयू 27 यूरोपीय देशों का राजनीतिक और आर्थिक संगठन है। इन देशों का रुख अमेरिका पर ट्रेड पाबंदियां लगाने का है, जिस पर वो गंभीरता से विचार कर रहे हैं। जबकि इनका लक्ष्य सदस्य देशों के बीच शांति, समृद्धि और स्थिरता को बढ़ावा देना है। ऐसी स्थिति में नाटो देश भी अमेरिका की मुखालफत करेंगे। हालांकि, ईयू एक खास कानूनी हथियार के इस्तेमाल की सोच रहा है, जिसे 'ट्रेड बाजूका' कहते हैं। इसका मकसद उन देशों के खिलाफ कड़ा कदम उठाना है, जो यूरोपीय देशों पर जबरदस्ती आर्थिक दबाव बनाने की कोशिश करते हैं। ईयू सांसद अमेरिका के साथ हुए ट्रेड एग्रीमेंट की मंजूरी रोकने की तैयारी में भी हैं। जाहिर है इससे बहुपक्षीय तनाव बढ़ना ही है, जिसमें अमेरिका के विरोध में कई होंगे। इन सबके लिए जिम्मेदार ट्रम्प ही होंगे। ट्रम्प की मौजूदा सनक की वजह ग्रीनलैंड है जो सैन्य रणनीतिक लिहाज से बेहद खास है। जब ग्रीनलैंड अमेरिका का होगा तो निश्चित तौर पर वह रूस-चीन की बढ़त रोकने में मददगार होगा। इसीलिए ट्रम्प ग्रीनलैंड को अमेरिकी सुरक्षा का फ्रन्ट लाइन मानते हैं। दूसरी ओर ग्रीनलैंड में दुर्लभ खनिज, तेल, गैस और रेयर अर्थ एलिमेंट्स के बड़े भंडार हैं। अब ट्रम्प की नीयत चाहे जो हो, वो उनका अंतर्मन ही जाने, लेकिन क्या नोबेल का शांति पुरस्कार मिलता तो भी ट्रम्प ऐसा करते? अब यह ट्रम्प का बाल हठ है या राज हठ, वही जानें फिलहाल ट्रम्प दुनिया में खुद को तमाशा जरूर बना रहे हैं। देखना है कि उनका खेल कब तक चलेगा?

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



## मिशन

गीता शुक्ला

# क्या बंगाल में भी परचम लहराएगी बीजेपी

> बीजेपी ने गृह मंत्री अमित शाह के हाथों में बंगाल और तमिलनाडु का चुनाव प्रभार सौंप दिया है। अब लोगों में यह उम्मीद बंध गई है कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों में भी इस बार बीजेपी दो-तिहाई बहुमत लेकर आएगी। पश्चिम बंगाल की सत्ता से यदि टीएमसी बाहर होती है, तो इसके पीछे बीजेपी के उत्थान के साथ ममता बनर्जी के ध्रुवीकरण वाली राजनीति का पतन भी एक बड़ा कारण होगा। बीजेपी अमित शाह के नेतृत्व में बिहार की ही तरह बूथ-केंद्रित रणनीति अपनाने जा रही है। पश्चिम बंगाल के कुल 81,000 मतदान बूथों में से बीजेपी ने 65,000 के लिए बूथ समितियां बना ली हैं और सभी 294 विधानसभा क्षेत्रों में विस्तारक तैनात कर दिए हैं।

बिहार के बाद महाराष्ट्र के स्थानीय निकाय के चुनाव परिणाम ने लोगों को फिर चौकाया है। बीजेपी के प्रति इतना जबर्दस्त समर्थन अब विरोधियों को भी यह कहने पर मजबूर कर रहा है कि भगवा पार्टी कमाल कर रही है। उसका संगठन अब इतना मजबूत हो चुका है कि कोई अन्य पार्टी उसके आसपास भी खड़ी नहीं हो पा रही है। जाहिर है कि बीजेपी में जिस प्रोफेशनल एक्सेलेन्स की बात अखिलेश यादव ने की है, उसे पार्टी में लाने का श्रेय किसी को जाता है तो वह गृह मंत्री अमित शाह हैं, और अब उन्हीं गृह मंत्री के हाथों में बीजेपी ने बंगाल और तमिलनाडु का चुनाव प्रभार सौंप दिया है। अब लोगों में यह उम्मीद बंध गई है कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों में भी इस बार बीजेपी दो-तिहाई बहुमत लेकर आएगी।

बंगाल से जुड़े कई स्वतंत्र टिप्पणीकार यह कहने लगे हैं कि पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की टीएमसी 50 सीटों से भी नीचे चली जाएगी और आशंका यह भी व्यक्त की जा रही है कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को अपनी सीट भवानीपुर को भी बचाने में बड़े पापड़ बेलने पड़ सकते हैं। पश्चिम बंगाल की सत्ता से यदि टीएमसी बाहर होती है, तो इसके पीछे बीजेपी के उत्थान के साथ ममता बनर्जी के ध्रुवीकरण वाली राजनीति का पतन भी एक बड़ा कारण होगा। दरअसल, अल्पसंख्यक तुष्टीकरण की राजनीति से प्रदेश की 70 फीसदी जनता ऊब चुकी है और इस बार बदलाव की आवाज साफ सुनाई दे रही है। जब केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पिछले महीने 29 से 31 दिसंबर तक की कोलकाता की यात्रा की, स्थानीय लोगों और बीजेपी कार्यकर्त्ताओं में इसी तरह का जज्बात साफ दिखाई दिया था। यह पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव अभियान की एक तरह से शुरुआत थी। अमित शाह ने अपने चीरपरिचित अंदाज में मैराथन संगठनात्मक बैठकें कीं। पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ साथ आरएसएस के पदाधिकारियों को भी जाग्रत कर दिया और लगे हाथ उन्होंने पश्चिम बंगाल में बीजेपी के लिए दो-तिहाई बहुमत की भविष्यवाणी भी कर दी।

अमित शाह जिस भी विधान सभा चुनाव की जिम्मेदारी लेते हैं, वहां सबसे पहले संगठन को कसने से ही शुरुआत करते हैं। विधायकों, सांसदों के साथ साथ नगर निगम पार्षदों तक के साथ लगातार बंद कमरे में बात करते हैं और कहीं भी किसी गफलत की गुंजाइश नहीं छोड़ते हैं। अपने वैचारिक मूल संगठन के बीच का उनका समन्वय जबर्दस्त होता है। फिर अपने प्रतिस्पर्धियों की कमजोरियों और मुद्दों को चिन्हित कर उनके काउन्टर नैरेटिव तैयार करवाते हैं और उस पर कार्पेट बॉम्बिंग शुरू कर देते हैं। पश्चिम बंगाल में भी अमित शाह ने ममता सरकार के खिलाफ भ्रष्टाचार, चिट फंड घोटाला, नौकरी घोटाला, कोयला घोटाला और पशु तस्करी के मुद्दे चिन्हित कर लिए हैं और उसमें संलिप्त तृणमूल कांग्रेस के नेताओं और मंत्रियों के नाम भी उजागर कर दिए हैं। राज्य के कई मंत्रियों के भ्रष्टाचार में शामिल होने के कारण जेल जाने की घटनाएं लोगों के दिमाग में पहले से ही अंकित हैं। सबसे ऊपर बीजेपी जिस मुद्दे को लेकर चुनाव जीतने के प्रति आश्वस्त है, वह



है बांग्लादेश से घुसपैठ का मुद्दा। ममता बनर्जी इस मुद्दे पर घिर चुकी हैं। अमित शाह के इस आरोप का उनके पास जवाब नहीं है कि आखिर सीमा पर बाड़ लगाने के लिए उन्होंने बीएसएफ़ को ज़मीन देने से क्यों इनकार किया। बीजेपी ने यह रिकार्ड पेश किया है कि असम और त्रिपुरा से घुसपैठ की घटनाएं लगभग बंद हो गई हैं, जबकि पश्चिम बंगाल में अब भी जारी हैं। इस कारण बंगाल की डेमोग्राफी तेजी से बदल रही है। खड़गपुर से कोलकाता और बर्धमान से सिलीगुड़ी तक का पूरा इलाका डेमोग्राफिक रूप से बदल गया है। स्थानीय लोग ही बताते हैं कि ये सारे इलाके अब बांग्लादेशी निवासियों से भर गए हैं।


ये पश्चिम बंगाल के मूल निवासी नहीं हैं, लेकिन संसाधनों पर इनका कब्जा हो चुका है। वे बेहतर पैसे और अच्छी ज़िंदगी के लालच में आए थे, लेकिन बंगाल के राजनीतिज्ञों ने उनका यहीं बसेरा बना दिया। बंगाल की संस्कृति, जीवन शैली, परंपरा, आदि. सब कुछ बदल गया है। बीजेपी के इस वादे में बंगाली समुदाय को एक विश्वास दिखता है कि घुसपैठ पर लगाम के लिए एक नेशनल ग्रिड बनना चाहिए और गृह मंत्री इसको चुनावी अभियान का हिस्सा बनाना चाहते हैं। देखा जाए तो बीजेपी की चुनावी राजनीति की कमान जब से अमित शाह संभाल रहे हैं, तब से लगातार पश्चिम बंगाल में भी पार्टी की स्थिति सुधर रही है। 2016 के विधान सभा चुनाव में बीजेपी को केवल 3 विधानसभा सीटों में ही जीत हासिल हुईं थी, लेकिन 2021 में 77 सीटों को जीतने में बीजेपी सफल रही। उसी तरह से 2014 के लोकसभा चुनाव में बंगाल में बीजेपी को 17 प्रतिशत वोट मिले थे, लेकिन 2024 के लोकसभा चुनावों में पार्टी को 39 प्रतिशत वोटों का सहारा मिला। पिछली हार से सबक लेते हुए भाजपा इस बार जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत करने में जुट गयी है। पश्चिम बंगाल में संगठन को मजबूत करने के लिए नेताओं को तैनात किया गया है। गौरतलब है कि पिछली बार बंगाली अस्मिता का मुद्दा उठाकर तृणमूल कांग्रेस ने भाजपा को बाहरी पार्टी के तौर पर प्रचारित किया और चुनाव में इसका लाभ तृणमूल कांग्रेस को मिला। इस बार भाजपा बंगाली अस्मिता के मुद्दे पर सतर्क है। बिहार जीत से उत्साहित भाजपा इस बार पश्चिम बंगाल को लेकर सटीक और सधी रणनीति अपना रही है। आने वाले समय में पश्चिम बंगाल में केंद्रीय मंत्रियों का दौरा तेज होने की संभावना है। बताया जा रहा है कि बीजेपी अमित शाह के नेतृत्व में बिहार की ही तरह बूथ-केंद्रित रणनीति अपनाने जा रही है। पश्चिम बंगाल के कुल 81,000 मतदान बूथों में से बीजेपी ने 65,000 के लिए बूथ समितियां बना ली हैं और सभी 294 विधानसभा क्षेत्रों में विस्तारक तैनात कर दिए हैं। दूसरी तरफ, ममता बनर्जी के शासन काल में अपराध और अपराधियों की मौजूदगी बढ़ती जा रही है। खुद मुख्यमंत्री अराजकता की लाइन पार करती दिखाई देती हैं। वह प्रधानमंत्री पद की गरिमा का भी अक्सर उल्लंघन करती दिखाई देती हैं। केंद्र के साथ बैठकों में भी कागज़ फेंकने, झल्लाने और घमंड दिखाने से बाज नहीं आतीं। बंगाल के लोगों को ममता की इस शासन संस्कृति से लज्जित होना पड़ता है।

पीएम मोदी लगातार धैर्य और सहिष्णुता से पेश आते रहे हैं, लेकिन हाल के दिनों में ईडी के अधिकारियों के साथ ममता का असंवैधानिक व्यवहार उनकी सरकार को बर्खास्त करने का कारण बन सकता था। फिर भी बीजेपी नेतृत्व इसकी मांग से बच रहा है। बीजेपी संभवतः यह मान रही है कि 2026 में बंगाल की सीएम ममता नहीं होंगी और टीएमसी के लिए खुद को बचाए रखना भी संभव नहीं होगा। माना जा रहा है कि मुस्लिम वोट के लिए हिंदुओं के साथ भेदभाव का यह दौर अब आगे नहीं चल सकता। अमित शाह ज़्यादातर मामलों में अपनी बात पर खरे उतरे हैं, अब देखना यह है कि बंगाल भी उनके लिए उनके वादे के साथ खड़ा होगा या नहीं।

(लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

# आत्मसंयमी होना श्रेष्ठ व्यक्ति का प्रथम लक्षण



संकलित

**दर्शन**

आत्मसंयम मनुष्य की ऐसी आंतरिक क्षमता है, जिसके आधार पर मनुष्य अपना समग्र विकास करने में सक्षम होता है। बुरी आदतों पर नियंत्रण आत्मसंयम की शक्ति से ही संभव है। असल में यही खराब आदतें हमारी प्रगति की राह में अवरोध बनती हैं। यदि दृढ़ इच्छाशक्ति और आत्मसंयम में सही ताल मिल जाए तो असंभव से लक्ष्य को भी सरलता से प्राप्त किया जा सकता है। संयम एक ऐसा बीज मंत्र या आवरण है, जो हर स्थिति में कारगर होता है। इस संसार में जितने भी महापुरुष हुए हैं, उनका जीवन यही संदेश देता है कि उनके उत्कर्ष में आत्मसंयम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आत्मसंयमी होना श्रेष्ठ व्यक्ति का प्रथम लक्षण है। जिन लोगों में आत्मसंयम होता है उनका स्वास्थ्य, रिश्ते, आर्थिक स्थिति और करियर अन्य लोगों की अपेक्षा बेहतर होता है। ऐसे लोग जीवन से अधिक संतुष्ट रहते हैं। उन्हें जीवन अधिक सार्थक लगता है। आत्मसंयम का जीवन रचनात्मकता से ओतप्रोत होता है। यह सद्गुण काम, क्रोध, लोभ, मोह और भय को दूर करने के साथ व्यक्ति के व्यक्तित्व को गहराई एवं गंभीरता प्रदान कर उसके जीवन को सुखप्रद बनाता है। आत्मसंयम का महामंत्र आत्मसात कर हम असीमित इच्छाओं के अश्व की लगाम अपने हाथ में रख सकते हैं। थोड़ा गहराई में जाएं तो संयमी की यात्र कंकर से शंकर बनने की है। हमें अपने जीवन में आत्मसंयम की आवश्यकता इसलिए भी पड़ती है, ताकि हम पथ से भटके बिना अपने लक्ष्य तक पहुंचने में सफल हो सकें।

# सुदर्शन रूप में भक्त की प्रेत से रक्षा



संकलित

**प्रेरणा**

संत अनंतकृष्ण बाबा जी के पास एक लड़का सत्संग सुनने के लिए आया करता था। संत से प्रभावित होकर बालक द्वारा दीक्षा के लिए प्रार्थना करने पर बाबा जी ने कहा कि महामंत्र का 11 लाख जप करके आओ उसके बाद विचार करेंगे। लगभग कुछ महीनों के पश्चात जप की संख्या पूरी करने के बाद वह बाबा के पास पुनः आया। बाबा ने बालक को कहा 11 लाख और जप करके आना। अभी 3-4 वर्ष ही बीते थे साधक जीवन में प्रवेश किए हुए, उसके मन में श्रद्धा की कमी होने लगी । वह एक दिन कहीं जा रहा था रास्ते में एक तांत्रिक को कुछ सिद्धियों का प्रदर्शन करते हुए देखा। तांत्रिक ने उससे अपने बारे में पूछा, उसने अपनी उपासना के बारे में बताया । तांत्रिक ने पूछा कि तुम इतने वर्षों से इतनी संख्या में जप करते हो, साधना करते हो उससे तुम्हे कुछ अनुभूति हुई? हमारी तरह प्रेत सिद्ध कर लो, तुम्हारे सब काम प्रेत कर दिया करेगा, बालक ने तांत्रिक से साधन की विधि जानी और शीघ्र ही थोडे मंत्रो के जप से ही सिद्ध प्राप्ति कर ली। उसने तांत्रिक से कहा कि मुझे तो कोई प्रेत सिद्ध हुआ नहीं। तांत्रिक ने कहा पुनः प्रयास करो। इस बार भी प्रेत प्रकट नहीं हुआ। तांत्रिक ने प्रेत को बुलाकर पूछा कि तुम इसके सामने क्यों नहीं प्रकट होते हो? उस प्रेत ने कहा मैं तो जैसे ही इसके थोड़े निकट जाता हूँ, इसके पीछे एक सुदर्शन चक्र प्रकट हो जाता है। मैं महान बलवान होने पर भी उस चक्र के तेज के सामने टिक नही सकता। अवश्य ही कोई शक्ति इसकी रक्षा करती है।

## मंडला-मकरविलक्कू



मंगलवार को पंडालम के शाही प्रतिनिधि पुनार्थम नल नारायण वर्मा, पठानमथिट्टा में मंडला-मकरविलक्कू त्योहार के खत्म होने के मौके पर 18 पवित्र सीढ़ियों से नीचे उतर रहे हैं।

## आज की पाती

### बच्चों के सोशल मीडिया अकाउंट बंद हों

आज के अत्याधुनिक दौर में सोशल मीडिया का अनियंत्रित विस्तार न केवल भारत बल्कि पूरे विश्व के लिए गंभीर मानसिक संकट का कारण बनता जा रहा है। इस तकनीकी उछाल ने इनसान को धीरे-धीरे मानसिक रूप से निर्बल बनाया है, साथ ही वह स्वाभाविक जीवन जीने की क्षमता भी खोता जा रहा है। सोशल मीडिया का सबसे अधिक विषैला प्रभाव बच्चों की कोमल मानसिकता पर पड़ रहा है। दुनिया के कई विकसित और प्रगतिशील देश बच्चों को सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों से बचाने के लिए कड़े कानून बना चुके हैं और कठोरता से लागू भी कर रहे हैं। वहीं भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा स्मार्टफोन बाजार है। भारत में भी 16 साल तक के बच्चों के सोशल मीडिया अकाउंट तुरंत बंद होने चाहिए। *- अनिल पांडे, भिलाई*

## करंट अफेयर

# यरुशलम में संयुक्त राष्ट्र के कार्यालय गिराना शुरू

फलस्तीनियों को सहायता प्रदान करने वाले मानवीय समूहों पर प्रतिबंधों को कड़ा किए जाने के बीच इजराइल के कर्मचारियों ने पूर्वी यरुशलम में संयुक्त राष्ट्र के कार्यालय को बुलडोजर से गिराना शुरू किया। संयुक्त राष्ट्र राहत और कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) ने 'एक्स' पर कहा कि इजराइली सेना ने संरा कार्यालय के कर्मचारियों के उपकरण जब्त कर लिए और उन्हें शेख जर्राह इलाके में स्थित इमारत से जबरन बाहर निकाल दिया। पोस्ट में कहा गया, यह न केवल यूएनआरडब्ल्यूए और उसके परिसर पर अभूतपूर्व हमला है, बल्कि यह अंतरराष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र के विशेषाधिकारों का भी गंभीर उल्लंघन है।' इजराइल लंबे समय से यूएनआरडब्ल्यूए की आलोचना करता रहा है, क्योंकि उसका कहना है कि यह फलस्तीन समर्थक है। इजराइल ने समूह पर हमास से संबंध रखने का भी आरोप लगाया है जिसे संयुक्त राष्ट्र एजेंसी ने पूरी तरह से नकार दिया है। इजराइल के विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह कार्रवाई उस नए कानून के तहत की गई है जिसके तहत आतंकवादी समूहों और हमास से संबंध रखने के आरोप में संगठन पर प्रतिबंध लगाया गया है।



## ऑफ बीट

# कई ग्लुटेन मुक्त उत्पादों में कैलोरी-शर्करा अधिक

अमेरिकी उपभोक्ता अक्सर ग्लुटेन-मुक्त उत्पादों के लिए अधिक भुगतान करते हैं, फिर भी ये उत्पाद आमतौर पर ग्लुटेन युक्त विकल्पों की तुलना में कम प्रोटीन और अधिक शर्करा एवं कैलोरी प्रदान करने वाले होते हैं। वर्तमान में कई ग्लुटेन-मुक्त उत्पादों में फाइबर, प्रोटीन और आवश्यक पोषक तत्वों की कमी होती है। इसके अलावा, ग्लुटेन-मुक्त उत्पादों में आमतौर पर ग्लुटेन युक्त अन्य उत्पादों की तुलना में अधिक शर्करा पाई जाती है। ग्लुटेन-मुक्त आहार के लंबे समय तक सेवन का संबंध 'बॉडी मास इंडेक्स' (बीएमआई) में वृद्धि और पोषण संबंधी कमियों से है। ग्लुटेन-मुक्त उत्पाद को अमेरिका में ऐसे उत्पाद के रूप में परिभाषित किया जाता है जिनमें ग्लुटेन प्रति 10 लाख में 20 भाग से कम या उसके बराबर होता है। लेकिन ग्लुटेन-मुक्त उत्पाद में बड़े पैमाने पर गेहूं, राई, जौ और कभी-कभी जई की कमी होती है, जबकि ये सभी 'रबीनॉक्सिलन' के समृद्ध स्रोत हैं जो एक महत्वपूर्ण स्टार्च रहित पॉलीसेकेराइड है। अरबीनॉक्सिलन कई स्वास्थ्य लाभ प्रदान करता है, जिसमें लाभकारी आंत बैक्टीरिया को बढ़ावा देना, पाचन को बढ़ाना, रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करना और संतुलित आंत माइक्रोबायोटा का समर्थन करना शामिल है।



## ट्रेंड

### नबीन को बधाई



नितिन नबीन संगठन की वैचारिक पृष्ठभूमि पर परिपक्व हैं और बिहार सरकार में कई बार मंत्री रहे हैं। संगठन के विभिन्न दायित्वों का उन्होंने एकनिष्ठता से निर्वहन किया है। ऐसे नौजवान, ऊर्जावान एवं प्रतिभावान अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभालने के लिए बधाई।

**-जगत प्रकाश नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री**

### कार्यकर्ताओं की मेहनत



आज भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल बना है, तो इसकी वजह हमारा प्रेरणादायी नेतृत्व है, हमारी विचारधारा और कार्यकर्ताओं की मेहनत है। वो कार्यकर्ता, जो कठिन से कठिन परिस्थिति में भी भारत का ध्वज झुकने नहीं देता है।

**- पीयूष गोयल, केंद्रीय उद्योग मंत्री**

### सत्र का घटता समय



देश में संसद व राज्य विधानमण्डलों के सत्र के घटते समय के साथ-साथ हर बार इनके भारी हंगामेदार एवं स्थगन आदि से इनकी जन उपयोगिता का घटता प्रभाव अक्सर गंभीर चिन्ता का विषय रहा है। इस पर सरकार और विपक्ष दोनों को अति-गंभीर होकर अमल भी जरूर करना चाहिये।

**- मायावती, पूर्व सीएम, उप्र**

### पुलिसिया दुर्व्यवहार



प्रयागराज में माघ मेले के दौरान शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के साथ पुलिसिया दुर्व्यवहार और उनका अन्न-जल त्यागकर धरने पर बैठना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है।

**-अशोक गहलौत, पूर्व सीएम, राजस्थान**

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# सहायक कमांडेंट सिमरन कर्तव्य पथ पर सीआरपीएफ की पुरुष टुकड़ी का करेंगी नेतृत्व

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

26 जनवरी को जब कर्तव्य पथ पर देश की ताकत, अनुशासन और एकता की झलक दिखाई देगी, तब इतिहास के पन्नों में सीआरपीएफ की सहायक कमांडेंट सिमरन बाला का नाम सुनहरे अक्षरों में दर्ज होगा। सिमरन बाला वह पहली महिला अधिकार हैं, जो सीआईरपीएफ की पूरी पुरुष मार्चिंग टुकड़ी का नेतृत्व करेंगी। बाला को 140 से अधिक पुरुष जवानों की टुकड़ी की कमान सौंपी गई है। जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले की रहने वाली 26 वर्षीय बाला इस साल गणतंत्र दिवस पर एक नया इतिहास लिखेंगी। सिमरन पहली ऐसी महिला अधिकारी होंगी जो दिल्ली के कर्तव्य पथ पर सीआरपीएफ की पुरुष टुकड़ी का नेतृत्व करेंगी। वे अपने जिले की पहली महिला हैं जो अधिकारी रैंक में देश के सबसे बड़े अर्धसैनिक बल का हिस्सा बनी हैं। यह कामयाबी उनके परिवार के लिए बल्कि पूरे जम्मू-कश्मीर के लिए गर्व का विषय है।

## सिमरन गणतंत्र दिवस पर इतिहास रचेंगी दिखेगी ताकत और एकता की झलक

26 जनवरी को सुनहरे अक्षरों में दर्ज होगा नाम

यह परिवार के लिए ही नहीं जम्मू- कश्मीर के लिए भी गर्व

### महिला का देश देखेगा नेतृत्व





सिमरन सिर्फ एक अधिकारी नहीं, एक विचार हैं जो बताता है कि भारत बदल रहा है। गणतंत्र दिवस पर जब वह कदमताल करेंगी, तब हर बेटी के भीतर यह विश्वास और मजबूत होगा कि सुरक्षा बलों का नेतृत्व और कमान एक महिला कितने दमदार तरीके से निभा सकती हैं।

### सिमरन का परिचय

- वे जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले से ताल्लुक रखती हैं।
- सीमित संसाधनों और चुनौतीपूर्ण सामाजिक परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने बड़े सपने देखे।
- पढ़ाई में शुरू से ही मेहनती रहीं सिमरन ने राजनीति विज्ञान में स्नातक की पढ़ाई पूरी की।
- इसके बाद परीक्षा में सफलता हासिल कर सीआरपीएफ में सहायक कमांडेंट बनीं।

### इस तरह रही प्रशिक्षण और नेतृत्व क्षमता

सीआरपीएफ अकादमी में प्रशिक्षण के दौरान सिमरन बाला ने अनुशासन, नेतृत्व कौशल, शारीरिक क्षमता और आत्मविश्वास में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उन्होंने यह साबित किया कि नेतृत्व लिंग से नहीं, क्षमता से तय होता है।

### महिला सशक्तिकरण की सशक्त मिसाल

*सिमरन बाला की यह उपलब्धि उस सोच को तोड़ती है जिसमें सुरक्षा बलों को केवल पुरुषों का क्षेत्र माना जाता रहा है। उनका नेतृत्व यह संदेश देता है कि महिलाएं केवल भागीदारी नहीं, नेतृत्व भी कर सकती हैं। अवसर मिलने पर महिलाएं हर मोर्चे पर खुद को साबित कर सकती हैं। यह कदम आने वाली पीढ़ियों के लिए रास्ता आसान करेगा।*

### पुरुष टुकड़ी को लीड करने वाली पहली महिला

आमतौर पर गणतंत्र दिवस की परेड में महिला अधिकारी महिला टुकड़ियों का ही नेतृत्व करती रही हैं लेकिन यह पहली बार है जब कोई महिला ऑफिसर पुरुषों के दस्ते को लीड करेगी। सीआरपीएफ देश का सबसे बड़ा आंतरिक सुरक्षा बल है जिसमें करीब सवा तीन लाख जवान शामिल हैं।

### नक्सल मोर्चे पर पहली तैनाती

सिमरन बाला को अप्रैल 2025 में सीआरपीएफ में शामिल किया गया था और उनकी काबिलियत को देखते हुए उनकी पहली पोस्टिंग छत्तीसगढ़ की खतरनाक 'बस्तरिया' बटालियन में की गई। यहां उन्होंने नक्सल विरोधी अभियानों में सक्रिय भूमिका निभाई और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में काम करना सीखा।

## खबर संक्षेप

### जोधपुर-जैसलमेर एनएच पर 4 की मौत



**जोधपुर।** यहां के अंदरजाना इलाके में मंगलवार शाम को एक भयंकर सड़क हादसा हुआ। बताया जा रहा कि बस और टैंकर के बीच में हुई टक्कर में 4 लोगों की मौत हो गई और 20 से ज्यादा घायल हैं। घायलों को ग्रीन कॉरिडोर बनाकर मथुरादास माथुर अस्पताल पहुंचाया गया। हादसा बाइक सवार को बचाने के प्रयास

### बसताड़ा टोल प्लाजा पर बिना रुके कटेगा टैक्स



**चंडीगढ़।** नेशनल हाईवे पर सफर करने वाले वाहन चालकों के लिए बड़ी खबर है। अब हरियाणा के करनाल जिले में स्थित बसताड़ा टोल प्लाजा पर अब टोल टैक्स भरने के लिए वाहनों को रुकना नहीं पड़ेगा। यहां पर ऑटोमैटिक टोल कट जाएगा। बसताड़ा टोल प्लाजा पर मल्टी लेन फ्री फ्लो सिस्टम लगभग तैयार है।

### राहुल ने प्रीमियर लीग का किया शुभारंभ



**रायबरेली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के अपने संसदीय क्षेत्र के 2 दिनी दौरे से पहले मंगलवार को रायबरेली में पोस्टर लगाए गए हैं। इनमें राहुल और सपा के प्रमुख अखिलेश यादव को 2027 और 2029 के लिए इंडिया के कप्तान के रूप में दर्शाया गया है। सि दौरान राहुल ने भाजपा पर हमला भी किया।

### 72 घंटे पहले रद्दीकरण पर मिलेगा 25% रिफंड



**नई दिल्ली।** 16 जनवरी से रेलवे ने नया नियम बनाया है। अब वंदे भारत में प्रस्थान समय से 72 घंटे से अधिक समय पहले कैंसिल किया जाता है तो 25 प्रतिशत राशि काटी जाएगी। 72 घंटे से लेकर 8 घंटे तक के अन्दर कैंसिल किया जाता है तो कैंसिलेशन चार्ज के तौर पर 50 फीसदी राशि काटेगी। 8 घंटे से कम समय में कैंसिल किया है तो रिफंड नहीं होगा।

## तमिलनाडु में विधानसभा का सत्र शुरू होने से पहले ही नाराजगी बढ़ी

# राष्ट्रगान के 'अपमान' का आरोप लगाकर राज्यपाल का अभिभाषण देने से इनकार

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवी ने मंगलवार को विधानसभा का साल का पहला सत्र शुरू होने से पहले परंपरागत उद्घाटन भाषण नहीं दिया और गुस्से में कक्ष छोड़ दिया। इसका कारण राष्ट्रीय गान के प्रति सम्मान की कमी बताया। राज्यपाल ने कहा कि डीएमके सरकार द्वारा तैयार किए गए भाषण में कुछ असत्य और गलत तथ्य थे। उनके माइक को बार-बार बंद किया गया और उन्हें बोलने की अनुमति नहीं दी गई। राज्यपाल ने कहा मैं बेहद निराश हूं। राष्ट्रीय गान का उचित सम्मान नहीं किया गया। मेरा भाषण बार-बार रोका गया, यह दुर्भाग्यपूर्ण है। विधानसभा के अंदर स्थिति तनावपूर्ण हो गई और सभापति एम. अप्पावु ने राज्यपाल से अनुरोध किया कि वे विधानसभा के नियमों और प्रथाओं का पालन करें। वहीं मुख्यमंत्री एमके स्टालिन और उनके मंत्रिपरिषद सदस्य इन हमलों का मुकाबला करने की तैयारी कर रहे हैं, जिससे विधानसभा सत्र राजनीतिक रूप से तनावपूर्ण बन गया है।

### डीएमके के भाषण के कुछ हिस्से को बताया गलत



सदन में राज्यपाल रवि

- राज्यपाल ने विधानसभा छोड़ने के कारण बताए
- राजभवन ने प्रेस रिलीज जारी कर राज्यपाल के कक्ष छोड़ने के कारण स्पष्ट किए।
- राज्यपाल का माइक बार-बार बंद किया गया और उन्हें बोलने की अनुमति नहीं दी गई।
- भाषण में भ्रामक दावे और असत्यापित बातें शामिल थीं।
- दलितों के खिलाफ अत्याचार और दलित महिलाओं के साथ यौन हिंसा के मामलों में लगातार वृद्धि हो रही है
- युवाओं में ड्रग्स का दुरुपयोग भी बढ़ रहा है, लेकिन इन गंभीर मुद्दों को भाषण में शामिल नहीं किया गया।

### *सीएम स्टालिन ने राज्यपाल पर लगाया शिष्टाचार के उल्लंघन का आरोप*

स्टालिन ने राज्यपाल पर आरोप लगाया कि उन्होंने परंपरा और शिष्टाचार का उल्लंघन करते हुए कक्ष छोड़ा। सरकार द्वारा तैयार किए गए भाषण में राज्यपाल को अपनी राय जोड़ने या अलग कुछ कहने की कोई जगह नहीं थी। राज्यपाल ने यह कदम जानबूझकर उठाया और इसका मतलब विधानसभा की अवमानना है। डीएमके का मानना है कि राज्यपाल की आवश्यकता नहीं है। पूर्व मुख्यमंत्री सीएन अन्नादुरई और एम करुणानिधि ने इस पद का सम्मान किया था।

### भाषण न पढ़ना स्वीकार नहीं होगा

मुख्यमंत्री ने सदन में एक प्रस्ताव पेश किया। इसमें कहा गया कि राज्यपाल का भाषण न पढ़ना स्वीकार नहीं किया जाएगा। केवल सरकार द्वारा तैयार किया गया टेक्स्ट जिसे स्पीकर एम अप्पावु ने तमिल में पढ़ा था, वही रिकॉर्ड में जाएगा। स्टालिन ने इसके लिए विधायकों को धन्यवाद भी दिया।

बोले स्टालिन

### हम नियम में बदलाव की करेंगे कोशिश



मुख्यमंत्री स्टालिन ने इस पर कहा कि उनकी पार्टी संविधान में बदलाव लाने की कोशिश करेगी। वे चाहते हैं कि साल की शुरुआत में विधानसभा में राज्यपाल के भाषण को जरूरी बनाने वाला नियम हट जाए। इसके लिए वे संसद में दूसरी पार्टियों का समर्थन लेंगे। यह बयान तब आया जब रवि ने सरकार का लिखा भाषण पढ़ने से मना कर दिया और सदन से चले गए। राज्यपाल ने भाषण में गलतियां होने की बात कही थी। स्टालिन ने कहा कि राज्यपाल का हर साल ऐसा करना ठीक नहीं है। रवि ने 2021 के बाद चौथी बार ऐसा किया है। जब राज्यपाल बार-बार परंपरा तोड़ते हैं, तो इस नियम की जरूरत ही क्या है? डीएमके संसद में दूसरी पार्टियों की मदद से इस नियम को हटाने की कोशिश करेगी। स्टालिन ने सोशल मीडिया पर भी लिखा कि राज्यपाल के भाषण को गैर-जरूरी बनाने के लिए संविधान में बदलाव होना चाहिए।

**विधायकों ने जमकर की नारेबाजी**

सीएम ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 176 के तहत भाषण सरकार तैयार करती है और राज्यपाल को इसे पूरा पढ़ना चाहिए। उन्हें इसमें अपनी मर्जी से बदलाव करने या इसे छोड़ने का हक नहीं है। स्टालिन ने डीएमके संस्थापक अन्नादुरई की बात याद दिलाई कि बकरी को दाढ़ी की जरूरत नहीं होती, वैसे ही राज्य को राज्यपाल की जरूरत नहीं है। जब राज्यपाल सदन से जा रहे थे, तब सत्ताधारी पार्टी और उनके सहयोगी दलों के विधायकों ने जमकर नारेबाजी भी की।

## अब कांग्रेस ने लपका, बनाया मुद्दा

### अनशन पर बैठे अभिमुक्तेशवरानंद से यूपी प्रशासन ने पूछा-अपने नाम के आगे शंकराचार्य कैसे लगाया

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रयागराज माघ मेले में दुर्व्यवहार के बाद ज्योतिषपीठ के शंकराचार्य स्वामी अभिमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को नोटिस दिए जाने पर गहरी नाराजगी जताते हुए कांग्रेस ने इसे हिंदू धर्म पर हमला करार दिया है। कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए पार्टी के मीडिया व पब्लिसिटी विभाग के चेयरमैन एवं पार्टी प्रवक्ता पवन खेड़ा ने कहा कि उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा आधी रात को अभिमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को नोटिस भेजना और यह कहना कि वह उन्हें शंकराचार्य नहीं मानती, घमंड की पराकाष्ठा है। हिंदू समाज समेत पूरा देश प्रधानमंत्री और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के मौन को देख रहा है और उन्हें इसके लिए माफ नहीं करेगा।

खेड़ा ने बताया कि मौनी अमावस्या पर प्रयागराज माघ मेले में शाही स्नान के लिए जा रहे अविमुक्तेश्वरानंद की पालकी को पुलिस ने रोक दिया था। इस दौरान पुलिस की मारपीट में उनके कई शिष्यों को चोटें आई थीं। इस अपमान के विरोध में शंकराचार्य पिछले 48 घंटों से बिना अन्न-जल के कड़ाके की ठंड में धरने पर बैठे हैं। खेड़ा ने कहा कि माफ़ी मांगने के बजाय आधी रात को प्रशासन ने अविमुक्तेश्वरानंद को नोटिस भेजकर पूछा कि वह अपने नाम के आगे शंकराचार्य कैसे लिख रहे हैं? उन्होंने इसे विनाश काले विपरीत बुद्धि करार देते हुए कहा कि कोई डीएम या मुख्यमंत्री यह तय नहीं कर सकता कि कौन शंकराचार्य है, यह धर्म का आंतरिक विषय है। खेड़ा ने वीडियो दिखाते हुए कहा कि जब तक स्वामी जी भाजपा के एजेंडे और गोमांस जैसे मुद्दों पर सवाल नहीं उठाते थे, तब तक सरकार उन्हें शंकराचार्य मानती थी। जब उन्होंने राम मंदिर की आधी-अधूरी प्राण प्रतिष्ठा का विरोध किया, महाकुंभ की अव्यवस्था पर सवाल उठाए और मोदी सरकार की निंदा की तो वे भाजपा सरकार की नजरों में शंकराचार्य नहीं रहे और उन्हें शाही स्नान करने से रोका गया। उन्होंने 1954 के शिरूर मठ मामले का हवाला देते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया था कि मठ की परंपराओं और संचालन में किसी को हस्तक्षेप का अधिकार नहीं है। उन्होंने रात 12 बजे भेजे गए नोटिस को कानून और संविधान के अनुच्छेद 25 और 26 का उल्लंघन बताया। इसे बेशर्मी, बेहयाई और निर्लज्जता करार दिया। खेड़ा ने कहा कि शंकराचार्य सिर्फ सनातन परंपरा के अनुसार विधिवत गंगा स्नान करना चाहते हैं, लेकिन उन्हें इसके लिए अनुमति लेने को कहा जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि संतों के साथ दुर्व्यवहार किया जा रहा है, जबकि हिंदू धर्म के स्वयंभू ठेकेदारों और सत्ता समर्थक लोगों को विशेष सुरक्षा व सुविधाएं दी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि आरएसएस जैसे संगठन की सुरक्षा में करोड़ों रुपए खर्च कर दिए जाते हैं। भाजपा सरकार अब तक मुसलमानों से कागज मांगती थी, अब हिंदुओं के संत शिरोमणि से कागज मांग रही है।

## सीएम सैनी ने भाजपाध्यक्ष नबीन को बधाई दी



नई दिल्ली। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने मंगलवार को नई दिल्ली में भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन को पदभार संभालने के उपरांत बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### शिवराज ने विकसित भारत कृषि यंग लीडर्स 2026 के साथ वर्चुअल संवाद किया

## युवा कृषि लीडर्स को राष्ट्रीय स्तर पर नए विचार साझा करने व उन्हें लागू करने का एक नया अवसर प्राप्त होगा : चौहान

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विकसित भारत यंग लीडर्स 2026 के प्रतिभागियों के साथ मंगलवार को एक वर्चुअल संवाद बैठक की। यह बैठक आठ दिन पहले भारत मंडपम में आयोजित विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग के क्रम में आयोजित की गई। इस अवसर पर डॉ.एम. एल. जाट, सचिव, डेयर एवं महानिदेशक, आईसीएआर ने केंद्रीय मंत्री तथा युवाओं का स्वागत किया।

चौहान ने कहा कि युवा केवल उनके लिए विद्यार्थी नहीं हैं, बल्कि भारतीय कृषि के रूपांतरण हेतु उनकी प्रतिभा का उपयोग करने का यह एक बड़ा अवसर है। उन्होंने विचारों और नवाचारों की भूमिका पर बल देते हुए कहा कि इनके माध्यम से खाद्य सुरक्षा, पोषण सुरक्षा, किसानों की आय में वृद्धि तथा कृषि को अधिक किसान-हितैषी बनाया जा सकता है। युवाओं से दालों और तिलहनों के आयात को कम करने, कम लागत वाली खाद्य प्रसंस्करण तकनीकों, कृषि यंत्रीकरण, तथा उर्वरक सब्सिडी के प्रत्यक्ष हस्तांतरण के लिए डिजिटल अवसंरचना के प्रभावी उपयोग जैसे विषयों पर नए और व्यावहारिक विचार देने का आग्रह किया। उन्होंने देश स्तर पर एक साझा मंच से जुड़कर छोटे और सीमांत किसानों के लिए नवाचारी मॉडल विकसित करने हेतु युवाओं को प्रेरित किया। उन्होंने यह भी बताया कि संवाद के दौरान प्राप्त सुझावों को विषयवार वर्गीकृत कर संस्थागत एवं राष्ट्रीय स्तर पर विचार-विमर्श किया जाएगा। साथ ही युवाओं से अपने विचार लिखित रूप में प्रस्तुत करने का आग्रह किया गया, जिनका मूल्यांकन राष्ट्रीय महत्व, प्रासंगिकता, विस्तार क्षमता और व्यवहारिकता के आधार पर किया जाएगा। प्रभावशाली विचारों को आगे सहयोग और मान्यता दी जाएगी।

वर्चुअल संवाद के दौरान तेलंगाना, बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान, झारखंड, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश सहित अन्य राज्यों के युवा नेताओं ने केंद्रीय कृषि मंत्री के साथ अपने विचार और सुझाव साझा किए।

प्रतिभागियों ने राष्ट्रीय प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए कृषि नवाचार, आजीविका संवर्धन और टिकाऊ कृषि विकास से जुड़े व्यावहारिक समाधान प्रस्तुत किए। डॉ. जे. के. जेना, उप महानिदेशक (कृषि शिक्षा), आईसीएआर तथा आईसीएआर के शिक्षा प्रभाग के अन्य अधिकारी भी इस संवाद के दौरान उपस्थित रहे।

### सीजेआई सूर्यकांत ने जिला न्यायपालिका की अहमियत पर दिया जोर

# युवा हाईकोर्ट या सुप्रीम कोर्ट से पहले यहीं से सीखें 'न्याय'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने दिल्ली बार काउंसिल में आयोजित एक सम्मान समारोह को संबोधित किया। इसमें सीजेआई स ने जिला न्यायपालिका की अहमियत पर जोर देते हुए युवा और भावी एडवोकेट्स को बड़ी नसीहत दी। उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट या सुप्रीम कोर्ट में जाने से पहले युवा एडवोकेट्स को जिला न्यायपालिका में ही अपने वकालत की शुरुआत करनी चाहिए। असली न्याय जमीनी स्तर की अदालतों में ही निहित है, क्योंकि किसी मुवक्किल का पहला सामना तब होता है जब वह अपने अधिकारों को लागू करवाने के लिए जिला अदालतों में जाता है। उन्होंने कहा कि जिला अदालतें अपीलीय मंचों के बराबर, बल्कि उनसे कहीं अधिक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं, क्योंकि यहीं पर कानून वास्तविक और तात्कालिक रूप लेता है और मानवीय नजरिए को अपनाता है।

असली न्याय जमीनी स्तर की अदालतों में ही निहित

दिल्ली बार काउंसिल में सम्मान समारोह



कार्यक्रम में सीजेआई

### याद की अपनी जूनियरशिप

अपने कानूनी पेशे के शुरुआती वर्षों को याद करते हुए सीजेआई ने कहा कि वे एक प्रमुख वरिष्ठ सिविल वकील के कार्यालय में शामिल होने के लिए भाग्यशाली थे, जिनके मार्गदर्शन में उन्होंने याचिकाएं, वाद पत्र, हलफनामे आदि तैयार करने की कला सीखी। इसमें जिरह और मुख्य गवाहों की जांच की तैयारी भी शामिल थी। उन्होंने कहा कि उनके जीवन में मिली सफलता जिला न्यायालय में उनके अनुभव के कारण है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि एक वर्ष की जूनियरशिप के बाद मैंने स्वतंत्र रूप से वकालत करने का निर्णय लिया, लेकिन जिला न्यायालयों में विकसित कौशल के कारण कई वरिष्ठ वकीलों ने उनसे अपनी याचिकाएं तैयार करने का अनुरोध किया।

### जिला अदालतों को बताया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र

सीजेआई सूर्यकांत ने जिला अदालतों की तुलना प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से करते हुए कहा-यदि किसी वादी का इलाज इस प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में संतोषजनक ढंग से हो जाता है, तो मुझे यकीन है कि उसे बड़े अस्पतालों में ट्रांसफर करने की जरूरत नहीं होगी। निश्चित रूप से उसे किसी ट्राउमा सेंटर जाने की भी जरूरत नहीं होगी।

**गलत धारणा का किया जिक्र**

*सीजेआई ने कहा कि युवा वकीलों में यह गलत धारणा है कि नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी या इसी तरह के किसी महत्वपूर्ण विधि विश्वविद्यालय से कानून की डिग्री प्राप्त करने के बाद उन्हें हाईकोर्ट या सुप्रीम कोर्ट में ही वकालत करनी चाहिए। जिला न्यायालय पेशेवर संस्कृति को विकसित करने के केंद्र हैं जो विधि पेशे की नींव को मजबूत करते हैं। भावी वकीलों को हमें यह प्रोत्साहित करना चाहिए कि वे सुप्रीम कोर्ट या हाईकोर्ट से पहले जिला न्यायालयों में वकालत करें।*

### राम माधव ग्रेटर बेंगलुरु निगम चुनाव प्रभारी बने

## भाजपा ने विनोद तावड़े को केरल विस चुनाव के लिए प्रभारी बनाया

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने मंगलवार को पदभार संभालते ही चुनाव प्रबंधन को लेकर कई नियुक्तियां की। विनोद तावड़े को केरल विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी प्रभारी और चंडीगढ़ मेयर चुनाव का पर्यवेक्षक बनाया गया है। साथ ही, राम माधव को ग्रेटर बेंगलुरु और आशीष शेलार को तेलंगाना निगम चुनाव की कमान सौंपी गई है।

पार्टी ने आगामी विधानसभा और नगर निगम चुनावों के लिए अपने भरोसेमंद और अनुभवी रणनीतिकारों को जिम्मेदारी सौंपी हैं। केरल विधानसभा चुनाव हेतु राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े को केरल का चुनाव प्रभारी बनाया गया है। केंद्रीय राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे को सह-चुनाव प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है। ग्रेटर बेंगलुरु निगम चुनाव हेतु पार्टी ने यहां दिग्गज नेता राम माधव को जिम्मेदारी दी है, उन्हें चुनाव प्रभारी नियुक्त किया गया है। सतीश पूनिया और संजय उपाध्याय सह-चुनाव प्रभारी होंगे। तेलंगाना ननि चके लिए महाराष्ट्र के मंत्री आशीष शेलार को कमान सौंपी गई है। राजस्थान के पूर्व अध्यक्ष अशोक परनामी,सांसद रेखा शर्मा को सहचुनाव प्रभारी बनाया है।

## फिक्की की विनिर्माण पर तिमाही सर्वेक्षण रिपोर्ट जारी

# फिक्की विनिर्माण सूचकांक तीसरी तिमाही में पहुंचा अब तक के उच्चतम स्तर पर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली


उत्पादन लागत अधिक रहने के बावजूद फिक्की विनिर्माण सूचकांक चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में अबतक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। इसमें 91 प्रतिशत कंपनियों ने स्थिर या उससे अधिक उत्पादन दर्ज किया है जो जुलाई-सितंबर के 87 प्रतिशत से अधिक है।

- उत्पादन लागत अधिक रहने के बावजूद उत्पादन बढ़ा

फिक्की के विनिर्माण पर तिमाही सर्वेक्षण (क्यूएसएम) के 68वें संस्करण में तीसरी (अक्टूबर-दिसंबर) तिमाही में आठ प्रमुख क्षेत्रों के विनिर्माताओं के प्रदर्शन एवं बाजार की स्थिति का आकलन किया गया।

### खास बातें

- इसमें 91 प्रतिशत कंपनियों ने स्थिर या अधिक उत्पादन दर्ज किया
- यह उत्पादन जुलाई-सितंबर के 87 प्रतिशत अधिक है



### बिजली व यूटिलीटी लागत में वृद्धि

करीब 57 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने बिक्री के प्रतिशत के रूप में उत्पादन लागत में वृद्धि की जानकारी दी जो पिछली तिमाही के निष्कर्षों के अनुरूप है और यह दर्शाता है कि लागत अब भी अधिक है। उद्योग मंडल ने कहा कि पिछले वर्ष की तुलना में उत्पादन लागत में वृद्धि मुख्य रूप से कच्चे माल की उच्च लागत, मुद्रा में उतार-चढ़ाव और लॉजिस्टिक, बिजली एवं यूटिलीटी लागत में वृद्धि के कारण हुई है।

### ये उद्योग व वस्तुएं शामिल

इनमें मोटर वाहन कलपुर्जों, पूंजीगत सामान, रसायन, उर्वरक तथा दवा, इलेक्ट्रॉनिक एवं इलेक्ट्रिकल, मशीन उपकरण, धातु व धातु उत्पाद, वस्त्र, परिधान तथा प्रौद्योगिकी वस्त्र तथा विविध वस्तुएं शामिल हैं। लघु एवं मझोले उद्यम दोनों क्षेत्रों की विनिर्माण इकाइयों से प्रतिक्रियाएं प्राप्त की गई हैं जिनका वार्षिक कारोबार संयुक्त रूप से तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक है।

### विनिर्माण क्षेत्र में निरंतर वृद्धि जारी

तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) में विनिर्माण सूचकांक का प्रदर्शन भारत के विनिर्माण क्षेत्र में निरंतर वृद्धि एवं बढ़ते आशावाद को दर्शाता है। यह आशावाद घरेलू मांग में भी स्पष्ट है क्योंकि 86 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही में पिछली तिमाही की तुलना में अधिक या समान ऑर्डर की उम्मीद जताई है जो माल एवं सेवा कर (जीएसटी) दर में कटौती की घोषणा के बाद और भी बढ़ गई है।

### औसत उपयोग क्षमता करीब 75 फीसदी

सर्वेक्षण के अनुसार, विनिर्माण क्षेत्र में मौजूदा औसत क्षमता उपयोग करीब 75 प्रतिशत है जो इस क्षेत्र में निरंतर आर्थिक गतिविधि को दर्शाता है। आगामी छह महीनों में निवेश एवं विस्तार के लिए भविष्य का निवेश दृष्टिकोण स्थिर है। 70 प्रतिशत से अधिक उत्तरदाताओं ने तीसरी तिमाही में निर्यात के स्तर में वृद्धि या पिछले तिमाही के 69 प्रतिशत की तुलना में समान स्तर की वृद्धि दर्ज की।

### कार्यशील पूंजी की उपलब्धता बढ़ी

सर्वेक्षण के अनुसार, विनिर्माणकर्ताओं द्वारा भुगतान की जाने वाली औसत ब्याज दर 8.9 प्रतिशत बताई गई है। 87 प्रतिशत से कुछ अधिक उत्तरदाताओं ने कार्यशील पूंजी या दीर्घकालिक पूंजी के लिए बैंकों से पर्याप्त धनराशि की उपलब्ध होने की जानकारी दी है।

## टाटा लाई इलेक्ट्रिक व डीजल श्रेणियों में 17 ट्रकों का पोर्टफोलियों

**नई दिल्ली।** जीएसटी दरों में कटौती के बाद वाणिज्यिक वाहनों की मांग में आई तेजी का लाभ उठाने के मकसद से टाटा मोटर्स लिमिटेड इलेक्ट्रिक और डीजल इंजन दोनों श्रेणियों में 17 ट्रकों का नया पोर्टफोलियो लेकर आई है। कंपनी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी गिरीश वाघ ने मंगलवार को यह जानकारी दी। टाटा समूह की वाणिज्यिक वाहन कंपनी टाटा मोटर्स लिमिटेड के प्रमुख ने कहा कि कंपनी अब इलेक्ट्रिक ट्रकों को अधिक वहन क्षमता के साथ पेश कर इस खंड में भी अपना विस्तार कर रही है। इलेक्ट्रिक ट्रकों के बारे में वाघ ने कहा कि सात टन से लेकर 55 टन तक की क्षमता वाले टाटा ट्रक्स डॉट ईवी पिछले कुछ वर्षों में ग्राहकों के साथ मिलकर विकसित किए गए हैं और अब तक 3.5 लाख किलोमीटर से अधिक का परीक्षण पूरा कर चुके हैं।

## राष्ट्रीय बांध सुरक्षा समिति (एनसीडीएस) की 11वीं बैठक नई दिल्ली में आयोजित

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय बांध सुरक्षा समिति (एनसीडीएस) की 11वीं बैठक 20 जनवरी 2026 को डॉ. अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय केंद्र, जनपथ, नई दिल्ली में आयोजित की गई। बैठक में जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा पुनरुद्धार विभाग; केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी); राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए); केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए); पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (एमओईएफएंडसीसी); भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी); भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ऑफ इंडिया (जीएसआई); राष्ट्रीय रिमोट सेंसिंग केंद्र (एनआरएससी); तथा राष्ट्रीय बांध सुरक्षा प्राधिकरण (एनडीएसए) के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। असम, कर्नाटक, महाराष्ट्र, मिजोरम, ओडिशा, पंजाब एवं उत्तर प्रदेश सहित सात राज्यों के अधिकारियों ने भी बैठक में भाग लिया।

## स्विगी की विस्तार की अभी कोई योजना नहीं

**दावोस।** खाद्य व पेय पदार्थ की आपूर्ति करने वाले ऑनलाइन मंच स्विगी के 'फूड मार्केटप्लेस' के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) रोहित कपूर ने कहा कि कंपनी ने अभी तक भारत में 85-90 प्रतिशत बाजार का दोहन नहीं किया है और घरेलू बाजार में मौजूद अपार संभावनाओं को देखते हुए, अभी वैश्विक विस्तार की कोई योजना नहीं है। विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक से इतर 'पीटीआई-भाषा' के साथ बातचीत में कपूर ने कहा कि भारत में अब भी बदलाव की काफी संभावनाएं हैं और फिलहाल वैश्विक विस्तार की कोई योजना नहीं है।

## एआई का लक्ष्य हर किसी के जीवन को बेहतर बनाना हो

**दावोस।** माइक्रोसॉफ्ट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सत्य नडेला ने मंगलवार को कहा कि कृत्रिम मेधा (एआई) का लक्ष्य हर किसी के जीवन को बेहतर बनाना होना चाहिए। इसमें शिक्षा से लेकर सार्वजनिक क्षेत्र की दक्षता तक शामिल है। सीईओ यहां विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक के दौरान एक सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि यदि एआई से जुड़ी सारी चर्चा केवल आपूर्ति पक्ष या तकनीकी कंपनियों पर ही केंद्रित रही, तो यह एक 'बुलबुला' साबित हो सकता है। नडेला ने कहा कि जीवन के सभी पहलुओं में एआई की भूमिका को समझने की जरूरत है, जैसे कि यह कैसे दवा कंपनियों को महत्वपूर्ण दवाओं को तेजी से तैयार करने या परीक्षणों में तेजी लाने में मदद कर रहा है। उन्होंने केवल खर्च बढ़ाने के बजाय एआई आधारित आर्थिक वृद्धि पर जोर दिया। सीईओ ने बताया कि कैसे एआई और अन्य उन्नत प्रौद्योगिकियां उत्पादकता बढ़ा रही हैं और हमारे काम करने के तरीके को बदल रही हैं।

**LOST & FOUND**

We, (i) Mrs. NEENA ARORA W/o SHRI PUNEET ARORA R/O FLAT NO.25, KANCHANCHANGA APARTMENTS, I.P. EXTENSION, PATPARGANJ, DELHI-110092, (ii) Mrs. RENU KHANNA W/O SHRI INDER PRAKASH KHANNA R/o FLAT No.210, DHRUVA APARTMENTS, PLOT No.4, I.P. EXTENSION, PATPARGANJ, DELHI-110092, (iii) Mrs. VEENA GULATI W/o SHRI PRADEEP GULATI R/o 110, A-BLOCK, LOK VIHAR, PITAMPURA, DELHI, do hereby solemnly affirm and inform That We are the owners and in possession of FLAT BEARING No.41, on Ground Floor, Situated in the Layout Plan of the Navkranti Co-operative Group Housing Society Ltd. Plot No.75, Known as NAVKRANTI APARTMENTS, I.P. Extension, Patparganj, Delhi-110092. Original ALLOTMENT LETTER of the above said flat has been lost/misplaced somewhere and not traceable by my best efforts. I have already lodge a Lost Report in this regard, Vide LR No.41965/2026, Dated 19.01.2026.

NEENA ARORA

## रुपया सात पैसे टूटकर 90.97 प्रति डॉलर के अब तक के सबसे निचले स्तर पर

**मुंबई।** रुपया मंगलवार को सात पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 90.97 के अब तक के सबसे निचले स्तर पर बंद हुआ। धातु आयातकों की मजबूत डॉलर मांग और लगातार विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी से निवेशकों की कारोबारी धारणा प्रभावित हुई। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि अमेरिका के ताजा विस्तारवादी संकेत सहित बढ़ती वैश्विक अनिश्चितताओं ने जोखिम से बचने की प्रवृत्ति को बढ़ा दिया है और उभरते बाजारों की मुद्राओं पर दबाव बनाए रखा है। इसके अलावा, विदेशी पूंजी की निकासी के कारण घरेलू शेयर बाजार में सुस्ती भी इसकी एक वजह रही।

## एलटीआईमाइंडट्री चौथी तिमाही में शुरू करेगी वेतन वृद्धि

**नई दिल्ली।** आईटी सेवा कंपनी एलटीआई माइंडट्री वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही से वार्षिक वेतन वृद्धि की शुरुआत करेगी। इसके तहत पहले चरण में लगभग 50 प्रतिशत कर्मचारियों को शामिल किया जाएगा। कंपनी ने बताया कि परिचालन मार्जिन पर पड़ने वाले प्रभाव को प्रबंधित करने के लिए वेतन वृद्धि को दो तिमाहियों वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही और वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में विभाजित किया जाएगा। एलटीआई माइंडट्री के मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) विपुल चंद्रा ने कंपनी के तिमाही नतीजों पर चर्चा के दौरान कहा, ''वेतन वृद्धि की समयसीमा की बात करें तो... हम चौथी तिमाही से वेतन वृद्धि शुरू करेंगे। लेकिन इसे एक बार में करने के बजाय, हम इसे कुछ तिमाहियों में फैलाएंगे...। हम चौथी तिमाही में अपने लगभग 50 प्रतिशत कार्यबल के लिए वेतन वृद्धि करेंगे।'' यह फैसला पिछली तिमाही (वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही) में प्रबंधन द्वारा पेश किए गए मसौदे के अनुरूप है, जिसमें पहली बार वेतन वृद्धि को दो हिस्सों में बांटने का संकेत दिया गया था। उस समय कंपनी के सीईओ और प्रबंध निदेशक वेणु लांबू ने कहा था कि पहली किश्त एक जनवरी से प्रभावी होगी।

## सीयू के 10,000 छात्रों को 2025 में 1300 से ज़्यादा नेशनल व ग्लोबल कंपनियों से मिले जॉब ऑफर

**चंडीगढ़।** यूनिवर्सिटी स्टूडेंट्स को अपने सीयूसीईटी प्रोग्राम के ज़रिए दे रही 250 करोड़ रुपये की स्कॉलरशिप, होनहार और आर्थिक रूप से कमजोर स्टूडेंट्स के लिए 100 प्रतिशत तक स्कॉलरशिप की दी पेशकश चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी स्कॉलरशिप स्कीम के साथ होनहार स्टूडेंट्स के एकेडमिक सपनों को लगा रही पंख, 2025-26 में हरियाणा के 9678 स्टूडेंट्स को मिला इसका फायदा चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी ने 12 सालों में 5,723 से ज़्यादा स्टूडेंट्स को 6 करोड़ रुपये की डिफेंस स्कॉलरशिप देकर आर्म्ड फोर्सेज के परिवारों की सहायता, 2025 में हरियाणा के 67 स्टूडेंट्स ने स्कॉलरशिप का उठाया फायदा रोहतक, हरियाणा क्यूएस एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2026 के अनुसार भारत की नंबर 1 प्राइवेट यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी, टॉप नेशनल और इंटरनेशनल रिक्रूटर्स की पहली पसंद बनी हुई है, जिसमें 1300 से ज़्यादा रिक्रूटर्स ने सीयू के 2025 बैच के स्टूडेंट्स को 10,000 से ज़्यादा नौकरियाँ दी हैं। इसमें सबसे ज़्यादा इंटरनेशनल पैकेज 1.74 करोड़ रुपये रहा, जबकि सबसे ज़्यादा डोमेस्टिक ऑफर 54.75 लाख रुपये का था। इनमें से 31 से ज़्यादा रिक्रूटर्स ने 20 लाख रुपये या उससे ज़्यादा के जॉब ऑफर दिए, जबकि 52 कंपनियों ने 15 लाख रुपये से ज़्यादा के सालाना सैलरी पैकेज वाली नौकरियाँ दीं। यह बात चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के चांसलर के सलाहकार, प्रो (डॉ.) आरएस बावा ने शनिवार को हरियाणा के रोहतक में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कही। हरियाणा के स्टूडेंट्स की प्लेसमेंट डिटेल्स शेयर करते हुए प्रो. बावा ने कहा कि पिछले दो सालों में चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में हायर एजुकेशन हासिल करने वाले हरियाणा के 2,034 स्टूडेंट्स को टॉप भारतीय और ग्लोबल कंपनियों से जॉब ऑफर मिले हैं। जहां 2024 में हरियाणा के 803 चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट्स को नौकरी मिली, वहीं 2025 में यह संख्या बढ़कर 1231 हो गई। अकेले पिछले दो सालों में रोहतक के 126 स्टूडेंट्स को लीडिंग नेशनल और इंटरनेशनल कंपनियों से जॉब ऑफर मिले, जिनमें से 49 स्टूडेंट्स को 2024 में और 77 स्टूडेंट्स को चल रहे 2025-26 एकेडमिक सेशन के दौरान ऑफर मिले हैं। रोहतक हरियाणा के रहने वाले मयंक, जो चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के इंस्टीट्यूट ऑफ़ इंजीनियरिंग से कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग में बीटेक का स्टूडेंट् है।




- पिछले दो सालों में हरियाणा के 2034 छात्रों को मिली नौकरी
- रोहतक के 126 स्टूडेंट्स को मिली ड्रीम जॉब

**उत्तर रेलवे**

संशोधित पत्र–1

संदर्भः– Notice No. CSP-KSF_04_2025-26 Dated: 20.01.2026
(RO No. 99/2026)

नीचे उल्लिखित निविदा में संशोधन निम्नानुसार संशोधित:

| | | खुलने की मौजूदा तिथि 04.02.2026 | खुलने की संशोधित तिथि 11.02.2026 |
|---|---|---|---|
| 1 | Tender Number: CSP-KSF_04_2025-26 | विशेष शर्तों का खंड संख्या 4 : खंड 4 के अंतर्गत उल्लिखित "18" घंटे को "12" घंटे पढ़ा जाए। | |
| | | विशेष शर्तों का खंड संख्या 12 : खंड 12 के अंतर्गत उल्लिखित "18" घंटे को "12" घंटे पढ़ा जाए। | |

बाकी की शर्तें यथावत रहेंगी।
टिप्पणी: उपरोक्त ई–प्रोक्योरमेंट टेंडर की पूरी जानकारी वेबसाइट www.nr.indianrailways.gov.in पर उपलब्ध है।
212/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**छत्तीसगढ शासन, जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, हसदेव नहर जल प्रबंध संभाग, जांजगीर जिला - जाजंगीर-चाम्पा (छ.ग.)**

**ई. प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना**
eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in
(द्वितीय आमंत्रण)

सिस्टम निविदा क्र. 183900 निविदा सूचना क्र. 63/ व.ले.लि. / ई-प्रोक्युरमेंट / 2025-26, दि. 16-01-2026

निम्नलिखित कार्यो के लिए दिनांक 03-02-2026 समय 17:30 तक ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है

**कार्य का नाम**- जांजगीर-चाम्पा जिले के विकास खण्ड नवागढ़ अंतर्गत नवागढ़ शाखा नहर अंतर्गत भठली उपवितरक नहर प्रणाली में मिट्टी मरम्मत लाईनिंग एवं पक्का स्ट्रक्चर कार्य।

अनुमानित लागतः - रू.295.50 लाख
(निविदा की अनुमानित लागत एस. ओ. आर. दिनांक 01.08.2014 एवं पुनरीक्षित दर दिनांक 22.08.2022 पर आधारित)

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 23-01-2026 समय 17:31 बजे से देखे तथा डाउनलोड़ किये जा सकते है।

**नोटः** निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/ पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियंता
हसदेव नहर जल प्रबंध संभाग, जांजगीर
जिला- जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.)

G-252606166/9

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## फोनपे आईपीओ को सेबी से मिली मंजूरी, 12 हजार करोड़ जुटाने की योजना

**नई दिल्ली।** भारत की सबसे बड़ी डिजिटल पेमेंट कंपनियों में शामिल फोनपे ने अपने बहुप्रतीक्षित आईपीओ की दिशा में बड़ा कदम बढ़ा दिया है। मार्केट रेगुलेटर सेबी ने कंपनी को आईपीओ लाने की मंजूरी दे दी है। सूत्रों के मुताबिक फोनपे करीब 15 अरब डॉलर के वैल्यूएशन पर बाजार में उतर सकती है और इस पेशकश के जरिए लगभग 12,000 करोड़ रुपए जुटाने की योजना है। यह आईपीओ पूरी तरह ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) के जरिए आने की संभावना है, जिससे मौजूदा निवेशक अपनी हिस्सेदारी का एक हिस्सा बेचेंगे। फोनपे को 20 जनवरी को सेबी की मंजूरी मिली, जिसके बाद कंपनी अगले कुछ दिनों में अपना अपडेटेड ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस दाखिल कर सकती है। इससे पहले कंपनी ने सितंबर में कॉन्फिडेंशियल प्री-फाइलिंग रूट के जरिए दस्तावेज जमा किए थे। फोनपे वॉलमार्ट के स्वामित्व वाली डिजिटल पेमेंट कंपनी है और इसका मुख्यालय बेंगलुरु में स्थित है। बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि मौजूदा माहौल में यह आईपीओ निवेशकों के लिए खासा आकर्षक हो सकता है।

## रेलवन ऐप से अनारक्षित टिकट पर डिजिटल भुगतान से मिलेगी 3 प्रतिशत की छूट

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे यात्रियों को डिजिटल माध्यमों से अधिक सुविधा,पारदर्शिता एवं प्रोत्साहन देने की दिशा में निरंतर कार्य कर रहा है। यह सुविधा प्रयोगिक आधार पर दिनांक 14 जुलाई 2026 तक लागू की जा रही है। अब तक रेलवन ऐप पर अनारक्षित टिकट बुक करते समय केवल R-wallet के माध्यम से भुगतान करने पर ही 3 प्रतिशत बोनस कैशबेक की सुविधा उपलब्ध थी। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए तथा डिजिटल भुगतान को और अधिक लोकप्रिय बनाने के उद्देश्य से रेलवे ने यह लाभ अब सभी स्वीकृत डिजिटल भुगतान माध्यमों पर लागू करने का निर्णय लिया है। नई व्यवस्था के अंतर्गत रेलवन ऐप के जरिए अनारक्षित टिकट लेते समय यदि यात्री यूपीआई, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, नेट बैंकिंग अथवा अन्य स्वीकृत डिजिटल भुगतान माध्यमों का उपयोग करता है, तो उन्हें टिकट मूल्य पर 3 प्रतिशत की छूट मिलेगी। इससे यात्रियों को टिकट बुकिंग में प्रत्यक्ष आर्थिक बचत होगी । रेलवे की यह पहल केशलेस लेन-देन को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ डिजिटल इंडिया अभियान को मजबूती प्रदान करेगी। विशेष रूप से दैनिक यात्रा करने वाले यात्रियों, अनारक्षित श्रेणी में सफर करने वाले आम नागरिकों तथा उपनगरीय क्षेत्रों के यात्रियों को इस सुविधा से सीधा लाभ मिलेगा। यात्रियों के लिए यह ऐप पहले से ही काउंटर पर लगने वाली लंबी कतारो से राहत दिलाने में उपयोगी सिद्ध हो रहा है।

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हरियाणा राज्य सड़क एवं पुल विकास निगम लि., गुरूग्राम (एचएसआरडीसी) | महेन्द्रगढ़ जिला, हरियाणा में महेन्द्रगढ़ फोर्ट (फेज-I) की रिवैम्पिंग। | 16.01.2026 30.01.2026 | रु.6,65,68,894/- | https://hsrdc.org.in | 9812484184 dgmhsrdc@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/42239/1/88/7 दि. 20.01.26

## राशिफल

**मेष** – वाणी में कठोरता के भाव रहेगा, संचित धन में कमी आ सकती है। प्रतियोगी परीक्षा व साक्षात्कार आदि कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**वृष** – धैर्यशीलता में कमी आ सकती है, अपनी भावनाओं को वश में रखें। पारिवारिक जम्मिेदारियां बढ़ सकती हैं। नौकरी में तरक्की के योग बन रहे हैं।

**मिथुन** – माता से धन की प्राप्ती हो सकती है। कला व संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परश्रिम की अधिकता रहेगी, आय में वृद्धि होगी।

**कर्क** – आत्मवश्विास में वृद्धि होगी, कुटुंब परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। उच्च शक्षिा एवं शोध आदि कार्यों के लिए विदेश प्रवास की संभावना बन रही है।

**सिंह** – पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे, संतान सुख में वृद्धि होगी। आय में कमी व खर्चों में वृद्धि की स्थिति हो सकती है।

**कन्या** – स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है, परंतु आत्मवश्विास में वृद्धि होगी। कार्यों के प्रति जोश व उत्साह रहेगा ।पारिवारिक जम्मिेदारियां बढ़ सकती हैं।

**तुला** – वाणी में कठोरता का भाव रहेगा, बातचीत में संयत रहें। वस्त्रों आदि की ओर रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृश्चिक** – शैक्षिक व बौद्धिक कार्यों से यश व मान-सम्मान में वृद्धि होगी। जीवन साथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। राजनैतिक महत्वाकांक्षा की पूर्ति होगी।

**धनु** – कार्यक्षेत्र में परश्रिम की अधिकता रहेगी, संतान को कष्ट रहेगा। आत्मवश्विास में वृद्धि होगी। कला व संगीत के प्रति रूझान बढ़ेगा।

**मकर** – कार्यक्षेत्र में परिवर्तन संभव है, संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है। वस्त्रों व गहनों के प्रति रूझान रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कुंभ** – कुटुंब की किसी महिला से धन प्राप्ती के योग बन रहे हैं, भाइयों के साथ मनमुटाव हो सकता है। बातचीत में संयत रहें, वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे।

**मीन** – दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी, किसी मत्रि के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते हैं। परिवार में मान-सम्मान बढ़ेगा।


## सोना पहली बार 1.5 लाख रुपये के पार, चांदी 20,400 रुपये उछली

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार को सोना मजबूत मांग आने से 5,100 रुपये की छलांग लगाते हुए पहली बार 1.5 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के पार पहुंच गया जबकि चांदी ने 20,400 रुपये के उछाल के साथ नया रिकॉर्ड बना दिया।अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने कहा कि सोना दिल्ली में 5,100 रुपये की बढ़त के साथ 1,53,200 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर सहित) पर पहुंच गया। इसके साथ ही सोने ने 1.5 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम का अहम मनोवैज्ञानिक स्तर भी पार कर लिया। सोना सोमवार को 1,48,100 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था। चांदी की कीमतों ने भी स्थानीय सर्राफा बाजार में मजबूती दिखाते हुए नया उच्चतम स्तर छू लिया। सफेद धातु 20,400 रुपये यानी लगभग सात प्रतिशत बढ़कर 3,23,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर सहित) पर पहुंच गई। सोमवार को चांदी की कीमतों में 10,000 रुपये की तेजी देखी गई थी, जिससे यह तीन लाख रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर को पार कर गई थी। विदेशी बाजारों में भी सोना और चांदी की मांग में तेजी रही। फॉरेक्स डॉटकॉम के आंकड़ों के मुताबिक, अंतरराष्ट्रीय बाजार में हाजिर सोना पहली बार 4,700 डॉलर प्रति औंस का स्तर के पार पहुंचा।

## वैश्विक चिंताओं से सहमा शेयर बाजार, सेंसेक्स 1,066 अंक लुढ़का

**मुंबई।** वैश्विक स्तर पर तनाव बढ़ने और वैश्विक बाजारों के कमजोर संकेतों के बीच मंगलवार को चौतरफा बिकवाली होने से घरेलू शेयर बाजारों में बड़ी गिरावट दर्ज की गई। सेंसेक्स 1,066 अंक लुढ़कते हुए 83,000 के नीचे फिसल गया जबकि निफ्टी 353 अंक टूट गया। कारोबारियों ने कहा कि अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में गिरावट जारी रहने और विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली से निवेशकों की धारणा पर प्रतिकूल असर पड़ा। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 1,065.71 अंक यानी 1.28 प्रतिशत लुढ़ककर 82,180.47 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,235.6 अंक फिसलकर 82,010.58 अंक तक आ गया था। वहीं, एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 353 अंक यानी 1.38 प्रतिशत गिरकर 25,232.50 अंक पर बंद हुआ। यह घरेलू बाजारों में गिरावट का लगातार दूसरा दिन रहा। सोमवार को सेंसेक्स में 324.17 अंक की कमजोरी आई थी जबकि निफ्टी 108.85 अंक गिरा था। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा, /"बाजार में गिरावट का सिलसिला मंगलवार को भी जारी रहा।

## शब्द पहेली - 6115




**बाएँ से दाएँ**
1.उथल-पुथल, कोलाहल-4
5.अस्पताल-4
8.पक्षाघात-3
9.मिट्टी, धूल-2
11.पुष्प, फूल, सुमन-3
12.बुरे कार्य करनेवाला-4
14.जादू, तंत्र-मंत्र-2
15.सौत, सपत्नी-3
17.साड़ी के किनारे पर लगाया जानेवाला लंबा कपड़ा-2
19.नगर में रहनेवाले-5
22.गणपति, गणेश-5
25.बागवान-2
26.जुदा, पृथक्-3
27.जी, इच्छा-2
28.पहरेदार-4
30.सिसकना-3
31.रहस्य-2
33.सोना, धतूरा-3
35.हृदयगति, स्पंदन-4
36.फिल्म 'मैंने प्यार किया' में सलमान की मां का किरदार निभानेवाली अभिनेत्री-2,2

**ऊपर से नीचे**
2.उद्देश्य, गंतव्य-2
3.राम-सीता के पुत्र-2,2
4.टालना-2,3
5.स्याही रखने का पात्र-3
6.क्षार-2
7.सुंदरी (उर्दू-4)
10.जबरदस्ती-4
13.होशियार-3
16.पुत्र, बेटा-3
17.रस्सी के फंदे पर लटकाना-2
18.जान, जीवन-2
20.जहर, विष-3
21.अदालत में प्रस्तुत वाद-2
22.छोटा रास्ता, कूचा-2
23.अपवित्रता (उर्दू-3)
24.पक्षियों का शोर-4
25.मानसिक सोच-5
26.गुनाह, जुर्म-4
28.रखवाली करना-4
29.मुर्गा-3
32.मूल, पेड़ का वह हिस्सा जो जमीन में रहता है-2
34.आमिर खान, ट्विंकल खन्ना की फिल्म-2

**शब्द पहेली- 6114 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | त | था | क | थि | त | | क | या | म | त |
| ना | प | | ह | | र | का | बी | | त | र |
| मु | | त | वा | य | फ | | ला | वा | | खा |
| ना | पा | क | | | दा | नी | | दा | म | न |
| सि | | दी | | प | र | | सा | | हि | |
| ब | ह | र | हा | ल | | नि | रा | ला | प | न |
| | र | | नि | | आ | शा | | ज | | ज |
| अ | म | र | | अ | तं | | | वा | न | र |
| मा | | मा | न | | क | र | त | ब | | बं |
| न | या | | ज | ल | वा | | ना | | क | द |
| त | क | दी | र | | द | शा | व | ता | र | |



# वनडे की हार का बदला लेने उतरेगा भारत, सूर्यकुमार के प्रदर्शन पर फोकस

## नागपुर में आज शाम 7 बजे से भारत और न्यूजीलैंड के बीच भिड़ंत

एजेंसी ▶▶| नागपुर

पिछले कुछ समय से रन बनाने के लिए जूझ रहे कप्तान सूर्यकुमार यादव न्यूजीलैंड के खिलाफ बुधवार 21 जनवरी से शुरू होने वाली पांच मैचों की टी20 श्रृंखला से फॉर्म में वापसी करने के लिए बेताब होंगे, जिसमें भारत की नजर वनडे श्रृंखला में मिली हार का बदला चुकता करके अगले महीने घरेलू धरती पर होने वाले टी20 विश्व कप के लिए अपनी तैयारियों को पुख्ता अंजाम देने पर होगी।

सूर्यकुमार ने 2024 में टी20 टीम की कप्तानी संभाली थी, जिसके बाद भारत का प्रदर्शन अच्छा रहा है और उसकी जीत का प्रतिशत 72 प्रतिशत से अधिक रहा है। इससे कप्तान के बल्लेबाजी में निराशाजनक प्रदर्शन पर ज्यादा गौर नहीं किया गया लेकिन अब ऐसा नहीं है। पिछले दो वर्षों में भारतीय टी20 टीम स्वचालित मोड पर रही है, जिसमें उसे इक्का-दुक्का हार का ही सामना करना पड़ा।

### भारत ने जीते 25 में से 18 मैच

लेकिन जब टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की बात आती है तो सूर्यकुमार की कप्तानी में भारत एक अलग ही टीम साबित हुई है, जिसने पिछले 25 में से 18 मैच जीते हैं। इसका श्रेय काफी हद तक अभिषेक शर्मा की तूफानी शुरुआत और वरुण चक्रवर्ती की बीच के ओवरों में शानदार गेंदबाजी को जाता है। न्यूजीलैंड ने 2024 टी20 विश्व कप के बाद खेले गए 21 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में से 13 में जीत हासिल की है। आक्रामक सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे, कप्तान मिचेल सैंटनर, तेज गेंदबाज जैकब डफी, बेहतरीन फॉर्म में चल रहे डैरिल मिचेल और ग्लेन फिलिप्स की मौजूदगी में न्यूजीलैंड मजबूत प्रतिद्वंद्वी टीम साबित हो सकती है।



### सूर्यकुमार ने 19 मैचों में बनाए केवल 218 रन

इस पृष्ठभूमि में केवल सूर्यकुमार ही ऐसे हैं, जिनकी खराब फॉर्म मजबूत टीम की कमजोर कड़ी साबित हुआ है। उन्होंने पिछले 19 मैचों में एक भी अर्धशतक लगाए बिना केवल 218 रन बनाए और उनका स्ट्राइक रेट 123 से अधिक रहा है। तिलक वर्मा को खेलने का अधिक समय देने के लिए उन्होंने बल्लेबाजी क्रम में खुद को तीसरे नंबर के बजाय चौथे नंबर पर खिसका दिया। सूर्यकुमार अच्छी तरह से जानते हैं कि उनके खराब प्रदर्शन का ड्रेसिंग रूम में असर पड़ सकता है और उन्हें अब हर हाल में अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

### तिलक की जगह श्रेयस को मौका

किसी भी अन्य टीम में श्रेयस अय्यर जैसे काबिल खिलाड़ी को टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम में स्वतः ही जगह मिल जाती, क्योंकि उन्होंने तीन अलग-अलग फ्रेंचाइजी को आईपीएल फाइनल तक पहुंचाया है और एक बार जीत हासिल की है। भारतीय टीम में स्पिनरों के खिलाफ खेलने वाले सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक अय्यर को तिलक वर्मा के चोटिल होने के कारण टीम में जगह मिली है।

### टी20 श्रृंखला में पंड्या-बुमराह की वापसी

टी20 श्रृंखला में ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की भी वापसी होगी, जिन्हें वनडे श्रृंखला में विश्राम दिया गया था। पंड्या अपने कौशल से टी20 टीम में संतुलन लाते हैं और उनकी मौजूदगी का मतलब है कि टीम प्रबंधन एक अतिरिक्त विशेषज्ञ खिलाड़ी को खिलाने का जोखिम उठा सकता है। वरुण चक्रवर्ती टीम के तुरुप का इक्का होंगे, जिनके खिलाफ न्यूजीलैंड ने ज्यादा मैच नहीं खेले हैं।

### टीमें इस प्रकार

**भारत:** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), इशान किशन, श्रेयस अय्यर, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती, रिंकू सिंह, अर्शदीप सिंह, रवि बिश्नोई, हर्षित राणा।

**न्यूजीलैंड:** मिचेल सैंटनर (कप्तान), डेवोन कॉनवे, बेवन जैकब्स, डैरिल मिचेल, ग्लेन फिलिप्स, टिम रॉबिन्सन, जिमी नीशम, ईश सोढ़ी, जैक फाउल्स, मार्क चैपमैन, माइकल ब्रैसवेल, रचिन रविंद्र, काइल जैमीसन, मैट हेनरी, जैकब डफी, क्रिस्टियन क्लार्क।

## खबर संक्षेप



### तीसरी बार नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में भाग लेंगे प्रज्ञानानंदा

**स्टावेंजर।** भारतीय स्टार आर प्रज्ञानानंदा ने पुष्टि की कि वह तीसरी बार नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में भाग लेंगे। नयी पीढ़ी के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों में शामिल प्रज्ञानानंदा ने 2026 कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए भी क्वालीफाई कर लिया है । उन्होंने कहा,' नॉर्वे शतरंज में वापसी को बेकरार हूं। मुझे 2024 में वहां खेलने में काफी मजा आया। बेहद रोमांचक प्रारुप।' नॉर्वे शतरंज के सीओओ बेनेडिक्टे रेस्ट्रे एस ने कहा,' प्रज्ञानानंदा ने 2024 में यहां शानदार प्रदर्शन किया। उनका फिर स्वागत करना बेहतरीन होगा।' प्रज्ञानानंदा ने सबसे पहले 2022 में नॉर्वे शतरंज में भाग लेकर टूर्नामेंट जीता था। इसके बाद 2024 में मैग्नस कार्लसन को क्लासिकल प्रारुप में पहली बार हराया। इसी साल वह शतरंज ओलंपियाड में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थे।

### बीसीसीआई ने किया आईपीएल के लिए जेमिनी से करार

**नई दिल्ली।** बीसीसीआई ने इंडियन प्रीमियर लीग 2026 से पहले गूगल के एआई प्लेटफॉर्म जेमिनी के साथ 270 करोड़ रुपए का प्रायोजन करार किया है। जेमिनी की प्रतिद्वंद्वी कंपनी चैट जीपीटी महिला प्रीमियर लीग के प्रायोजकों में से एक है।




बीसीसीआई के अधिकारी ने बताया,'यह करार तीन साल के लिए है और आईपीएल की वैश्विक अपील की बानगी देता है।' बीसीसीआई को पिछले साल जर्सी के लिए नया प्रायोजक तलाशना पड़ा जब भारत सरकार ने ड्रीम 11 जैसे वास्तविक धन गेमिंग प्लेटफॉर्म पर प्रतिबंध लगा दिया। बाद में अपोलो टायर 579 करोड़ रुपए के करार के बाद जर्सी का नया प्रायोजक बना।

### यूपी डोमिनेटर्स ने दिल्ली दंगल वॉरियर्स को हराया



**नोएडा।** यूपी डोमिनेटर्स ने प्रो रेसलिंग लीग (पीडब्ल्यूएल) के एक मुकाबले में शानदार वापसी का बेहतरीन नजारा पेश करते हुए दिल्ली दंगल वॉरियर्स को 5-4 से हरा दिया। पुरुषों के 86 किलोग्राम वर्ग में दिल्ली दंगल वॉरियर्स के वफाइपुर हादी बख्तियार ने मिखाइलोव वासिल को 7-4 से हराया। इसके बाद महिलाओं के 76 किलोग्राम वर्ग में दिल्ली की अनास्तासिया अल्पीवा ने ओजो डामोला हन्ना पर 11-2 से जीत हासिल की। पुरुष वर्ग के 74 किलोग्राम वर्ग के मुकाबले में भी दिल्ली का पलड़ा भारी रहा। अजरबैजान के तुरान बायरामोव ने अभिमन्यु मांडवाल को 3-0 से हराकर दिल्ली को 3-0 की बढ़त दिला दी। यूपी को आखिरकार तपस्या गहलावत ने महिलाओं के 57 किलोग्राम वर्ग में कार्ला गोंजालेज पर 8-2 से हराकर वापसी दिलाई।

## ऑस्ट्रेलियन ओपन: सिनर ने एरिना को हराया, खिताबी हैट्रिक के लिए अभियान की शुरुआत

# सिनर और कीज ने दिखाई चैंपियन वाली झलक, दूसरे राउंड में शानदार एंट्री

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

मौजूदा चैंपियन यानिक सिनर और मैडिसन कीज ने अपने खिताब बचाने के अभियान की सकारात्मक शुरुआत करते हुए मंगलवार को ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई। सिनर ने रॉड लेवर एरिना पर सिर्फ तीन गेम गंवाए और एक घंटे से थोड़ा अधिक समय बिताकर खिताबी हैट्रिक पूरा करने के अपने अभियान की शुरुआत की। विश्व में दूसरे नंबर के खिलाड़ी सिनर जब 6-2, 6-1 से आगे चल रहे थे, तभी ह्यूगो गैस्टन ने अचानक एक अज्ञात चोट के कारण मैच से हटने का फैसला किया। सिनर ने कहा, 'मैंने देखा कि वह दूसरे सेट में बहुत तेज गति से सर्व नहीं कर रहा था लेकिन मैं इस तरह से मैच नहीं जीतना चाहता था।' सिनर वर्ष के पहले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में लगातार तीन बार चैंपियन बनने वाले चौथे खिलाड़ी बनने की राह पर हैं।



### कीज ने ओलेक्सांद्रा को हराया

नौवीं वरीयता प्राप्त कीज ने पहले दौर में ओलेक्सांद्रा ओलिन्यकोवा को 7-6 (6), 6-1 से हराया। अपने 50वें ग्रैंड स्लैम मैच में खेल रही कीज ने पहले सेट में 4-0 से पिछड़ने के बावजूद वापसी करके यूक्रेन की खिलाड़ी के खिलाफ मुकाबला टाईब्रेकर तक पहुंचाया। पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के मुख्य ड्रॉ में खेल रही ओलिन्यकोवा ने टाईब्रेकर में भी 4-0 की बढ़त हासिल कर ली थी, लेकिन वह दो सेट प्वाइंट के मौकों को भुनाने में असफल रही। कीज ने कहा, 'मैच की शुरुआत में थोड़ी नर्वस हो गई थी। मैं जितनी नर्वस थी उसे देखते हुए वापसी करना और जीत हासिल करना शानदार रहा।' कीज ने ओलिन्यकोवा की प्रशंसा की जिन्होंने मैच के बाद ऑटोग्राफ दिए और कोर्ट पर यूक्रेन का ध्वज लहराया।



### दो वरीयता प्राप्त खिलाड़ी हारी

इस बीच महिला वर्ग में सुबह के सत्र में दो वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों को हार का सामना करना पड़ा। इंडोनेशिया की जेनिस टजेन ने कनाडा की 22वीं वरीयता प्राप्त लेयला फर्नांडीज को 6-2, 7-6 (1) से और चेक गणराज्य की टेरेजा वैलेंटोवा ने ऑस्ट्रेलिया की 30वीं वरीयता प्राप्त माया जॉइंट को 6-4, 6-4 से हराया। पूर्व अमेरकी ओपन चैंपियन स्लोएन स्टीफंस भी पहले दौर में कैरोलिना प्लिस्कोवा से 7-6 (7), 6-2 से हार गई। वर्ष 2017 में अमेरिकी ओपन जीतने वाली स्टीफंस ने इस साल क्वालीफायर के जरिए मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई थी।

### शेल्टन ने किया दूसरे दौर में प्रवेश

बाएं हाथ से खेलने वाले खिलाड़ियों के बीच हुए मुकाबले में अमेरिकी खिलाड़ी बेन शेल्टन ने फ्रांस के यूगो हंबर्ट को 6-3, 7-6 (2), 7-6 (5) से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। पुरुष वर्ग में आठवीं वरीयता प्राप्त शेल्टन पिछले साल में टूर्नामेंट के सेमीफाइनल तक पहुंचे थे। पांचवीं वरीयता प्राप्त लोरेंजो मुसेट्टी बेल्जियम के राफेल कोलिग्नन के चौथे सेट में रिटायर होने के बाद दूसरे दौर में पहुंच



गए। बेल्जियम के खिलाड़ी ने कथित तौर पर ऐंठन और चक्कर आने के कारण मैच बीच में ही छोड़ दिया। उस समय मुसेट्टी 4-6, 7-6 (3), 7-5, 3-2 से आगे चल रहे थे। आगे बढ़ने वाले अन्य खिलाड़ियों में एलियट स्पिजिरी भी शामिल हैं, जिन्होंने 19 वर्षीय ब्राजीलियाई खिलाड़ी जोआओ फोन्सेका को 6-4, 2-6, 6-1, 6-2 से हराया। करेन खाचानोव और सेबेस्टियन बाएज भी दूसरे दौर में पहुंच गए हैं।

## अच्छी चुनौती के बाद हारी पूनाचा-इसारो की जोड़ी, टूर्नामेंट से बाहर




एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

भारत के निकी पूनाचा और थाईलैंड के उनके जोड़ीदार प्रुच्य इसारो ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल के पहले दौर में बाहर हो गए। पूनाचा और इसारो की वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाली जोड़ी ने पेड्रो मार्टिनेज और जौमे मुनार की स्पेनिश जोड़ी के सामने अच्छी चुनौती पेश की लेकिन आखिर में उन्हें एक घंटे और 51 मिनट में 6-7(3) 5-7 से हार का सामना करना पड़ा। दोनों जोड़ियों के बीच ज्यादा अंतर नहीं था, लेकिन पूनाचा और इसारो तीन में से केवल एक ब्रेक प्वाइंट के मौके को ही भुना पाए और मैच में दो बार अपनी सर्विस गंवा बैठे। युगल स्पर्धा में भारत की उम्मीदें अभी भी बरकरार हैं। युकी भांबरी स्वीडन के अपने साथी आंद्रे गोरान्सन के साथ चुनौती पेश करेंगे। उन्हें 10वीं वरीयता दी गई है और उनका पहला मुकाबला वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाले स्थानीय खिलाड़ियों जेम्स डकवर्थ और क्रूज़ हेविट (पूर्व विश्व नंबर एक लेटन हेविट के बेटे) से होगा। सुमित नागल की रैंकिंग में 2025 के सत्र में काफी गिरावट के कारण पुरुष एकल के मुख्य ड्रॉ में भारत का कोई भी खिलाड़ी नहीं है।

## डब्ल्यूपीएल में वैष्णवी की सरप्राइज एंट्री, डेब्यू मैच में मचाई थी सनसनी

### चोटिल कमलिनी की जगह मुंबई की टीम में मिला मौका



एजेंसी ▶▶| वडोदरा

भारतीय स्पिनर वैष्णवी शर्मा को महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के शेष मैचों के लिए चोटिल विकेटकीपर बल्लेबाज जी कमलिनी की जगह मुंबई इंडियंस की टीम में शामिल किया गया। सत्रह वर्षीय कमलिनी ने डब्ल्यूपीएल के इस सत्र में पांच मैचों में से चार में पारी की शुरुआत की, जिसमें उन्होंने 97.40 के स्ट्राइक रेट से केवल 75 रन बनाए। डब्ल्यूपीएल ने कहा, 'वैष्णवी शर्मा 30 लाख रुपए में मुंबई इंडियंस में शामिल होंगी।' वैष्णवी 2025 में भारत की अंडर-19 विश्व कप विजेता टीम की सदस्य थीं। उन्होंने पिछले महीने श्रीलंका के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला से टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया, जिसे भारत ने 5-0 से जीता था। इस 20 वर्षीय खिलाड़ी ने अपनी बाएं हाथ की स्पिन गेंदबाजी से अच्छा प्रभाव डाला और पांच विकेट लिए।

### ब्रैसवेल की चोट बढ़ाएगी कीवी टीम की टेंशन

**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड के कोच रॉब वाल्टर ने कहा कि ऑलराउंडर माइकल ब्रैसवेल का भारत के खिलाफ पांच मैचों की टी20 श्रृंखला में खेलना इस बात पर निर्भर करेगा कि वह इंदौर में खेले गए तीसरे वनडे के दौरान बाएं पैर की पिंडली में लगी मामूली चोट से उबर पाते हैं या नहीं। न्यूजीलैंड ने होल्कर स्टेडियम में भारत को 41 रन से हराकर वनडे श्रृंखला 2-1 से जीती थी लेकिन फील्डिंग के दौरान पिंडली में हल्की चोट लगने के कारण ब्रैसवेल गेंदबाजी नहीं कर पाए थे।

### टी-20 श्रृंखला के लिये दक्षिण अफ्रीका जायेगी भारतीय महिला टीम

**जोहानिसबर्ग।** क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने मंगलवार को घोषणा की कि भारतीय महिला टीम पांच मैचों की अंतरराष्ट्रीय टी-20 श्रृंखला खेलने अप्रैल में यहां आयेगी। ये मैच 17 से 27 अप्रैल के बीच डरबन, जोहानिसबर्ग और बेनोनी में खेले जायेंगे। पहला और दूसरा मैच डरबन में 17 और 19 अप्रैल को होगा। इसके बाद तीसरा और चौथा मैच जोहानिसबर्ग में 22 और 25 अप्रैल को और आखिरी मैच बेनोनी में 27 अप्रैल को खेला जायेगा। इंग्लैंड में 12 जून से होने वाले आईसीसी महिला टी20 विश्व से पहले दक्षिण अफ्रीका टीम की यह आखिरी श्रृंखला होगी।


## सानिया ने किया महिला खिलाड़ियों के लिए 'द नेक्स्ट सेट' लॉन्च

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

छह बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन सानिया मिर्जा ने 'द नेक्स्ट सेट' नामक एक पहल की घोषणा की, जिसका उद्देश्य टेनिस सहित भारत की अग्रणी और उभरती महिला खिलाड़ियों को सलाह और समर्थन देना है। सानिया ने खेल जगत को वापस कुछ देने के उद्देश्य से यह पहल शुरू की है, जिसमें शीर्ष स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाली खिलाड़ियों को सहायता प्रदान करना है। इस कार्यक्रम के तहत मुख्य रूप से एक समर्पित सहायता प्रणाली तक सहजता से पहुंच बनाना होगा, जिसमें कोच, फिजियोथेरेपिस्ट आदि शामिल होंगे, जो पूरे सत्र में खिलाड़ियों के साथ टूर्नामेंट में यात्रा कर सकते हैं ताकि पूरे सत्र में निरंतर तैयारी और समन्वय सुनिश्चित किया जा सके। इसके अतिरिक्त इस कार्यक्रम के तहत सानिया की अकादमी में उनके नेतृत्व में विशेष टेनिस शिविर और कोचिंग कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों में प्रदर्शन के तकनीकी, रणनीतिक, शारीरिक और मानसिक पहलुओं पर ध्यान दिया जाएगा। सानिया ने कहा, 'द नेक्स्ट सेट' मेरे लिए बेहद व्यक्तिगत है।



## डब्ल्यूपीएल: जेमिमा के नाबाद अर्धशतक से दिल्ली कैपिटल्स ने मुंबई इंडियंस को 7 विकेट से हराया



**वडोदरा।** जेमिमा रौड्रिग्स ने मोर्चे से अगुवाई करते हुए नाबाद अर्धशतक लगाकर दिल्ली कैपिटल्स को महिला प्रीमियर लीग में मुंबई इंडियंस के खिलाफ मंगलवार को महत्वपूर्ण जीत दिलाई। धीमी पिच पर पहले बल्लेबाजी के लिये भेजी गई मुंबई इंडियंस ने नेट स्किवेर ब्रंट के 45 गेंद में नाबाद 66 रन की सहायता से पांच विकेट पर 154 रन बनाये। दिल्ली को लिजेले ली (28 गेंद में 46 रन) और शेफाली वर्मा (24 गेंद में 29 रन) ने अच्छी शुरूआत दी लेकिन बीच के ओवरों में टीम ने विकेट गंवा दिये। इसके बाद जेमिमा ने 37 गेंद में 51 रन की अविजित पारी खेलकर दिल्ली को जीत तक पहुंचाया। अनुभवी मरिजाने काप छह गेंद में 10 रन बनाकर नाबाद रही और छक्के के साथ विजयी रन पूरे किये। दिल्ली कैपिटल्स की यह पांच मैचों में दूसरी जीत है जबकि मुंबई की छह मैचों में चौथी हार है। मुंबई इंडियंस की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने हार के बाद स्वीकार किया कि टीम को पावरप्ले में गेंदबाजी और बल्लेबाजी में सुधार करना होगा। दिल्ली ने पावरप्ले में शेफाली वर्मा का विकेट गंवाया जो बायें हाथ की स्पिनर वैष्णवी शर्मा का शिकार हुई। वहीं अमनजोत कौर ने 11वें ओवर में लिजेले ली का विकेट लिया। इससे पहले हीली मैथ्यूज के चोट से उबरने के बाद वापसी करने के बावजूद मुंबई इंडियंस पावरप्ले में अपने प्रदर्शन में सुधार नहीं कर सकी।

## जोबर्ग सुपर किंग्स की पार्ल रॉयल्स पर आसान जीत, प्लेऑफ में एंट्री




**पार्ल।** ल्यूस डु प्लोय के तूफानी अर्धशतक और प्रेनेलन सुब्रायन के तीन विकेट की बदौलत जोबर्ग सुपर किंग्स ने पार्ल रॉयल्स पर 44 रन की आसान जीत के साथ एसए20 क्रिकेट टूर्नामेंट के प्लेऑफ में जगह बना ली। डु प्लोय ने 27 गेंदों में 54 रन बनाए, जिसमें पांच चौके और तीन छक्के शामिल हैं। उनकी इस शानदार पारी से सुपर किंग्स ने पांच विकेट पर 166 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया। इसके जवाब में रॉयल्स की टीम दबाव में बिखर गई तथा लहुआंड्रे प्रिटोरियस के 25 गेंदों में 32 रन और डैन लॉरेंस के 45 रन के बावजूद 18.1 ओवरों में मात्र 122 रन पर ऑल आउट हो गई। सुपर किंग्स की तरफ से दक्षिण अफ्रीकी स्पिनर सुब्रायन ने 14 रन देकर तीन विकेट लिए जबकि नंद्रे बर्गर (29 रन देकर दो) और इमरान ताहिर (17 रन देकर दो) ने उनका अच्छा साथ दिया। सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने ग्रुप चरण के बाद 28 अंकों के साथ अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया और उसकी टीम बुधवार को पहले क्वालीफायर में दूसरे स्थान पर काबिज प्रिटोरिया कैपिटल्स (24 अंक) से भिड़ेगी। तीसरे स्थान पर रहने वाली रॉयल्स की टीम गुरुवार को सेंचुरियन में होने वाले एलिमिनेटर में फिर से सुपर किंग्स से भिड़ेगी।




## ट्रंप ने नाटो चीफ को किया फोन

# सोशल मीडिया पर कनाडा, ग्रीनलैंड और वेनेजुएला को अमेरिका का हिस्सा बताया

*ट्रंप ने रूट को साफ तौर पर बताया कि ग्रीनलैंड अमेरिका की राष्ट्रीय और वैश्विक सुरक्षा के लिए बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि दुनिया में शांति ताकत के जरिए ही कायम की जा सकती है और अमेरिका दुनिया का सबसे ताकतवर देश है*

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को नाटो चीफ मार्क रूट से फोन पर बात की। बातचीत में ग्रीनलैंड के मुद्दे पर स्विट्जरलैंड के दावोस बैठक बुलाने का फैसला लिया गया। हालांकि उन्होंने बैठक की तारीख नहीं बताई। ट्रंप ने रूट को साफ तौर पर बताया कि ग्रीनलैंड अमेरिका की राष्ट्रीय और वैश्विक सुरक्षा के लिए बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि दुनिया में शांति ताकत के जरिए ही कायम की जा सकती है और अमेरिका दुनिया का सबसे ताकतवर देश है। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया 'ट्रुथ सोशल' पर एक मैप भी शेयर किया, जिसमें कनाडा, ग्रीनलैंड और वेनेजुएला को अमेरिका का हिस्सा दिखाया गया।

ट्रंप ग्रीनलैंड का फ्यूचर स्विट्जरलैंड में तय करेंगे

नाटो चीफ रूट ने भी ग्रीनलैंड पर ट्रंप का किया समर्थन


ट्रंप ने सोशल मीडिया पर ग्रीनलैंड और वेनेजुएला को अमेरिका का हिस्सा दिखाया

### ट्रंप इंटरनेशनल गैंगस्टर ब्रिटिश संसद डेवी ने कहा



ब्रिटेन के लिबरल डेमोक्रेट नेता एड डेवी ने ब्रिटिश संसद में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की कड़ी आलोचना की। उन्होंने ट्रंप को 'इंटरनेशनल गैंगस्टर' तक बता दिया। डेवी ने कहा कि ट्रंप एक 'इंटरनेशनल गैंगस्टर' और 'धौंस जमाने वाले नेता' की तरह व्यवहार कर रहे हैं।

### नाटो चीफ का मैसेज सार्वजनिक किया

*ट्रंप ने नाटो चीफ मार्क रूट का एक पर्सनल मैसेज सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है। इस मैसेज में ने ट्रंप से कहा कि मिस्टर प्रेसिडेंट, आज आपने सीरिया में जो हासिल किया है, वह अविश्वसनीय है। मैं दावोस में अपने मीडिया इंटरव्यू में सीरिया, गाजा और यूक्रेन में आपके काम को सामने रखूंगा।*



ट्रंप ने ग्रीनलैंड को अमेरिका का हिस्सा बताते हुए एक तस्वीर भी पोस्ट की

### धमकियों का सख्ती से करें सामना: न्यूजॉम



*टैरिफ धमकियों के खिलाफ कैलिफोर्निया के गवर्नर गैविन न्यूजॉम ने यूरोपीय देशों से कहा है कि उन्हें ट्रंप की टैरिफ धमकियों के सामने कमजोर नहीं दिखना चाहिए। उन्होंने विशेष रूप से ग्रीनलैंड विवाद में ट्रंप के रुख के खिलाफ यूरोप को मजबूत प्रतिक्रिया देने को कहा है।*

### ग्रीनलैंड में मिलिट्री एयरक्राफ्ट भेजा

अमेरिका ने नॉर्थ अमेरिकन एयरोस्पेस डिफेंस कमांड (नोराड) का एक सैन्य विमान ग्रीनलैंड भेजा है। यह विमान जल्द ही पिटुफिक स्पेस बेस पहुंचेगा। नोराड ने एक्स पर कहा कि यह तैनाती पहले से तय सैन्य गतिविधियों के तहत की जा रही है। इस पूरी प्रक्रिया की जानकारी डेनमार्क और ग्रीनलैंड को दी गई है। वहीं, डेनमार्क ने भी ग्रीनलैंड में अतिरिक्त सैनिक तैनात किए हैं। सोमवार को कई विमान डेनमार्क के सैनिकों और सैन्य उपकरणों को लेकर ग्रीनलैंड पहुंचे।

### फ्रांस के राष्ट्रपति के निजी मैसेज लीक

ट्रंप ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमानुएल मैक्रों के साथ हुई बातचीत को शेयर किया है। मैक्रों ने सीरिया और ईरान के मसलों पर ट्रंप से सहमति जताई, लेकिन उन्होंने ट्रंप के ग्रीनलैंड वाले फैसले पर खुलकर सवाल उठाए। साथ ही मैंकों ने 'बोर्ड ऑफ पीस' में शामिल होने से इंकार कर दिया। इससे नाराज होकर ट्रंप ने सार्वजनिक तौर पर कहा कि मैं फ्रांस की वाइन और शैम्पेन पर 200 प्रतिशत टैक्स (टैरिफ) लगा दूंगा। फिर मैक्रों शामिल हो जाएगा।

## खबर संक्षेप



### मिशिगन में 100 वाहनों की भीषण दुर्घटना

**मिशिगन।** ग्रेट लेक्स से आई बर्फ के कारण सोमवार को मिशिगन में 100 से अधिक वाहन आपस में टकरा गए। सोमवार को हुए इस भीषण हादसे के चलते मिशिगन स्टेट पुलिस ने ग्रैंड रैपिड्स के दक्षिण-पश्चिम में हडसनविले के पास इंटरस्टेट 196 के दोनों तरफ के रास्ते बंद कर दिए, जबकि अधिकारी 30 से अधिक सेमीट्रेलर ट्रकों सहित सभी वाहनों को हटाने के लिए काम कर रहे थे। राज्य पुलिस ने बताया कि कई लोग घायल हुए हैं, लेकिन किसी की मौत की खबर नहीं है। यह दुर्घटना देश भर में चल रहे भीषण शीतकालीन तूफान का एक और प्रभाव है।

### बुल्गारिया के राष्ट्रपति रादेव का इस्तीफा

**सोफिया।** बुल्गारिया के वामपंथी राष्ट्रपति रूमेन रादेव ने सोमवार को अपने पद से हटने की घोषणा की। मंगलवार को उन्होंने संवैधानिक न्यायालय में औपचारिक रूप से अपना इस्तीफा सौंपे दिया। वर्तमान उपराष्ट्रपति इलियाना योतोवा कार्यवाहक राष्ट्रपति की भूमिका निभाएंगी। जबकि नवंबर में राष्ट्रपति चुनाव कराए जाने की संभावना है। रादेव का कार्यकाल औपचारिक रूप से जनवरी 2027 तक था। उम्मीद है कि रादेव एक नई राजनीतिक पार्टी का गठन करेंगे। रादेव वर्ष 2016 में पहली बार और 2021 में दूसरी बार राष्ट्रपति चुने गए थे।



## दावोस में आयोजित वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी बोले

# भारत के स्वच्छ और हरित ऊर्जा क्षेत्र में करें निवेश, विश्व के लिए 'समाधान' करें तैयार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी ने स्विट्जरलैंड के दावोस में आयोजित वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम (डब्ल्यूईएफ) के दौरान दुनिया भर के निवेशकों से भारत के स्वच्छ और हरित ऊर्जा क्षेत्र में निवेश करने की जोरदार अपील की है। भारत ने सोलर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, ग्रीन हाइड्रोजन और ऊर्जा भंडारण जैसे क्षेत्रों में तेजी से काम किया है और बड़े स्तर पर इन परियोजनाओं को सफलतापूर्वक लागू करने की क्षमता दिखाई है। दावोस में केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी ने कनाडा की कंपनी ला काइस के अध्यक्ष और सीईओ चार्ल्स एमोंड और सीओओ सारा बुशार्ड के साथ बैठक की, जिसमें भारत में लंबे समय के लिए जलवायु और स्वच्छ ऊर्जा से जुड़े निवेश को मजबूत करने पर विस्तार से चर्चा हुई।



### भारत-ओमान के बीच ऊर्जा सहयोग पर चर्चा

प्रल्हाद जोशी ने ओमान के डिप्टी पीएम के आर्थिक मामलों के कार्यालय के आर्थिक सलाहकार डॉ. सईद मोहम्मद अहमद अल सकरी के साथ भी बैठक की। इस बैठक में भारत और ओमान के बीच नवीकरणीय ऊर्जा सहयोग को और मजबूत करने पर चर्चा हुई। उन्होंने बताया कि भारत ने सूखे और रेगिस्तानी इलाकों में भी सोलर, पवन, ग्रीन हाइड्रोजन और ऊर्जा भंडारण परियोजनाओं को सफलतापूर्वक आगे बढ़ाया है।

### निर्यात ढांचे में निवेश को बढ़ावा

दावोस में हुई चर्चाओं में सोलर मॉड्यूल, इलेक्ट्रोलाइजर और ग्रीन हाइड्रोजन के निर्माण और निर्यात में संयुक्त सहयोग पर भी ध्यान दिय गया। इसके साथ ही नवीकरणीय ऊर्जा से चलने वाले हाइड्रोजन हब, एकीकृत ऊर्जा परियोजनाओं और बंदरगाह आधारित निर्यात ढांचे में निवेश को बढ़ावा देने की बात कही। गई।

### *ऊर्जा भंडारण के नए उपायों पर चर्चा*

*जोशी ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि बातचीत के दौरान सोलर, पवन और मिश्रित नवीकरणीय परियोजनाओं को बढ़ाने, बिजली ट्रांसमिशन व्यवस्था को मजबूत करने और ग्रीन हाइड्रोजन तथा ऊर्जा भंडारण के नए उपायों पर बात की गई। उन्होंने कहा कि 'पार्टनर विद इंडिया' पहल को और बड़े स्तर पर बढ़ाया जाए, ताकि 2030 तक जलवायु कार्यों के लिए तय 400 अरब डॉलर के निवेश का फायदा भारत को मिल सके।*

## चीनी रेस्टोरेंट पर आत्मघाती हमला

# आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट खोरासान ग्रुप ने ली 'जिम्मेदारी'


चीनी रेस्टोरेंट में धमाका

एजेंसी ▶▶ काबुल

अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में चीनी नागरिकों को निशाना बनाकर आत्मघाती हमला किया गया है। तालिबान प्रशासन के मुताबिक इस विस्फोट में कई लोग मारे गए मरने वालों में दो चीनी नागरिक भी शामिल हैं। इस धमाके की जिम्मेदारी आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट खोरासान ग्रुप ने ली है। आतंकवादी समूह ने एक बयान में कहा कि एक आत्मघाती हमलावर शहर के एक रेस्तरां में घुस गया, जहां चीनी नागरिक अक्सर आते-जाते थे।

वहां चल रही सभा के दौरान उसने विस्फोटक जैकेट में विस्फोट कर दिया। समूह ने दावा किया कि इस हमले में तालिबान गार्डों समेत 25 लोग मारे गए या घायल हुए। यह हमला अफगानिस्तान में चीनी हितों को निशाना बनाने की एक सोची-समझी साजिश का हिस्सा था।

सूत्रों का कहना है कि आईएसआईएस-के, तालिबान के नेतृत्व वाली सरकार और चीन के बीच बढ़ती नजदीकी को अपने लिए खतरा मानता है। आतंकी संगठन का मानना है कि चीन की बढ़ती भागीदारी उसके वैचारिक और रणनीतिक मकसदों के खिलाफ है। इसी वजह से आतंकी संगठन अफगानिस्तान में चीनी नागरिकों और संस्थानों को निशाना बना रहा है।

## 154 देशों का किया जाएगा आकलन

# 'रिस्पॉन्सिबल नेशंस इंडेक्स' लॉन्च, जिम्मेदारी नैतिक शासन, नागरिक भलाई से होगा मूल्यांकन

एजेंसी ▶▶ मुंबई

भारत में पहली बार एक ऐसा वैश्विक स्तर का इंडेक्स लॉन्च किया गया है, जो किसी देश की प्रगति को केवल जीडीपी या आर्थिक आंकड़ों के आधार पर नहीं, बल्कि उसकी जवाबदेही, नैतिक शासन, पर्यावरणीय जिम्मेदारी और नागरिकों की भलाई के आधार पर मापेगा। इसका नाम 'जिम्मेदार राष्ट्र सूचकांक (रिस्पॉन्सिबल नेशंस इंडेक्स-आरएनआई)' है, जिसे देश के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की उपस्थिति में लॉन्च किया गया। इस इंडेक्स के लिए आईआईएम मुंबई, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) और डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर (डीएआईसी) ने वर्ल्ड इंटेलेक्चुअल फाउंडेशन (डब्ल्यूआईएफ) के साथ मिलकर काम करने की घोषणा की है। इसका मकसद देशों की जिम्मेदारी, नैतिक शासन और लंबे समय की सोच को सामने लाना है। यह साझेदारी वैश्विक स्तर पर जिम्मेदार राष्ट्रों के मूल्यांकन की दिशा में एक अहम कदम मानी जा रही है।



लॉन्चिंग के दौरान पूर्व राष्ट्रपति कोविंद

### पारदर्शी ढंग से होगा आंकलन

रिस्पॉन्सिबल नेशंस इंडेक्स में दुनिया के 154 देशों का आकलन किया जाएगा। यह आकलन पारंपरिक आर्थिक आंकड़ों से अलग और ज्यादा पारदर्शी तरीके से किया जाएगा, जिससे बेहतर नीतियां बनाने, देशों के बीच सकारात्मक बातचीत और लोगों की जीवन गुणवत्ता सुधारने में मदद मिल सके। यह इंडेक्स यह समझने का जरिया है कि कोई देश अपने नागरिकों के साथ कैसा व्यवहार कर रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि नैतिकता का विचार भारतीय संस्कृति में पहले से ही गहराई से जुड़ा हुआ है।

### 6 महाद्वीपों के 83 देशों के साथ भारत आज करने जा रहा राउंडटेबल बैठक

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मत्स्य विभाग 21 जनवरी को देश के समुद्री निर्यात को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक राउंडटेबल बैठक का आयोजन करेगा। इस बैठक में 83 से अधिक देशों के राजदूत और उच्चायुक्त भाग लेंगे। बैठक की अध्यक्षता मत्स्य पालन, पशुपालन और दुग्ध उत्पादन मंत्री राजीव रंजन सिंह करेंगे। कार्यक्रम में राज्य मंत्री जॉर्ज कुरियन और एस.पी. सिंह बघेल भी मौजूद रहेंगे। भारत मछली और मत्स्य उत्पादों के निर्यात में दुनिया का छठा सबसे बड़ा देश है। वर्ष 2024-25 में समुद्री खाद्य पदार्थों का निर्यात 16.98 लाख मीट्रिक टन तक पहुंच गया। जिसका मूल्य 62,408 करोड़ रुपए (7.45 अरब डॉलर) रहा। यह भारत के कुल कृषि निर्यात में लगभग 18% का योगदान करता है।

## एस4 कैपिटल के ईसी और डब्ल्यूपीपी के फाउंडर मार्टिन सोरेल बोले

# 'इंडिया इज ऑन फायर', भारत की आर्थिक गति बरकरार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दुनिया के सबसे बड़े विज्ञापन और मार्केटिंग समूह डब्ल्यूपीपी के संस्थापक और एस4 कैपिटल के एग्जीक्यूटिव चेयरमैन दिग्गज ब्रिटिश व्यवसायी सर मार्टिन सोरेल का बड़ा बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि दावोस तेजी से अमेरिका की तरफ झुक रहा है, भारत एक ऐसे फोरम में सबसे बड़े रणनीतिक विजेता के तौर पर उभर रहा है, जिसे अब अमेरिकी दखल ने आकार दिया है। उन्होंने कहा कि ग्लोबल कंपनियां भारत की तरफ अपना रुख कर रही हैं। टैरिफ के साये के बावजूद, सोरेल ने कहा कि भारत की आर्थिक गति बरकरार है।


सर मार्टिन सोरेल

## पीएम मोदी ने 'ब्रांड इंडिया' की अच्छी इमेज बनाई, ग्लोबल कंपनियों के लिए भारत अच्छा ऑप्शन

### *भारत इस साल और अगले साल भी तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था*

*सर मार्टिन सोरेल ने वर्ल्ड बैंक के अनुमानों का हवाला दिया, जिसमें भारत को न सिर्फ पिछले साल, बल्कि इस साल और अगले साल भी सबसे तेजी से बढ़ती हुई बड़ी अर्थव्यवस्था करार दिया गया है। उन्होंने कहा कि सात, छह और शायद उन्हें यह संख्या और बढ़ानी पड़े। भारत आग लगा रहा है। सोरेल ने कहा कि ग्लोबल कैपिटल के लिए एशिया में भारत चीन का सबसे भरोसेमंद आप्शन बन गया है। उन्होंने कहा कि अगर आपका चीन में बड़ा निवेश है और आप चीन पर ज्यादा निर्भर होने को लेकर चिंतित हैं, तो भारत अगला सबसे अच्छा आप्शन है, भले ही टैरिफ का दबाव और भू-राजनीतिक मजबूरियां बढ़ रही हों।*

### दावोस में भारत का आत्मविश्वास दिख रहा, उसकी मौजूदगी बढ़ रही

सोरेल ने कहा कि दावोस में भी भारत का बढ़ता आत्मविश्वास दिख रहा है। भारतीय एंटरप्रेन्योर इस फोरम में अपनी मौजूदगी बढ़ा रहे हैं। दावोस में उनकी मौजूदगी हमेशा से बड़ी रही है, लेकिन अब यह और भी बड़ी हो गई है। सोरेल ने भारत की ग्लोबल इमेज को बेहतर बनाने का श्रेय पीएम नरेंद्र मोदी को दिया है। उन्होंने कहा कि भारत बहुत मजबूत स्थिति में है। पीएम मोदी ने ब्रांड इंडिया के लिए बहुत अच्छा काम किया है, खासकर देश को प्रतिस्पर्धी पावर सेंटर्स के बीच संतुलन बनाने के लिए तैयार किया है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109